स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

शनिवार, 16 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 260 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

अब भारत में रामराज्य होगा स्थापित-पेज-12

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

संक्षिप्त आवाज़



फिर गिरा शेयर बाजार

मुंबई। रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, ऑटो और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार फिर गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 453.85 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 72,643.43 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.30 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूटकर 22,023.35 अंक पर बंद हुआ।

यूपीएसआरटीसी को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में रोड सेफ्टी के साथ ही परिवहन में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का राष्ट्रीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग (यूपीएसआरटीसी) को नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) ने तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंसी अवार्ड कहा जाता है। यह अवार्ड निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले संस्थानों को अलग अलग कैटेगरी में दिया जाता है।

नहीं होने देंगे राजनीति का अपराधीकरण

- बलरामपुर में सीएम ने राज्य विश्वविद्यालय की रखी आधारशिला, भूमि पूजन कर किया शिलान्यास
- गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

बलरामपुर/गोरखपुर (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वह सत्ता में इस संकल्प के साथ आये हैं कि राजनीति का अपराधीकरण किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।कोइलरा स्थित मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कार्य किया था।

हम सब इसी संकल्प के साथ सत्ता में आए हैं कि राजनीति का अपराधीकरण हर्गिज नहीं होने देंगे, जो भी हमारे नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसको उसकी कीमत चुकानी पड़गी। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर की 1488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं और श्रावस्ती की 260.37 रुपये करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। वहीं गोरखपुर में 1878 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। सुरक्षित और समृद्ध हुआ भारत, दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। दस वर्ष में यह विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब देश में हर व्यक्ति की आय कई गुना बढ़ जाएगी। तब जन कल्याण की हर योजना संतृप्तिकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी लाने का प्रयास हो रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां मां पाटेश्वरी की कृपा पूरे क्षेत्र में बरसती है। भारत और नेपाल के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने आते हैं। श्रावस्ती को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने अपनी राजधानी बनाया था। यही नहीं श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने चातुर्मास व्यतीत किया था। दसवीं ग्यारहवीं सदी में अपने शौर्य और पराक्रम से भारत की स्वाधीनता और स्वाभिमान को बनाए रखने वाले महाराज सुहेलदेव यहीं के राजा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि जिस श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम के विराजमान होने के गौरवमयी क्षण के हम हाल ही में साक्षी बने हैं, उसके लिए 1949 से रामजन्म भूमि आंदोलन की शुरुआत इसी बलरामपुर की धरती से हुई थी। यहां लिया गया हर संकल्प अवश्य पूरा होता है। यहां राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख ने अपनी साधना से एक पहचान पाई थी। इसी धरती से अटल जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। ये धरती पहले से ही प्रकृति और परमात्मा की कृपा की धरती रही है, लेकिन चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने इस धरती के सौंदर्य को कुंद करने का कार्य किया था। राजनीति का अपराधीकरण इस पूरी व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि देवी पाटन मंडल में कभी मेडिकल कॉलेज होंगे, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने बताया कि आज यहां 350 बेड वाले अस्पताल का उद्घाटन किया गया है। अगले वर्ष तक बलरामपुर जिले को मेडिकल कॉलेज भी हम देने जा रहे हैं। श्रावस्ती को एयरपोर्ट मिल चुका है। बलरामपुर में विश्वविद्यालय कभी कल्पना थी, अब वो भी साकार हो रही है। इस कमिश्नरी के चार जनपदों में तीन मेडिकल कॉलेज हैं, दो बन चुके और तीसरे का उद्घाटन आज हो रहा है। एक एयरपोर्ट और एक विश्वविद्यालय भी यहां हैं। साथ ही सरयू नगर राष्ट्रीय परियोजना जो चार दशकों से लटकी हुई थी उसका भी प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण कर दिया है।उन्होने कहा कि पहले सबसे खराब सड़कें इसी देवीपाटन मंडल की हुआ करती थीं। तब गोंडा से देवीपाटन मंदिर पहुंचने में 4 घंटे लगते थे आज ये दूरी 45 मिनट में पूरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब सरकार की नियत साफ होती है तो विकास स्पीड पकड़ने लगती है और बिना भेदभाव के गरीबों को शासन की सुविधाओं का लाभ मिलता है। सीएम ने बताया कि 2017 में यहां बाढ़ आई थी। उस वक्त जिला मुख्यालय श्रावस्ती और बलरामपुर बाढ़ के पानी से भरा हुआ था। मगर हमने बाढ़ की समस्या का स्थाई समाधान किया। नदी की ड्रेजिंग कराई गई, परिणाम ये हुआ कि 2017 के बाद यहां के जिला मुख्यालय पर कभी बाढ़ का पानी नहीं आया।योगी ने कहा कि होली के पहले हम यहां अपके भविष्य के लिए उपहार लेकर आए हैं। इससे आने वाली कई पीढ़ियां बनेंगी। यहां बन रहे विश्वविद्यालय में परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ ही रोजगार परक पाठ्यक्रम भी चलेंगे। बच्चों को तकनीकि दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

विकास अब केवल दिल्ली तक नहीं, गांव-गांव के लिए होगा। हमारे नगरीय निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। ये सब आपके एक वोट की ताकत से होगा। वोट की ही ताकत है जिससे बेटी और व्यापारी की सुरक्षा हो रही है, नये उद्योग लग रहे हैं, आस्था का सम्मान और अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। पहले गरीबों के हक पर डकैती पड़ती थी, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, विकास की योजनाएं माफिया चट कर जाते थे। आस्था के नाम पर खिलवाड़ होता था और राम का नाम लो तो लाठी और गोली चलाई जाती थी। सीएम योगी ने कहा कि आज विकसित भारत का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है।

विकसित भारत के लक्ष्य के लिए पहले हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा, जहां अच्छी शिक्षा, अच्छी स्वस्थ्य सुविधाएं, रोजगार के अवसर, उद्योग धंधे, खुशहाल किसान, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा आवश्यक है। यूपी को विकसित बनाना है तो बलरामपुर और श्रावस्ती को भी विकसित बनना होगा।

आकांक्षात्मक से विकसित बन रहा सिद्धार्थनगर : मुख्यमंत्री

- लाभार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट तथा आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की
- मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन भी किया

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद सिद्धार्थनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 1,900 करोड़ रुपये लागत की 551 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट तथा आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर आकांक्षात्मक जनपद से उबरकर विकसित जनपद बन रहा है। आज शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। पहले शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसी गरीब को नहीं मिलता था। जनपद शिक्षा और स्वास्थ्य में पिछड़ा था। यहां रोजगार नहीं थे, जनपद में कृषि व जल संसाधन की स्थिति अत्यन्त खराब थी। यहां उद्योग-धंधे न के बराबर थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सिद्धार्थनगर इंसेफेलाइटिस से सबसे ग्रसित जनपदों में एक था। इंसेफेलाइटिस से ग्रसित बच्चों को बचाने के लिए वह सड़क से संसद तक लड़े। आज सिद्धार्थनगर इंसेफेलाइटिस से मुक्त है। किसी भी बच्चे की मृत्यु इंसेफेलाइटिस से नहीं हो रही है। गरीबां का हक माफिया हड़प जाते थे। हमने मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया है। यह विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। जनपद में अच्छे विद्यालय बन गये हैं। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। जनपद में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज लोगों को अपनी सेवाएं दे रहा है। नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास आज किया गया है। हर घर को स्वच्छ जल मिल रहा है। सभी गांवों को अच्छी सड़कों से जोड़ा जा रहा है । मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत बदल रहा है। भारत का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। भारत ने विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई ऊंचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनिया का नेतृत्व करता हुआ दिखायी दे रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बना है। आगामी 03 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, सम्पूर्ण जानकारी दे एसबीआई

- एसबीआई को सोमवार तक जबाव देने का आदेश
- चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए ''कर्तव्यबद्ध''

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए ''कर्तव्यबद्ध'' है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बॉन्ड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर्स क्यों जारी नहीं किए, जिनसे दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का लिंक पता चल सके। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक एसबीआई से इस मामले पर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डाटा को स्कैन और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इसमें एक दिन का समय लग सकता है। जैसे ही पूरा डाटा स्कैन हो जाएगा, तो मूल डाटा को चुनाव आयोग को वापस कर दिया जाएगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि एसबीआई की तरफ से कौन पेश हुआ है? एसबीआई ने बॉन्ड नंबर जारी नहीं किए हैं।

स्टेट बैंक को इनका खुलासा करना चाहिए। स्टेट बैंक को सारी जानकारी प्रकाशित करनी होगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि एसबीआई को चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी, उन्हें कैश करने वाले राजनीतिक दल की जानकारी, चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख, चुनावी बॉन्ड खरीदने वाले यानी दानदाता की जानकारी और चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख और उन्हें कैश करने की तारीख की पूरी जानकारी देनी थी, लेकिन एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर की जानकारी नहीं दी है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को नोटिस जारी कर इस मामले में जवाब मांगा है। एसबीआई को 18 मार्च तक अपना जवाब देना है। चुनावी बॉन्ड के खिलाफ याचिका दायर करने वाले एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कहा कि अदालत ने एसबीआई द्वारा चुनाव आयोग को मुहैया कराई गई जानकारी का मुद्दा उठाया है। एसबीआई द्वारा दी गई जानकारी में अल्फा न्यूमेरिक नंबर की जानकारी नहीं दी गई है, जिससे पता चलता कि किस व्यक्ति ने बॉन्ड खरीदा और वह बॉन्ड किसी राजनीतिक पार्टी ने कैश कराया। कोर्ट ने इस मामले में एसबीआई को नोटिस जारी कर मामले को सुनवाई के लिए सोमवार को लिस्टेड किया है।

सुप्रीम कोर्ट का सवाल केस पेंडिंग था तो नियुक्ति क्यों

- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति रद्द करने से इनकार, सरकार से 21 मार्च तक मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (15 मार्च) को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रद्द करने से इनकार कर दिया है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित था तो नियुक्ति क्यों की गई। सरकार को यह 21 मार्च को बताना होगा। गुरुवार शाम को केंद्र सरकार ने पूर्व आईएएस अफसर ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था। एडीआर के अलावा मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने भी मामले में एक याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बने नए कानून में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) को चयन समिति से बाहर कर दिया गया है। ऐसे में यह प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही गई। ऐसे में सिलेक्शन कमेटी में सीजेआई का होना जरूरी है। याचिकाकर्ताओं ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर एंड इलेक्शन कमिश्नर (अपॉइंटमेंट, कंडिशन ऑफ सर्विस एंड टर्म ऑफ ऑफिस) एक्ट-2023 की धारा-7 को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करता है। याचिका के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सिलेक्शन कमेटी में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को होना चाहिए।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज

नई दिल्ली। आम चुनाव 2024 और राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग शनिवार 16 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। यह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे से होगी। इसे चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा भी की जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कल की जाएगी। चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान हो सकता है।

कांग्रेस व वामपंथीयों ने केरल को ठगा

पथानामथिट्टा (केरल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछले चुनाव के दो अंकों के वोट प्रतिशत के मुकाबले आने वाले चुनावों में दो अंकों की सीटों तक पहुंचने से दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ विरोधी होने का दिखावा करते हैं, लेकिन दिल्ली में वे एक-दूसरे को 'गले' लगाते हैं! कांग्रेस और कम्युनिस्ट यहां एक-दूसरे को कोसते हैं लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में गठबंधन करते हैं! कांग्रेस और लेफ्ट दोनों ठग हैं। उन्होंने केरल के लोगों को धोखा दिया है। लेकिन अब केरल के लोग, खासकर युवा और महिलाएं, हकीकत समझ रहे हैं। जनसभा में मौजूद लोगों की भीड़ की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि पथानामथिट्टा का उत्साह बता रहा है कि इस बार केरल में 'कमल' खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में केरल की जनता ने हमें दो अंकों के वोट प्रतिशत वाली पार्टी बनाया था। और अब, यहां दोहरे अंकों की सीटों से हमारा भाग्य दूर नहीं है! प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल के लोग राज्य में शासन करने वाली भ्रष्ट और अक्षम सरकारों के कारण पीड़ित हैं और यहां की सरकारों ने रबर किसानों की दुर्दशा के प्रति आंखें मूंद ली हैं।

केरल में आम तौर पर एलडीएफ या यूडीएफ ही सत्ता पर काबिज होते रहे हैं। दक्षिण के इस राज्य में भाजपा का प्रदर्शन अब तक कोई खास नहीं रहा है। भाजपा यहां पैर जमाने के लिए लंबे समय से प्रयासरत है। केरल में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी उन्होंने एलडीएफ सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य में चर्च के पादरी भी सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की शर्मनाक स्थिति के कारण वे हिंसा का शिकार हो रहे हैं।

कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड को बताया 'चंदा दो, धंधा लो' की नीति

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार के चुनावी बांड जारी करने के निर्णय को लूट की नीति करार देते हुए कहा है कि यह उसकी भाजपा का खजाना भरने के लिए पैसा जुटाने की चंदा दो धंधा लो की नीति साबित हुई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने चुनाव आयोग के राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से मिले चन्दे की सूची सार्वजनिक करने पर प्रतिक्रिया में कहा कि कि सरकार की चुनावी बांड नीति से साफ हो गया है कि उसने उन्हीं कंपनियों और व्यक्तियों को काम दिया है जिन्होंने भाजपा को चुनावी बॉन्ड्स के मध्यम से चंदा दिया। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद यह पहला विश्लेषण है जिसे एसबीआई ने चुनाव के बाद तक स्थगित करने के कई हफ़्तों के प्रयास के बाद कल रात सार्वजनिक कर दिया। इसमें 1,300 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बांड के रूप में दान दिया है जिसमें 2019 के बाद से भाजपा को 6, 000 करोड़ से अधिक का दान शामिल है। इलेक्टोरल बांड का अब तक का मिला डेटा भाजपा की कम से कम 4 भ्रष्ट नीति को सामने लाता है। पहला है चंदा दो, धंधा लो। ऐसी कई कंपनियों के मामले हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बांड दान किया है और इसके तुरंत बाद सरकार से भारी लाभ प्राप्त किया है। इनमे मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने 800 करोड़ रुपए से अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड में दिए हैं। अप्रैल 2023 में, उन्होंने 140 करोड़ डोनेट किया और ठीक एक महीने बाद उसे 14,400 करोड़ रुपए की ठाणे बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया। दूसरा जिंदल स्टील एंड पावर ने 7 अक्टूबर 2022 को इलेक्टोरल बॉन्ड में 25

करोड़ रुपए दिए और सिर्फ़ 3 दिन बाद वह 10 अक्टूबर 2022 को गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान हासिल करने में कामयाब हो गया।उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक बॉन्ड को हफ्ता वसूली जैसा कदम करार दिया और कहा कि भाजपा की हफ्ता वसूली नीति बेहद सरल है - ईडी, सीबीआई, आईटी के माध्यम से किसी कंपनी पर छापा मारो और फ़िर कंपनी की सुरक्षा के लिए हफ़्ता दान मांगो। शीर्ष 30 चंदादाताओं में से कम से कम 14 पर छापे मारे गए हैं। इस साल की शुरुआत में एक जांच में पाया गया कि ईडी, सीबीआई, आईटी छापे के बाद कंपनियों को चुनावी ट्रस्टों के माध्यम से भाजपा को दान देने के लिए मजबूर किया गया था। हेटेरो फार्मा और यशोदा अस्पताल जैसी कई कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिया है।श्री रमेश ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने गत दिसंबर में शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स पर छापा मारा और जनवरी में उन्होंने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 40 करोड़ का दान दिया। फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स ने 1200 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है जो इसे अब तक के आंकड़ों में सबसे बड़ा दान है। इसकी क्रोनोलॉजी है कि दो अप्रैल 2022 को ईडी ने फ्यूचर पर छापा मारा और 5 दिन बाद 7 अप्रैल को इलेक्टोरल बॉन्ड में उसने 100 करोड़ रुपए का दान दिया। अक्टूबर 2023 में आईटी विभाग ने फ्यूचर पर छापा मारा और उसी महीने उन्होंने इलेक्टोरल? बॉन्ड में 65 करोड़ रुपए का दान दिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी ने चुनावी बोनस को रिश्वत लेने का नया तरीका बताया और कहा,आंकड़ों से एक पैटर्न उभरता है जिसमें केंद्र सरकार से कुछ मदद मिलने के तुरंत बाद कंपनियों ने चुनावी बांड के माध्यम से एहसान चुकाया है। वेदांता को तीन मार्च 2021 को राधिकापुर पश्चिम प्राइवेट कोयला खदान मिला और फिर उसी साल अप्रैल में उन्होंने चुनावी बांड में 25 करोड़ रुपए का दान दिया। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा को अगस्त 2020 में 4,500 करोड़ का जोजिला सुरंग प्रोजेक्ट मिला फिर अक्टूबर 2020 में उन्होंने इलेक्टोरल बांड में 20 करोड़ रुपए का दान दिया।

अर्थ आवाज़

ईनो की भारत में ईनो च्यूई बाइट्स लॉन्च

नयी दिल्ली। हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के डाइजेस्टिव ब्रांड ईनो ने अपनी तरह का पहला चबाने वाला एंटेसिड 'ईनो च्यूई बाइट्स' पेश किया है, जो दो स्वादिष्ट फ्लेवर, टैंगी लेमन और ज़ेस्टी ऑरेंज में उपलब्ध है। यह तीन आकार के पैक-सिंगल पिलो पाउच 10 और 30 बाइट्स के पैक में उपलब्ध है। ईनो च्यूई बाइट्स के बारे में जानकारी बढ़ाने और प्रचार के लिए टीवी, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित मुख्य चैनलों एवं प्रकाशनों में इसका प्रसार किया जाएगा। नए च्यूएबल फॉर्मेट में ईनो के बारे में मार्केटिंग हेड मिस अनुरिता चोपड़ा ने कहा डाइजेस्टिव केयर में लीगेसी ब्रांड की अपनी विरासत के साथ ईनो अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझता है। ईनो च्यूई बाइट्स आसान फॉर्मेट में ग्राहकों की दैनिक सेहत सुधारने में मदद करने और इनोवेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम एसिडिटी से तुरंत आराम देना चाहते हैं, इसलिए हमने ईनो च्यूई बाइट्स पेश किए हैं, जिसे चबाकर एसिडिटी से राहत पा सकते है।

ऑनर एक्स9बी के साथ ऑनर प्रोटेक्ट प्लान लांच

कानपुर। ऑनर ने नए लॉन्च किए गए ऑनर एक्स9बी के साथ ऑनर प्रोटेक्ट प्लान शुरू किया है, जो ऑनसाईटगो द्वारा पॉवर्ड है। यह नया प्लान ग्राहकों को ज्यादा भरोसा और मन का सुकून प्रदान करेगा। 2,999 रु का यह प्लान ऑनर एक्स9बी के साथ निशुल्क दिया जा रहा है और इसका उद्देश्य ब्रांड में ग्राहकों का दीर्घकालिक विश्वास बनाना है। इससे अपने उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इस प्लान के अंतर्गत स्मार्टफोन खरीदने के छः महीने के अंदर स्क्रीन क्षतिग्रस्त होने पर उसे निशुल्क रिप्लेस किया जाएगा। इस स्थिति में ग्राहकों से क्लेम प्रोसेसिंग के लिए 749 रु शुल्क लिया जाएगा। यदि ग्राहकों को एक्स9बी खरीदने के बाद यह स्मार्टफोन पसंद नहीं आता है, तो ब्रांड इनवॉईस वैल्यू के 90 प्रतिशत तक का 30-डे एश्योर्ड बाय बैक विकल्प प्रदान कर रहा है। वापस ली जाने वाली डिवाईस की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष कटौतियाँ लागू हो सकते हैं। क्षतिग्रस्त या टूटी बॉडी या स्क्रीन वाले फोन वापस स्वीकार नहीं किए जाएंगे। फोन वापस लिए जाने पर लागू अतिरिक्त कटौतियों में ओरिजनल एक्सेसरीज न होने पर 1500 रु की कटौती, बड़े स्क्रैच या डेंट के लिए 20 प्रतिशत, छोटे स्क्रैच या डेंट के लिए 15प्रतिशत और ओरिजनल बॉक्स न होने पर 1000 रु की कटौती शामिल है।

पेटीएम फास्टैग को कैसे करे बंद

नयी दिल्ली। ग्राहक कई चरणों का पालन करते हुए पेटीएम ऐप के माध्यम से पेटीएम पेमेंट्स बैंक फास्टैग को बंद कर सकते हैं। पेटीएम ऐप खोलें और सर्च मेनू में मैनेज फास्टैग खोजें। मैनेज फास्टैग पेटीएम पेमेंट्स बैंक फास्टैग से जुड़े सभी वाहनों को सूचीबद्ध करेगा। पृष्ठ के शीर्ष दाएँ भाग पर फास्टैग विकल्प बंद करें चुनें और उस वाहन का चयन करें जिसके लिए आप फास्टैग बंद करना चाहते हैं और आगे बढ़ें पर क्लिक करें और आपको अपनी स्क्रीन पर पुष्टिकरण संदेश दिखाई देगा। आपका फास्टैग 5-7 कार्य दिवसों के भीतर बंद हो जाएगा। पीपीबीएल फास्टैग के लिए लागू सुरक्षा जमा और न्यूनतम शेष राशि बंद होने के बाद आपके पेटीएम पेमेंट्स बैंक वॉलेट में वापस कर दी जाएगी।

एबेकस प्रतियोगिता में अर्णव चैम्पियन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-6 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-24 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अर्णव ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने छात्र की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

आज रक्षा मंत्री करेगी जीएपीआईओ के सम्मेलन का शुभारंभ

लखनऊ। गैर-लाभकारी संगठन और भारतीय मेडिकल डायस्पोरा के लिए संघ ग्लोबल एसो ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीएपीआईओ) 16-17 मार्च को अपना 14वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी भी सम्मानित अतिथि होंगे। मेडिकल कैलेंडर में जीएपीआईओ कॉन्फ्रेंस को एक अहम कार्यक्रम के तौर पर देखा जा रहा है, जहां दुनियाभर के विषय विशेषज्ञ अपनी जानकारियों और अनुभव को एक-दूसरे से साझा करेंगे। यह कॉन्फ्रेंस डेलिगेट्स को एक अंतरराष्ट्रीय मंच देगी। इसके जरिए सभी क्लीनिकल स्किल डेवलपमेंट, लीडरशिप डेवलपमेंट, महिला स्वास्थ्य को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य मुद्दों का समाधान जैसे विषयों पर अपने अनुभव और जानकारियां साझा की जा सकेंगी। सम्मेलन में यूएसए, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मध्य पूर्व, अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, भारत और अन्य देशों के 500 से प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। 16 मार्च को शाम 7 बजे (आईएसटी) आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह के दौरान प्रतिष्ठित और युवा क्लीनिशियंस को जीएपीआईओ पुरस्कार दिए जाएंगे। जीएपीआईओ के पूर्व अध्यक्ष, अपोलो हॉस्पिटल्स में ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर, सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल ने कहा शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामूहिक सामाजिक कार्यों के प्रति हमारी बिरादरी का समर्पण और प्रतिबद्धता ने ही इतने भौगोलिक बंटवारे और विविधताओं के बावजूद हमें एक साथ रखने में अहम भूमिका निभाई है। अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा रिसर्च और इनोवेशन भारत हेल्थकेयर में क्वॉलिटी में बेहतर सुधार कर सकते हैं।

चंदन सपा राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा चंदन सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट नरसिंहपुर जनपद आजमगढ़ को सपा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है। अखिलेश की स्वीकृति से समाज अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो इक़बाल ख़ां क़ादरी द्वारा चौधरी फरमान राईन निवासी चिन्ताहरण रोड़ राईन गली, जनपद हाथरस को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

दो दिवसीय राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

लखनऊ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिश्नर (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) एमएसएमई मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। आईपी यात्रा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार और एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और यूनाइटेड एंड यूनाइटेड के प्रसिद्ध आईपीआर विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता की। इस कार्यक्रम में एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र व कानून और तकनीकी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 100 से अधिक उपस्थित लोग शामिल हुए, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) की बढ़ती रुचि और महत्व प्रदर्शित होता है। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्रों में आईपी अधिकारों को लागू करने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई, जहां यूनाइटेड एंड यूनाइटेड से जुड़े अनमोल कक्कड़ ने नवाचारों की नकल या चोरी को रोकने में आईपी सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए रणनीतियों जैसे कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट पंजीकृत करने, गोपनीयता संविदा ड्राफ्ट करने और सुरक्षा उपायों को करने के बारे में बताया। एनएलयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विकास भाटी ने निवारण के रूप में अदालत से स्थायी निषेधाज्ञा आदेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर देते हुए आईपीआर उल्लंघन के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने ट्रेडमार्क उल्लंघन के लिए दंड से संबंधित ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 की प्रासंगिक धाराओं पर प्रकाश डाला। अतुल श्रीवास्तव-क्षेत्रीय निदेशक पीएचडीसीसीआई यूपी चैप्टर ने व्यावसायिक संपत्ति के रूप में आईपी की भूमिका और उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध निवारक उपायों के महत्व पर अंतर्दृष्टि के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

सपा ने मनायी कांशीराम की जयन्ती

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सपा प्रदेश मुख्यालय पर मान्यवर कांशीराम के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम दलितों, पिछड़ों, शोषितों एवं वंचितों के मसीहा थे। इस अवसर पर इन्द्रजीत सरोज, राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, आर.के. चौधरी एवं जावेद आब्दी, अरविन्द कुमार सिंह, शाहिद मंजूर, रफीक अंसारी, अतुल प्रधान, अमिताभ बाजपेयी, कमाल अख्तर, फहीम अहमद, योगेश वर्मा, उदयवीर सिंह, डॉ राजपाल कश्यप, लीलावती कुशवाहा, संजीव यादव सहित विकास यादव, मनोज पासवान, डॉ आरके. वर्मा, शकील नदवी, अरविन्द गिरि, सिद्धार्थ सिंह, नीरज पाल, विशम्भर यादव, सलामतुल्ला आदि लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर होगा कड़ा प्रहार: महामंत्री

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। तहसील सभागार में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन कर बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश रोहित शाही ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है की नई कमेटी सबको साथ लेकर चलेगी अधिवक्ता बंधुओ के साथ सामंजस्य स्थापित कर वादकारियो को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिलेगा। न्यायहित को देखते हुए अगर कोई समस्या आती है तो हम लोग मिलकर उसका समाधान निकालेंगे। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य अखिलेश कुमार अवस्थी ने कहा कि अधिवक्ता बंधु अधिक से अधिक न्यायालय संचालन में सहयोग करे तथा बायकाट से बचे जिससे लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय से होता रहे जब तक बार बेंच के आपसी समन्वय से कार्य नही होगा तब तक समस्याएं बनी रहेगी। मुख्य अतिथि न्यायाधीश रोहित शाही ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश गौतम उपाध्यक्ष चैतन्य नारायण आनंद प्रताप सिंह निरंकार त्रिवेदी तथा महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी संयुक्त मंत्री धर्मेंद्र कुमार शुक्ला बी डी खान गुरुदेव मिश्र कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला एवं सदस्य उमाशंकर संजीव सिंह संतोष सिंह अनिल कुमार गुप्ता दुर्गा प्रसाद यादव महेश कुमार सिंह मोहम्मद कासिम देवकली प्रसाद नईम अंसारी विनोद कुमार बृजेश कुमार पांडे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आए हुए अतिथियों सम्भ्रांत जनों के प्रति नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पहली बैठक में ही प्रस्ताव रखा जाएगा तथा अधिवक्ताबन्धुओं के मान सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी ने संचालन करते हुए कहा कि नई कमेटी नया इतिहास रचेगी। यह जीत हमारी नही अधिवक्ता बन्धुओं की है। इस मौके पर अध्यक्ष जिला बार संगठन एसोसिएशन प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी,रितेश मिश्रा तहसीलदार महिमा मिश्रा राकेश कांत मिश्रा राम मोहन शुक्ला सतीश चंद्र शुक्ला डॉ कुलदीप शुक्ला कौशल किशोर त्रिपाठी रामकुमार सोनी गौरी शंकर तिवारी उपेंद्र द्विवेदी कमलापति तिवारी अभिषेक शुक्ला लवकेश शुक्ला गोपी दीक्षित सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

काली दह लीला देख दर्शक हुए भाव विभोर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की खुटार रोड स्थित ग्राम अहमदनगर में वृंदावन के कलाकारों ने रात में भगवान नरसिंह द्वारा भक्त प्रहलाद की रक्षा कर हिरण्य कश्यप का वध का मंचन किया। दिन मे काली दह की लीला का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

पं राहुल कृष्ण दीक्षित ने श्रीमद् भगवत कथा सुनाकर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।यज्ञाचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन, लवकुश शास्त्री ने देवेंद्र मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, विकास मिश्र, अनिल मिश्र, सनिल मिश्र और राजकुमार मिश्र से श्री रूद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया।आयोजक देवेन्द्र मिश्र ने बताया कि समापन 18 मार्च को कन्या भोज, भंडारे के साथ होगा।एडवोकेट योगेंद्र मिश्र, उद्योगपति समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल सपत्नीक, राजेश कुमार मिश्र, नवी हुसैन, श्रवण कुमार मौर्य, भगवानदीन वर्मा, जगदीश वर्मा, प्रशांत शुक्ल, सुशील सिंह, सौरभ मिश्रा, कैलाश गिरि, ऋषभ मिश्रा, सरोज कुमार मिश्र, जगत वर्मा, रामबाबू शुक्ला, मौरध्वज मौर्य, दिनेश गिरि, रमाकांत अर्कवंशी, आदित्य यादव, संदीप भारद्वाज, संजय मिश्र, फेरू सिंह, जसकरन गौतम, ध्रुव प्रजापति, मोरध्वज सोनवानी, श्यामबिहारी मिश्र, विपिन बिहारी मिश्र, छोटू तिवारी, अर्जुन सिंह, संदीप यादव, जितेन्द्र वर्मा, सर्वेश वर्मा, दिनेश वर्मा, चंद्रभाल प्रजापति,कौशल कुमार शर्मा, ओंमकार मिश्र, अनिल भारद्वाज, दीपक, पिंकल मिश्र, आशुतोश कनौजिया, अवधेश कुमार मिश्र, महावीर शर्मा, अनिल मिश्र, विनोद यादव, हजरत अली, छैलबिहारी शुक्ला, राजाराम अर्कवंशी, प्रेम वर्मा, हर्षित मिश्रा, सीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, वंदना शुक्ला, छाया मिश्रा, कविता मिश्रा, सुमन मिश्रा, ममता मिश्रा, गार्गी कटियार, शिवा मिश्रा, नीलम, अवष्ठि आदि मौजूद रहे।

सरकारी परमिशन की आड़ में धड़ल्ले से बेची जा रही है प्राइवेट मिट्टी

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। थाना जहांगीराबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भट्ठा पुरवा में एफसीआई में मिट्टी डालने हेतु सरकारी परमिशन हुआ है। सरकारी परमिशन की आड़ में धड़ल्ले से प्राइवेट मिट्टी महंगे दामों में बेची जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक एसपी पी भट्ठे पर सौ डम्फर मिट्टी, गुप्ता फैक्ट्री,सूतमिल, सहित विभिन्न स्थानों पर छः हज़ार रुपए प्रति डंफर के हिसाब से मिट्टी बेची गई है। वहीं करीब सात सौ डंफर और मिट्टी एक निकटतम फैक्ट्री में गिराने का कॉन्ट्रैक्ट किया जा चुका है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सरकार के नियमों को ताख पर रखकर सात आठ बजे तक चलता है मिट्टी खनन का कार्य। वहीं अगर हम मिट्टी खनन की बात करें तो मानक विहीन तरीके से मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा।

चार अप्रैल को मनाया जाएगा होली मिलन समारोह व मतदाता जागरूकता अभियान

गोला गोकर्णनाथ खीरी । मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष 4 अप्रैल को दिन के 10 बजे से सांयकाल 4 बजे तक होली मिलन समारोह एवं मतदाता जागरूकता अभियान स्थान भगवान विश्वकर्मा मंदिर मेला मैदान गोला गोकर्णनाथ जिला खीरी में मनाया जायेगा। होली मिलन समारोह एवं मतदाता जागरूकता अभियान में अतिथि शरद बाजपेई पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, सुरजन लाल वर्मा पूर्व राज्यमंत्री, विजय शुक्ला रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका गोला/जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ईश्वर दीन वर्मा पूर्व चेयर मैन गन्ना सोसाइटी गोला, एवं विश्वकर्मा समाज के लोग, ग्राम पंचायत सदस्य, अति पिछड़े अति दलित कई दलों के नेता व अधिकारी गण बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

दूसरे दिन बताए गए बच्चों को भूजल बचाने के उपाय

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि नगर के जाने-माने चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ रविंद्र नाथ रहे प्रथम सत्र में स्वयंसेवक सेवकों ने श्रमदान किया एवं कृषि फार्म के मुख्य मार्ग पर मिट्टी पाट कर रास्ता बनाया। दूसरे सत्र में मुख्य चिकित्सा परामर्श दाता चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय एवं सेवा निवृत्त एडिशनल डायरेक्टर चिकित्सा डॉ रविंद्र नाथ ने स्वयंसेवक सेवकाओ को बताया कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन हमारे जीवन में काफी अहम रोल अदा करते है गिरते भूजल पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हमें भूजल को बचाने के लिए वृक्षारोपण एवं जल संचयन का पिट वर्षा से पहले को तैयार कर लेना चाहिए मच्छर एवं जल जनित रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी बच्चों फेस टू फेस कार्यक्रम मेंने प्रश्न पूछ कर जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार मनीषा भारती सत्यवती स्वयंसेवक भारद्वाज स्वयंसेविका प्रिया यादव का योगदान रहा संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत आई.ई.सी गतिविधि का शुभारंभ

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) ।जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद के विकास खंड रामनगर में ब्लॉक स्तर पर आई.ई.सी गतिविधि से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसका का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सुश्री प्रीती वर्मा तथा सहायक विकास अधिकारी(पं0) अभय गुप्ता द्वारा वैन को हरी झंडी दिखा कर विकास खंड कार्यालय से हुआ । उन्होंने अपने उद्बोधन ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल मुहैया हो सकेगा । तत्पश्चात आई.ई.सी गतिविधि में ग्राम पंचायत में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा इसी के साथ राजस्व ग्राम स्तर पर वॉल राइटिंग तथा ब्लॉक स्तर पर फिक्स्ड एल.ई.डी का भी संचालन किया जाएगा इस मौके पर एडीओ(आईएसबी) जयराम वाल्मीकि ,सचिव बीना चतुर्वेदी तथा अन्य ब्लॉक के अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा इनके साथ ही सहायक जिला परियोजना समन्वयक मनोज सैनी, निवल कुमार कनौजिया तथा सन्तोष श्रीवास्तव , अशोक कुमार तथा समस्त न्यू जेनेसिस की टीम उपस्थित रही।

दायित्वों का निर्वहन करे चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मी :मंडलायुक्त

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे और इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में शामिल हों कि मतदान के प्रति जागरूकता में और अधिक बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन बूथों पर मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए और दूर सुदूर के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान बूथों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मंडलायुक्त आज लोक सभागार में आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर आयुक्त अजय कांत सैनी, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने चुनाव प्रभारी अधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने क्षेत्रों में संवेदनशील बूथ आदि सबसे पहले चिन्हित करें, क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की निशानदेही करें और अभी से सुनिश्चित करें कि मतदान तक उनके क्षेत्र में किसी भी स्तर पर शांति व्यवस्था में व्यवधान नहीं होने पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ज़िलाधिकारी से लगातार समन्वय बना कर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है, ये प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि अभी तक उन्होंने यहां की कार्य प्रणाली मे किसी प्रकार की कमी नहीं पाई है, यहां पर सभी कार्य निर्धारित मानक अनुसार चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता, मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं ईवीएम रख रखाव आदि के कार्य संतोषजनक हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से सम्बंधित अन्य कार्य विशेष रूप से आवागमन आदि के कार्य की प्रगति संतोषजनक है। बैठक से पूर्व मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित ज़िलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, नज़ारत, राजस्व अभिलेखागार, पुराने अभिलेखागार, आपदा कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्याय सहायक से जनपद में खनन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और नजारत में वाहन, गाड़ियों के अनुरक्षण से सम्बंधित अल्मारियों को खुलवा कर कार्यो का रजिस्टर एवं पत्रावलियों को देखा और सम्बंधित को निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन से सम्बंधित प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निपटाने को निर्देश दिए और अभिलेखागार के दस्तावेजों के डिजिटलीकृत करने की प्रक्रिया के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने ज़िलाधिकारी के साथ नवीन मंडी स्थल में ईवीएम तथा वीवीपैट सहित अन्य निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल, स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुकर्मांक 1770570 का अंकपत्र / प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है।

अनिल कुमार पुत्र छोटू गुन्नौर थाना भाले सुल्तान स्मारक जिला अमेठी।

150 फिट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कार्यालय जिला पंचायत परिसर में स्थापित 45 मीटर (150 फिट) ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन श्रीमती राजरानी रावत अध्यक्ष जिला पंचायत बाराबंकी द्वारा किया गया। इस समारोह में सतेन्द्र कुमार (ढ्ढस्), जिलाधिकारी बाराबंकी अ0 सुदन (ढ्ढस्), मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष भाजपा, संदीप गुप्ता, जिला महामंत्री भाजपा, गुरुशरण लोधी, जिला महामंत्री भाजपा, प्रमोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, डा0 अवधेश वर्मा, राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन वर्मा, राम बरन वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, अभिषेक वर्मा, संतोष सिंह, श्री इच्छवाक मौर्य, जवाहर वर्मा, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती अंजली सिंह, रोहित सिंह, आशुतोष कुमार, अपर मुख्य अधिकारी, श्रीमती पल्लवी यादव, कार्य अधिकारी, रवीन्द्र सिंह, अमित कुमार सिंह, एवं जिला पंचायत बाराबंकी के समस्त अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शहर में फैला है सूदखोरों का मकड़जाल जाल, पुलिस प्रशासन मौन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। व्यापारी नेता हर्ष टंडन की बीती रात गोली लगने से हुई संदिग्ध मौत मामले में भले ही पिता की तहरीर पर बीबीडी थाने की पुलिस ने सूदखोर सुजीत शाह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है पर यहां सूदखोरों का मकड़जाल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है गली मोहल्ला से लेकर हर तरफ सूदखोरों का मकडजाल फैला है जो भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर देखते ही देखते करोड़ों के मालिक बन जाते हैं फिर भी ना तो यह सब पुलिस प्रशासन को दिखाई पड़ता है और न ही इनके विरुद्ध कोई आवाज उठाने की हिम्मत करता है यदि हिम्मत करके कोई इसकी शिकायत भी करता है तो पुलिस प्रशासन पैसों के आगे नतमस्तक दिखता है यही वजह है कि इनके हौसले बुलंद हैं और किसी को भी सरेराह बेइज्जत करना इनका शगल बनता जा रहा है व्यापारी हर्ष टंडन की मौत भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है बताया जाता है कि सूदखोर सुजीत शाह ने व्यापारी हर्ष टंडन को जाल में फंसा कर करोड़ों की संपत्ति लाखों में हथिया ली थी बल्कि इसके बावजूद आए दिन वह रूपयों की डिमांड कर रहा था जिससे व्यापारी हर्ष टंडन काफी परेशान रहता था । मौत से पहले भी सूदखोर का उसके पास फोन आया था इसके बाद उसने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली । यह मामला तो महज उदाहरण है सूत्रों का कहना है कि व्यापारी हर्ष टंडन सरीखे न जाने कितने भोले भाले लोग सूदखोरों के चंगुल में फंसे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है अथवा आतंक से परेशान लोग शिकायत करना ही उचित नहीं समझ रहे हैं और भीतर ही घुटन में जीने को विवश हैं । गोपनीय स्तर पर इसकी जांच कराई जाए तो बृहद स्तर पर इसका खुलासा हो सकता है लेकिन जांच करें कौन जब भ्रष्टाचार के इस हमाम में सभी नंगे हैं । जिससे इनका आतंक बढ़ता जा रहा है फिलहाल व्यापारी नेता की मौत से शहर के सभी व्यापारियों को हिला कर रख दिया है सूदखोर के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि कोई और व्यापारी सूदखोर की भेंट न चढ सके।

विकास खंड स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। शुक्रवार को स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ के प्रांगण में ग्राम प्रधान ,स्थानीय प्रतिनिधि एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों का विकास खंड स्तरी

पेपर लीक मामले का भंडाफोड़, अब तक 396 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस भर्ती मामले के तीन प्रमुख आरोपी दबोचे गए, मास्टर माइंड फरार
- ट्रांसपोर्ट कंपनी में रखे सील्ड बॉक्स तोड़ने पटना से स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाया, फोटो खींचकर भेजे
- यूपी पुलिस भर्ती का पेपर अहमदाबाद से लीक हुआ था

लखनऊ । यूपी में पुलिस भर्ती व आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हो गया है। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि पेपर लीक मामले में अब तक 396 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती में पेपर ट्रांसपोर्ट करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों शिवम गिरी, रोहित पांडेय व अभिषेक गुप्ता की मदद से पेपर लीक किया गया था। इसका पेपर अहमदाबाद से लीक हुआ था। मामले के तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि मास्टर माइंड की तलाश जारी है। गाजियाबाद से तीन आरोपी गिरफ्तार हैं। चौथे आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जो पटना में डॉक्टर है। इस गैंग ने सीधे ट्रांसपोर्ट कंपनी से कॉन्टेक्ट किया, जिसके जरिए पेपर छपकर आने थे।

डीजीपी ने बताया कि इन कर्मचारियों ने शील्ड बॉक्स को तोड़ने के लिए पटना से स्पेशलिस्ट को बुलाया। बॉक्स तोड़ने के बाद पेपर निकालकर फोटो खींचे और नकल माफिया को भेज दिया। एसटीएफ ने ट्रांसपोस्ट कंपनी के दो कर्मचारियों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ ने पटना के डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। डीजीपी ने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 17-18 फरवरी को हुई थी। पेपर लीक होने पर सीएम योगी ने परीक्षा का रद्द कर दी और परीक्षा को छह महीने के अंदर कराने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने बताया कि पेपर लीक का मास्टरमाइंट राजीव नयन अभी फरार है। यह आरओ-एआरओ पेपर लीक में शामिल था। डीजीपी ने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर की छपाई अहमदाबाद में एक प्रेस में हुई। छपे पेपर यूपी भेजने के लिए ट्रांसपोर्ट कॉपरेशन ऑफ इंडिया टीआईसी को ठेका दिया गया। टीआईसी में काम करने वाले शिवम गिरि और रोहित पांडेय नकल माफिया से मिल गये। पहले टीसीआई में काम कर चुका प्रयागराज का अभिषेक भी नकल माफिया गैंग में था। अभिषेक ने शिवम और रोहित से संपर्क किया और पेपर आउट कराने के बदले उन्हें पैसे देने का आफर दिया। डीजीपी ने बताया कि दो फरवरी को टीआईसी कंपनी के दोनों कर्मचारी शिवम व रोहित ने अभिषेक को फोन करके बताया कि पेपर प्रिंट होकर ट्रांसपोर्ट कंपनी में आ चुके हैं। दोनों ने शील्ड पेपर बॉक्स के फोटो खींचकर अभिषेक को भेजे। इसके बाद अभिषेक, पटना के डॉ. शुभमन मंडल और अन्य लोगों के साथ पांच फरवरी को अहमदाबाद पहुंचा। डॉक्टर शुभम मंडल और टीसीआई के दोनों कर्मचारी ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम के अंदर गए, जहां पेपर रखे हुए थे। कर्मचारी एक बॉक्स को उठाकर ऐसी जगह ले गए जहां सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इसके बाद उन्होंने उस बॉक्स का सील को पीछे की तरफ से तोड़ा फिर 18 फरवरी को होने वाले पेपर के दो सेट निकाले। मोबाइल से उनकी फोटो खींच ली। इसी तरह आठ फरवरी को भी एक बॉक्स तोड़ा गया और पेपर का फोटो खींचा गया। इस काम के बदले शिवम और रोहित को पैसे भी दिये गये। एसटीएफ रोहित पांडेय निवासी मिर्जापुर, शिवम गिरि निवासी भदोही और अभिषेक शुक्ला निवासी प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले से जुड़े अभी दो लोग फरार हैं।

डीजीपी व एसटीएफ चीफ ने लॉन्च किया त्रिनेत्र 2.0 ऐप

लखनऊ । डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता ने बताया कि यूपी पुलिस ने त्रिनेत्र टू लांच किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में त्रिनेत्र में लगभग 9 लाख 32 हजार अपराधिक डाटा डिजिटाइज्ड किया जा चुका है, इसका उपयोग आगामी चुनाव में ग्राउंड जीरो पर पुलिसकर्मी आसानी से चेकिंग में अपराधियों का मिलान कर सकेगें साथ ही काईम जीपीटी के नये फीचर से वांछित सूचनाएं बिना समय गवाएं त्रिनेत्र 2.0 के मध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

हर घर नल से जल योजना में 100 प्रतिशत तक भी जल्द पहुंचेगा प्रदेशः मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन की %हर घर नल से जल% योजना की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने योजना की प्रगति पर खुशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत का लक्ष्य जिस तरह से उत्तर प्रदेश ने बहुत तेज गति से प्राप्त किया है, इसी तरह से आगे शत प्रतिशत लक्ष्य को भी प्रदेश हासिल कर लेगा।

उन्होंने इसको लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने यूपी के गांवों में घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि अन्य बड़े राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश की प्रगति इस दिशा में बहुत ही अच्छी है। उत्तर प्रदेश में अब तक करीब 2.12 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन दे दिये गए हैं, जबकि जल जीवन मिशन के तहत यह लक्ष्य 2.65 करोड़ का है। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करके प्रदेश के हर गांव को हर घर नल से जल योजना से संतृप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने के दौरान इस बात का पूरा ख्याल रखा जाए कि अगर ग्रामीणों को किसी भी तरह की तकलीफ हो रही है तो उसकी तत्काल निदान किया जाए, वह चाहें रोड कटिंग की हो या बेहतर सप्लाई न होने की। इसके साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण की दिशा में भी जागरूक किया जाए।

आवश्यकतानुसार मोबाइल क्रय केंद्रों से करायी जाये गेहूं की खरीद

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि किसानों को क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों हेतु आवश्यक सुख-सुविधायें सुनिश्चित करायी जायें। इस वर्ष प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मण्डियों से पहले क्रय केन्द्रों पर खरीद हो। क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कराते हुये उन्हें क्रियाशील बनाये रखा जाये। आवश्यकतानुसार मोबाइल क्रय केन्द्रों से गेहूं की खरीद करायी जाये। फसल बेचने के 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किसान के खाते में भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बटाईदार किसानों से भी गेहूं खरीद की जायेगी। 100 कुन्तल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों का सत्यापन नहीं होगा। गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों को निःशुल्क पंजीकरण व नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। किसानों के मध्य गेहूं के एमएसपी 2275 रुपये प्रति कुंतल तथा किसानों को 48 घंटे में भुगतान के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर खरीद के लिये अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाये, साथ ही पंजीकरण के सत्यापन में भी प्रगति लायी जाये। पंजीकरण की संख्या बढ़ाने के लिए लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी सहित कृषि व पंचायत के कर्मियों का भी सहयोग लिया जाये।

सीएए को लेकर पुलिस रही अलर्ट

- एलआईयू से मिली सूचना के आधार पर सुमैया राणा को पुलिस ने किया नजर बंद
- जुमे की नमाज के बाद पुलिसकर्मियों को किया सतर्क

लखनऊ। सिटिजनशिप अमेंटमेंड एक्ट (सीएए) पर लखनऊ के कई हिस्सों में आंदोलन की योजना से पहले पुलिस सतर्क हो गयी है। शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों, राजनीतिक क्षेत्र के मुस्लिम चेहरों पर नजर रखी जा रही है। कैसरबाग थाना क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुमैया राणा के आवास के बाहर बिना वर्दी के पुलिसकर्मी निगरानी करते हुए मिले। लखनऊ पुलिस को एलआईयू से मिली सूचना के आधार पर सुमैया राणा सीएए के विरोध में आंदोलन करने जा रही थी। जिसके कारण सुमैया को नजरबंद किया गया है। वहीं सुमैया राणा ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि सीएए के विरोध में वह अपने लोगों के साथ खड़ी है। उन्हें आंदोलन करने से कोई रोक नहीं सकता है। उनके आवास के बाहर चाहे पूरी पुलिस फोर्स लग जाये, वह अपने लोगों के लिए सड़क पर उतरेगी। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन के आवास के बाहर भी पुलिसकर्मियों ने नजर बनायी हुई है। मुस्लिम धर्मगुरुओं के आवास पर भी स्थानीय थानों के पुलिसकर्मियों की ओर से नजर रखी जा रही है। टीले वाली मस्जिद में जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा कारणों से मदेयगंज थाना से पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी। मस्जिद के आगे व पीछे दोनों ओर पुलिसकर्मी तैनात किये गये। उधर से गुजरने वाले वाहनों को भी मस्जिद के सामने खड़ा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हसनगंज थाना क्षेत्र के हरी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद सीएए को लेकर बैठक किये जाने की सूचना पर पुलिसकर्मियों को सतर्क कर दिया गया। हसनगंज थाने की बाबूगंज पुलिस चौकी और मनकामेश्वर मंदिर पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज भी अपने क्षेत्र में नजर बनाये हुए है। टीले वाली मस्जिद, इमामबाड़ा, ईदगाह के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती कर दी गई है। यइयागंज की जमा मस्जिद के बाहर भी केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए। इसके अलावा शहर के चौक, ठाकुरगंज, दुबग्गा, नक्खास, ऐशबाग, खुर्रमनगर, खदरा, सआदतगंज क्षेत्रों में पुलिस उपायुक्तों की निगरानी में प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक लगातार गस्त कर रहे हैं। संवेदनशील मदेयगंज थाना क्षेत्र के इलाके में भारी मात्रा में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

'इलेक्ट्रॉल बांड' से भाजपा बेनकाब हुई हैः प्रमोद तिवारी

लखनऊ। प्रमोद तिवारी सांसद उप नेता, राज्य सभा ने सर्वकालीन आजाद भारत के 'चन्दा घोटाले' के लिये भाजपा की कड़ी निन्दा एवं आलोचना की है, और कहा है कि 13 हजार करोड़ रु से अधिक, क्योंकि इसमें एक साल की वसूली सम्मिलित नहीं है, के 'इलेक्ट्रॉल बांड' का जो खुलासा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद एसबीआई को करना, उसमें भाजपा रंगे हाथ पकड़ी गयी और इलेक्ट्रॉल बाण्ड के रूप् में माल भी पकड़ा गया। इसमें फार्चून जैसी कम्पनी, जिनके यहाँ सरकारी एजेंसियों ने जिन तारीखों में रेड डाली, दिनों बाद 500 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में चन्दा गया, उसके बाद वह प्रकरण ठण्ढे बस्ते में डाल दिया गया। इन्फ्रास्ट्रक्चर की कंपनियों ने लागत लगभग डेढ़ गुनी कर दी, उन्होंने इलेक्ट्रल बाण्ड भा.ज.पा. के लिये खरीदा, जिन लोगों ने ठेका पाया उन्होंने भा.ज.पा. के लिये इलेक्ट्रल बांड खरीदा, लिस्ट देखकर सिर शर्म से झुक जाता है। क्या यही है पं. दीन दयाल उपाध्याय, स्व. अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के पद चिन्हों पर चलने वाली भाजपा? जिनके नाम का ढिंढोरा पीटा जाता है।

सपा ने 6 नाम की तीसरी लिस्ट की जारी

लखनऊ। सपा ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए यूपी में तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 6 नाम हैं, सीटें 7 हैं। भदोही सीट टीएमसी को दी है। नगीना से मनोज कुमार और अलीगढ़ बिजेंद्र सिंह को उतारा है। जबकि हाथरस से जसवीर वाल्मीकि,बिजनौर से यशवीर सिंह और लालगंज से दरोगा सरोज को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा मेरठ से सुप्रीम कोर्ट के वकील भानु प्रताप सिंह को उतारा है।

इलेक्टोरल बॉण्ड काले धन को सफ़ेद करने की भाजपाई गारंटीःअखिलेश

लखनऊ। इलेक्टोरल बॉण्ड काले धन को सफ़ेद करने की भाजपाई गारंटी है। इलेक्टोरल बॉण्ड मतलब पैसा बाहर ले जाकर वापस लाने के शुद्धीकरण की भाजपाई गारंटी है। यह तंज करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अब सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और बदनाम करने के लिए कर रही है और इनके माध्यम से पूँजी घरानों से वसूली भी कर रही है। तमाम कम्पनियों से चंदा के नाम पर जो वसूली की गई है वह न होती तो कम्पनी के तमाम कर्मचारियों की तनख्वा बढ़ती। उन्हें बोनस मिलता, नई नौकरियां मिलती लेकिन भाजपा तो पीडीए का हक मारने के लिए आरक्षण खत्म कर रही है। प्राईवेट वालों का सारा प्राफिट भाजपा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से हजम करने जा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा खाऊ पार्टी है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ी है।

वार्षिकोत्सव अनुभूति 2024 का दूसरा दिन रहा डी.जे.नाइट के नाम

लखनऊ। श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अनुभूति 2024' के तीन दिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन डी.जे. ट्रेसर के नाम रहा। शुक्रवार को सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस श्रृंखला में आज दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत युगल नृत्य से की गई। दूसरे दिन के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर ई. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर ई. पूजा अग्रवाल, वाईस चांसलर प्रो.(ड़ॉ.) देवेन्द्र कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। युगल नृत्य से शुरु होकर ई.डी.एम. नाइट (डी.जे.नाइट) तक के सफर में कई ऑन स्टेज तथा ऑफ स्टेज कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संचालित क्लबों ने अपने विशेष कार्यक्षेत्र से संबधित कार्यक्रमों को आयोजित किया जिनमें से प्रमुख क्लब सुरझंकार, एक्सप्रेशन, राजमत्ताज़, स्नैपशॉट, सृजन, गोल्डेनपेन, मंच जैसे क्लब्स ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों में शहर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों व कॉलेजेस ने प्रतिभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से बीबीडी, इंटिग्रल, लखनऊ विश्वविद्यालय, आई.टी कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज एवं अन्य कॉलेजेस की सहभागिता रही। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में नेहा राज निबंध प्रतियोगिता में, कविता पाठ में अर्षिता वा माही यादव, नुक्कड़ नाटक में आई. टी कॉलेज, गुरु शिष्य कार्यक्रम में अन्नपूर्णा द्विवेदी व आर्या, एकल गायन में जया शर्मा (इंटिग्रल विश्वविद्यालय) व अभिनित त्रिपाठी(लखनऊ पब्लिक कॉलेज) तथा समूह नृत्य में दि रॉग्य समूह(बी.बी.डी.) के प्रदर्शन के देखते हुए विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रो-चांसलर ई. पूजा अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्र जीवन में टाइम मैनेजमेंट पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट टर्म को सोच कर देखिए, किसी भी व्यक्ति के बस में नहीं है कि वह समय को अपने अनुरूप ढ़ाल सके, छात्रों के हाथ में सिर्फ यह है कि वह अपने आप को समय के साथ मैनेज कर सकते हैं। एक दिन में 24 धंटें सभी के लिए फिक्स है। उसका इस्तेमाल कैसे किया जाए यह व्यक्ति पर निर्भर करता है। कार्यक्रम में वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ वीना सिहं के साथ साथ विभिन्न संकायों के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

जब पुरबइया डोली तब याद आएगी पुलिस की 'गोली'

चकेरी और गुजैनी में तीन शातिर बदमाशों की पुलिस से आमने-सामने मुठभेड़

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। अपराधियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस मैदान में है। 'कप्तान' अखिल कुमार (पुलिस कमिश्नर) की नजरें जरा सी तिरछी होने के बाद चुन-चुन कर बदमाशों को पुलिस ठिकाने लगा रही है।

गुरुवार रात को दो अलग-अलग जगहों पर पुलिस टीम की अपराधियों से आमने-सामने की भिड़ंत हुई। जवाब में पुलिस ने गोली मार कर पैर 'पंचर' कर दिए। पुलिस की लगातार एनकाउंटर एक्सरसाइज से अपराधियों को पैगाम मिल चुका है, सुधर जाओ वरना गोली खाने को तैयार हो जाओ।

चकेरी थाना क्षेत्र में सजारी पुल के पास गुरुवार रात इनामी अन्तर्राज्यीय गैंग के दो बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की जिसमें काउंटर फायर में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाशों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम है।

डीसीपी ने बताया कि अपराधियों के पास से कंट्रीमेड पिस्टल बरामद हुआ है। देहरादून और दिल्ली के मुकदमे खंगाले जा रहे हैं। प्रिंसिपल की बेटी जो अल्मोड़ा में रहती हैं उनके घर में डकैती डालने की इनकी पूरी योजना थी। लेकिन इससे पहले उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया गया। दोनों बदमाशों से पूछताछ कर अन्य की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। वह लोग बेहद शातिर किस्म के हैं। दिल्ली में यह लोग कैब चलाकर घटना को अंजाम देते हैं। वहीं, गुजैनी थानाक्षेत्र के पिपौरी गांव में फजलगंज थानेदार की टीम ने महिला ऑफिसर से लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी सत्यम तिवारी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ने का प्रयास किया। इस पर उसने फायरिंग झोंक दी। जवाबी फायरिंग में पैर पर गोली लगने से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ कानपुर के अलावा भी कई थानों में संगीन धाराओं के मुकदमे दर्ज है।

> फरवरी माह में हरजिंदर नगर के रामगली मोहल्ले में प्रिंसिपल हेमलता जोशी के घर डकैती पड़ी थी। इस घटना में बदमाशों को पांच से सात करोड़ रुपये रखे होने की सूचना थी। बदमाशों का लगातार वह लोग पीछा कर रहे थे। सर्विलांस की मदद से सभी ती तलाश की जा रही थी। वह लोग फिर से डकैती की योजना बना रहे थे। उन बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। दो वांछित बदमाशों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। अन्तर्राज्यीय गैंग के यह सदस्य है। जानकारी की गई तो पता चला कि कल्याणपुर थानाक्षेत्र में 2022 में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। उस डकैती में पांच लोग नामजद थे। चकेरी में हुई मुठभेड़ में दोनों कल्याणपुर डकैती में वांछित थे। ये अन्तर्राज्यीय गैंग है इनके और अपराध को तलाशेंगे। एक पकड़ा गया बदमाश मध्यप्रदेश का है। दिल्ली इनका मुख्य ऑपरेशन एरिया है। दिल्ली यूपी इनका बेसिक ऑपरेशन का एरिया है। उन्होंने बताया कि बीच में इन लोगों ने दिल्ली में थे। मुखबिर की सूचना पर वैगनकार कार को घेरा गया। जिस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद दो बदमाशों से मुठभेड़ हुई। पकड़े गए बदमाशों में तेग बहादुर सिंह उर्फ प्रकाश, चंदन उर्फ चंदू, निवासी उत्तराखंड को गोली लगी है। वहीं दयाल सिंह निवासी उत्तराखंड और सत्येंद्र निवासी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।
>
> **:- डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह**

जीरो टॉलरेंस: 107 पुलिसकर्मियों की अपील खारिज

लापरवाही में 141 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुई थी विभागीय कार्रवाई

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। लापरवाही, घूसखोरी, धोखाधड़ी, दुष्कर्म, नशेबाजी जैसे मामलों में फंसे 141 पुलिसकर्मी विभागीय जांच में दोषी पाए गए थे। जांच अधिकारियों (राजपत्रित अधिकारी) की रिपोर्ट के बाद डीसीपी मुख्यालय ने उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए सर्विस बुक में बैड एंट्री व अर्थदंड से दंडित किया था। दंडात्मक कार्रवाई के चलते इनकी प्रोन्नति और वेतनवृद्धि तीन से पांच साल तक के लिए रुक गई है। पुलिस नियमावली के अनुसार विभागीय कार्रवाई के अंतर्गत आरोपी पुलिस कर्मी को बचाव का एक अवसर दिया जाता है। इसमें आरोपी पुलिसकर्मी अपना पक्ष रखते हैं। ऐसे में विभागीय जांच के दौरान दंडित किए गए 141 पुलिस कर्मियों में 107 पुलिस कर्मियों ने एडिशनल सीपी से दंडात्मक सजा को निरस्त करने की अपील की थी। इसे एडिशनल सीपी ने खारिज कर दिया है। अपील करने वालों में सात इंस्पेक्टर, 55 सब इंस्पेक्टर, 17 हेड कांस्टेबल व 28 कांस्टेबल शामिल थे। सूत्रों के अनुसार एडिशनल सीपी के यहां सजा को निरस्त करने की अपील करने वालों में प्रमोशन के लिए पुलिस मुख्यालय में तैनात लिपिक की मदद से सर्विस बुक से पन्ने गायब कराने वाले कांस्टेबल अश्वनी बाथम और महिला कांस्टेबल प्रतिमा राजपूत भी थीं।

> आरोपों के आधार पर ही राजपत्रित अधिकारियों से विभागीय जांच कराई गई थी। जांच में दोषी जाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है। ऐसे में दोषी पाए गए पुलिस कर्मियों की याचिका खारिज कर दी गई है।
>
> **अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर**

अस्मत लूटने पर पॉक्सो में मुकदमा

कानपुर देहात (स्पष्ट आवाज)। रसूलाबाद निवासी किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह कुछ माह पूर्व नवाबगंज थानाक्षेत्र निवासी नानी के घर आई थी। आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले आकाश चौधरी ने घर में अकेला पाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। परिजनों से शिकायत करने को कहा तो आरोपी ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। लोकलाज के डर से पीड़िता ने घर पर नहीं बताया। लेकिन पांच माह के गर्भ ठहरने की जानकारी पर उसने परिजनों को घटना बताई। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

होनहार खिलाड़ी तैयार करेगा नगर निगम

कानपुर। नगर निगम का पालिका स्टेडियम अब जल्द ही शहर की पहचान बनेगा। इसकी शुरुआत शुक्रवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा मैदान का भूमिपूजन करने के साथ कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवाओं के विकास और प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीती 12 मार्च को वर्चुअल माध्यम से सीएम पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी कर चुके हैं। शहर में अपनी खेल मैदान के रूप में अलग पहचान रखने वाला पालिका स्टेडियम बीते कई सालों से अपनी बदहाली के लिये आसू बहा रहा था। लेकिन विकास परक सोच रखने वाली केन्द्र और प्रदेश सरकार की प्रेरणा से कानपुर नगर निगम ने पहल की और खेलो इंडिया के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इसके जीर्णोद्धार का बीणा उठाया। शुक्रवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय ने इस कार्य के लिये पालिका स्टेडियम जाकर भूमि पूजन किया। अधिशाषी अभियंता आर के सिंह, सभासद सौरभ देव व अन्य उपस्थित रहे।

क्रिप्टो ट्रेडिंग का 'लॉलीपॉप', 17 लाख रुपए का चूना

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। साइबर ठगों ने क्रिप्टो में ट्रेड कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवक से 17 लाख रुपये की ठगी कर ली। बर्रा दो निवासी दिनेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक मिला। इससे वह एक ग्रुप से जुड़ गए। इस ग्रुप पर क्रिप्टो में ट्रेड करने और मर्चेंट की ऑनलाइन दृश्यता बढ़ाने पर लाभ देने की बात की गई। आरोपियों ने अपनी कंपनी का लिंक भेजकर ट्रेड में शामिल होने को कहा। 19 जनवरी 2024 से 23 जनवरी के बीच दिनेश ने 16.99 लाख रुपये कई बार में आरोपियों के दिए खाते में भेज दिए। इस बीच उन्हें ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा दिया जाता रहा। उन्होंने मुनाफे के रुपये की मांग की तो आरोपियों ने रुपये देने से मना कर दिया। उन्हें ग्रुप से हटाकर अतिरिक्त रुपयों की मांग की। साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

डंपर से टकराई बस, एक मौत, 12 घायल

मेहंदीपुर बालाजी से लौट रही थी बस, नौबस्ता में हुआ हादसा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी से आ रही बस अभी कानपुर के नौबस्ता थाना अंतर्गत प्रताप होटल के पास पहुंची ही थी कि खड़े डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ड्राइवर सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर बस में ही फंस गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नौबस्ता थाना पुलिस ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। तब तक बस चालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रविंद्र कुमार ने बताया कि घटना सुबह की है। नौबस्ता से रामादेवी की तरफ जाने वाले मार्ग पर यह घटना घटी है। नौबस्ता थाना पुलिस ने घायलों को काशीराम अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

जहां घायलों की हालत स्थिर है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लोकसभा चुनाव: अकबरपुर सीट से राजेश 'हाथी' पर सवार

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बसपा ने ठाकुर, पिछड़ा के मुकाबले ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर अकबरपुर में चुनाव को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। यहां से बसपा के दो बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। पहले बसपा इस क्षेत्र से एक बार ब्राह्मण कार्ड खेल चुकी है जिसमें उसे लाभ हुआ था। अबकी बार फिर उसने यही कार्ड आजमाया है। राजेश द्विवेदी बसपा से पहले भाजपा में थे। कानपुर की करवट में बसे अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव जातियों की गणित पर होता आया है। यहां लगभग साढ़े 18 लाख वोटर हैं। बिठूर, कल्याणपुर, महाराजपुर, रनियां-अकबरपुर और घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं।

बसपा का ब्राह्मण प्रत्याशी त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा सांसद को रोकने के लिए उतारा गया है। भाजपा ने यह सीट 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पौने तीन लाख वोटों से जीती थी। तब बसपा प्रत्याशी निशा सचान नंबर दो पर थीं। 2014 के मुकाबले 2019 में भोले ने इस पर इजाफा किया था। इस सीट पर सामान्य मतदाताओं की संख्या साढ़े पांच लाख से ज्यादा है।

जबकि ओबीसी पौने सात लाख के करीब और दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख से ज्यादा हैं। मुसलमान की संख्या डेढ़ लाख बतायी जाती है। बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी ने बताया कि उन्हें प्रत्याशिता का पत्र यानी सिम्बल दिया जा चुका है।

लैंगिक भेदभाव विषयक व्याख्यान पर कार्यक्रम सम्पन्न

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। क्राइस्ट चर्च डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विमेन डेवलपमेंट एंड जेंडर सैसटाइजेशन सेल द्वारा लैंगिक भेदभाव अर्थात जेंडर सेंसटाइजेशन विषयक एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 जोसेफ डेनियल के दिशानिर्देशन में किया गया। सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की प्रोफेसर एंड डीन कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ0 अंशु यादव रहीं। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ अंकिता लाल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत उप प्रचार्या प्रो0 सबीना बोदरा ने ईश्वर आराधना के साथ की। इस मौके पर महिला सेल की संयोजिका प्रो0 शिप्रा श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देकर सभी का स्वागत किया।

मुख्यवक्ता डॉ0 अंशु यादव ने छात्र छात्राओं को समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया और हमारे समाज में प्रचलित विभिन्न रूढ़ियां के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बालक एवं बालिका अर्थात दोनों के लिए शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रो. अंशु यादव को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. सूफिया शहाब ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. श्वेता चंद्र, डॉ. आशीष दुबे आदि का भी सहयोग रहा। इस मौके पर महिला सेल की स्वयं सेवक अंजलि, आर्यन, देवांश, प्रियांशु, आयुष, मानवी, रितेश का सराहनीय योगदान रहा व कॉलेज के अनेक शिक्षक-शिक्षिकायें रहीं।

मुठभेड़ में 25 हजार का इनामियां बदमाश गिरफ्तार

> ❍ जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में लगी गोली

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। खैराबाद थाना इलाके में शुक्रवार की सुबह एसओजी और इलाकाई पुलिस से 25 हजार के इनामी बदमाश की मुठभेड़ हो गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जब घेराबंदी की तो बदमाश ने गोली दाग दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर पर गोली लगी है। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से बाइक और अवैध असलहा सहित मोबाइल फ़ोन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सर्विलांस प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह व स्वाट प्रभारी प्रदीप दुबे को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि 25 हजार का इनामी बदमाश खैराबाद इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच और खैराबाद पुलिस टीम ने रहीमाबाद पुल के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। जिसके बाद उसने बाइक को छोड़कर जंगलों में घुसकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। गोली लगने से घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। एसपी चक्रेश मिश्रा बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश की पहचान विनोद पासी पुत्र मोहन पासी निवासी बाराबंकी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौका-ए-वारदात से चोरी की बाइक और मोबाइल फोन सहित अवैध असलहा जिंदा कारतूस और दो खोखे कारतूस के बरामद हुए फीड यूनिट ने साक्ष्यों को एकत्रित किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाश पर एक दर्जन से अधिक मुकदमें चोरी, डकैती की वारदातों में दर्ज है और अटरिया थाने में दर्ज एक मुकदमें वह वांछित चल रहा था।

पिता ही निकला शराबी बेटे का कातिल

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सदरपुर इलाके में गुरूवार को मिली युवक की लाश के रहस्य से पर्दा उठ गया है। पुलिस की जांच पड़ताल में कातिल मृतक का पिता निकला। बेटे की करतूतों से तंग आकर बुजुर्ग ने उसे मौत की नींद सुला दिया और लाश को बोरे में भर कर पड़ोसी गांव में सड़क के किनारे फेंक दिया था। जानकार सूत्रों की माने तो सदरपुर इलाके के भलवाही गांव का रहने वाला रामदास पासी अपने बेटे दीपू कुमार उम्र 25 वर्ष की आदतों से बेहद परेशान हो चुका था। दीपू हर दिन शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी से झगड़ा और मारपीट किया करता था। पत्नी और ससुराल वाले कई बार थाने में मुकदमा लिखाने की धमकी दे चुके थे। दीपू का पिता रामदास भी अपने बेटे की कारगुजारियों से आजिज आ चुका था। गुरूवार को दीपू नशे में धुत होकर अभद्रता कर रहा था, इसी बीच रामदास ने कुल्हाड़ी के उल्टे सिरे से उसके सिर पर तेज वार कर दिया और फिर मुँह दबा कर उसकी हत्या कर दी। रामदास ने बोरे में बेटे का शव भर कर उसे गांव के बाहर फेंक दिया। लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की तो शव करीब एक सप्ताह पुराना बताया गया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो रहस्य से पर्दा उठने लगा। पुलिस के सामने रामदास ने कत्ल की बात स्वीकार की।

शादी का झांसा देकर युवक ने प्रेमिका से बनाये शारीरिक संबंध

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शादी का झांसा देकर युवक एक वर्ष तक अपनी प्रेमिका से शारीरिक संबंध बनाता रहा। परिजनों की सहमति से वरीक्षा भी हो गई, किंतु अब वर पक्ष शादी करने से इंकार कर रहा है। बालिका के पिता ने वरीक्षा के दौरान दो लाख की नकदी व सोने की चेन दिए जाने की बात कही है। महमूदाबाद के एक गांव निवासी शख्स ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री को मुबारकपुर के अंकित भार्गव पुत्र राम सजीवन ने झांसे में लेकर प्रेम प्रसंग में फंसाया। इस दौरान पक्षों में सहमति बनने पर वरीक्षा भी हो गई। जिसमें दो लाख की नकदी व सोने की चेन भी दी गई। आरोप है कि शादी एक साल बाद करने की बात कहकर अंकित एक साल तक युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा।

लोकसभा चुनाव के बाद ही हटाया जाये अतिक्रमण

> ❍ कोतवाली में हाईवे अफसरों की बैठक में व्यापारियों की दो टूक
>
> ❍ हाईवे अफसर बोले 20 मार्च से हटाये जायेंगे सड़क से अवैध कब्जे

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली परिसर में शुक्रवार को एसडीएम अनिल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में नेशनल हाईवे के अधिकारियों व व्यापारियों की बैठक हुई। इस मौके पर नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाये जाने पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने होली त्यौहार के मद्देनजर उससे पहले अतिक्रमण हटाने पर सख्त आपत्ति जताई। व्यापारियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद ही अतिक्रमण हटवाया जाये। हालांकि नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने भी अपनी मजबूरियां रखी। नेशनल हाइवे संख्या 24 पर सिधौली-बिसवां चौराहा के नगर पंचायत के सामने से ओवरब्रिज का निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर कस्बे में हाईवे के किनारे स्थित अतिक्रमण हटाने का अभियान 20 मार्च से चलाने की बात हाईवे के अधिकारियों ने बैठक में कही। जिससे ओवरब्रिज का निर्माण सुगमता से चलता रहे। बैठक में पहुँचे व्यापारी व भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने होली व ईद त्योहार के चलते अतिक्रमण अभियान रोकने की बात कहते हुए विरोध किया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव तक कोई भी अतिक्रमण अभियान न चलाया जाये। जिससे आम नागरिक का नुकसान न हो। बैठक में मौजूद उपजिलाधिकारी अनिल कुमार रस्तोगी ने दोनों पक्षों की बात सुनते हुए कहा कि व्यापार मंडल व नगर पंचायत द्वारा जो समस्या है उसे लिखित रूप से दे। जिससे वह आगे उच्चाधिकारियों तक भेज सके। वहीं नेशनल हाइवे के एआई प्रदीप सिंह, टोल गेट मैनेजर संदीप सिंह ने अतिक्रमण अभियान आगे टालने में असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि इससे कार्य की प्रगति में बाधा आएगी। उन्होंने बताया कि कस्बा के बिसवां चौराहा के आगे स्थित नगर पंचायत के तालाब से ओवरब्रिज निर्माण शुरू होगा और 250 मीटर के बाद 70 मीटर रास्ता छोड़ कर कर फिर 250 मीटर का ओवरब्रिज बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय प्रकाश सिंह, विजय शंकर जायसवाल आदि मौजूद रहे।

लक्ष्य का निर्धारण कर हासिल करें सफलता: शिखा शुक्ला

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने से आत्मबल बढ़ता है। सफल होने वाले प्रतिभागी पुरस्कार व सम्मान के पात्र बनते हैं किन्तु जो सफल नहीं हो पाते उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें लक्ष्य का निर्धारण करके निरन्तर प्रयत्न करते रहना चाहिए। प्रयास जारी रखने वालों को एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा के पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सीता ग्रुप ऑफएजुकेशन के चेयरमैन आरके बाजपेयी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा छह, सात व आठ कुल दो सौ चौबीस विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चक्र में चयनित सौ बच्चों और अंतिम राउंड में चयनित कम्पोजिट स्कूल सरैयां चलाकापुर के अमन यादव और गौतमी, कम्पोजिट विद्यालय देव सराय के करण कुमार, गोधौरी के संजय कुमार और गुलरामऊ के अखिलेश गुप्त को बेसिक शिक्षा विभाग और सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गए। बीईओ सीमा चौहान, प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री ज्ञानेश मिश्र, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, संदीप वर्मा, पुनीत वर्मा, अर्चना वर्मा, अनुपम वर्मा, रंजना मिश्रा, रेनू सिंह, शशांक वर्मा, नवीन दुबे, सपना शर्मा, अवंतिका गुप्ता, विनोद वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन एआरपी पीयूष वर्मा ने किया। इस अवसर पर एआरपी विजय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, सिराज अहमद, अभिषेक परिहार, अनुज वर्मा, प्रदीप पाल, शैलेन्द्र वर्मा, सतीश सोनी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

> ❍ राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा के प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार

सकुशल संपन्न हुई जुमे की नमाज, मुस्तैद रहा प्रशासन

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रमजान माह के पहले जुमे की नमाज शुक्रवार को सकुशल संपन्न हो गई। इस दौरान एएसपी प्रवीण रंजन सिंह, सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह के साथ जामा मस्जिद, मरकज मस्जिद व नई बाजार मस्जिद, शिया मस्जिद पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एएसपी द्वारा रोजेदारों ने वार्ता कर सीएए कानून के बारे जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत में रहने वाले किसी भी वर्ग को इसके दायरे में नहीं रखा गया है, इसलिए अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें।

विद्यालयों के संचालन में ग्राम प्रधानों की अग्रणी भूमिका: बीडीओ

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक संसाधन केंद्र रेउसा में शुक्रवार को ग्राम प्रधानों, विद्यालय प्रबंध संमिति के सदस्यों एवं प्रधानाचार्यों के उन्मुखीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रेउसा खण्ड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय एवं उसमें पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर प्रकार की व्यवस्था के सुचारू संचालन में ग्राम प्रधानों की भूमिका अग्रणी है। प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के लोग कायाकल्प से सम्बंधित सभी उन्नीस पैरामीटर्स पर ध्यान अवश्य रखें, यदि कहीं कोई व्यवधान है तो उसे दूर करने के लिए समग्र प्रयास किये जायें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी राम जनक वर्मा ने सभी प्रधानाचार्यों से ग्राम सभा स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए कायाकल्प एवं निपुण भारत मिशन जैसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपील की। कार्यक्रम को संगठन के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय, मंत्री सच्चिदानंद अवस्थी,रामेन्द्र शुक्ल विकास शुक्ल ने भी संबोधित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों को लेकर उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रधानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं इस कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नंदराम गौतम, ओमकार सिंह, राजकुमार वर्मा, आदित्य पांडेय, ओमप्रकाश उपाध्याय, शिवकुमार बाजपेयी, अशोक निषाद, रामेन्द्र मिश्र, देवेंद्र सिंह, संगीता यादव, अशोक निषाद, भगवती प्रसाद, अमरेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

शरीर को हानि पहुँचाने वाली आयुर्वेदिक दवाओं से बचे

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने कहा कि बाजार में बिकने वाली ऐसी आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन कदापि न करे जिनसे उनके शरीर में सूजन, मोटापा या अत्यधिक कमजोरी या शक्ति (ताकत) का एहसास हो रहा है। ऐसी औषधियाँ शरीर के लिए हानिकारक हो सकती हैं। इन औषधियों के सेवन से धीरे-धीरे हृदय, फेफड़े तथा त्वचा आदि पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शरीर में अनेक मानसिक एवं शारीरिक रोग उत्पन्न कर शरीर की इम्युनिटी कम करती हैं।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या-88/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या:- 29 दिनांक 28.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की वेबसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांकः 429, दिनांक : 15.03.2024

कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक : 163/टी0सी-04/2023-24 दिनॉक : 14.03. 2024

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में 'स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 अन्तर्गत आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय' परियोजना 02 की अतिअल्पकालीन ई-निविदा निम्नलिखित तिथियो में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 14.03.2024 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से	दिनांक 19.03.2024 समय अपरान्ह 05:00 बजे तक	दिनांक 20.03.2024 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी - 1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

कोई भी संगठन बिना कार्यकर्ताओं के नहीं चल सकता: धर्मपाल

बलरामपुर। कोई भी संगठन बिना कार्यकर्ताओं के नहीं चल सकता। भाजपा में आज करोड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही संगठन मजबूत होता है। सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। यह बातें तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कही। उन्होने कार्यकर्ताओं से एक-एक कर संगठन की बारीकियों को साझा किया। संगठन में कैसे कार्य करना है और पार्टी को मजबूत करने पर भी बारीकी से बताया। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। पार्टी की शुरुआत लोकसभा के दो सीटों से हुई थी, जो आज बढ़कर 300 से ऊपर पहुंच चुकी है। पीएम मोदी के विकास कार्यों को देखते हुए लोग भाजपा में तेजी के साथ शामिल हो रहे हैं।

चुनाव में वही पार्टी जीतती है जो अपने सभी बूथों पर विजय प्राप्त करती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को जिताने का प्रयास करें। जिससे पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया जा सके। अबकी बार लोकसभा में 400 सीटों के साथ भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बन रही है। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि देश में सबसे महत्वपूर्ण युवा वर्ग है। भाजपा युवाओं के लिए विशेष कार्य कर रही है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। भाजपा में युवा कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक है। युवा वर्ग पूरे जोश के साथ पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है। लोक सभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की 80 में 80 सीटें भाजपा ही जीतेगी। मोदी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, श्रावस्ती प्रभारी, शिव नायक वर्मा, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राम करन सिंह, अनूप गुप्ता, वरुण सिंह मोनू, रवि मिश्रा, विष्णु देव गुप्त, बृजेन्द्र तिवारी, अजय सिंह पिंकू, बिन्दू विश्वकर्मा, अवधेश तिवारी तरुण, आद्या सिंह, ललिता तिवारी, नंदनी शुक्ला, अंशुमान शुक्ला, अवधेश पाण्डेय, वीरेन्द्र दुबे सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गर्मी शुरू होते ही अमचुर नेरुवा में पेयजल संकट

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के अमचुर नेरुवा गांव में गर्मी की दस्तक होते ही जल संकट शुरु हो गया है। ग्रामीण जल संकट के पीछे नल-जल से व्यवस्था करने वाली कम्पनी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शुक्रवार को अमचुर नेरुवा गांव के लोगो ने बताया कि पेयजल को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी शुरु होते ही पानी की आफ्त भी आ जाती है। मारकुंडी में सार्वजनिक हैंडपम्प हैं, देखरेख के अभाव में हैंडपम्प भी खत्म होता जा रहा है। गर्मी में शादी समारोह व अन्य सामाजिक कार्य होने पर पानी की समस्या विकराल हो जाती है। मारकुंडी कोलान के मुंडा कोल, श्याम प्रकाश गौतम के पास लगे हैंडपंप महीनो से खराब पडे हैं। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या खत्म न हुई तो मानिकपुर ब्लाक व तहसील में धरना देंगे।

डीएम ने मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का किया औचक निरीक्षण

● मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का लिया जायजा, ग्रामों में योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन का जाना हाल, पेयजल परियोजना का भी किया निरीक्षण

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाता सूची की तैयारी, मतदाता पहचान पत्र वितरण, मतदान प्रतिशत इत्यादि के साथ-साथ विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षकों छात्रों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम तथा विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला अधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा के मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने ग्राम धरसवां मतदान केन्द्र पूर्व मा. विद्यालय पहुंचकर पाया कि मतदान केन्द्र पर विवरण अंकित नहीं किया गया है इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि विकास खण्ड अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र से सम्बन्धित विवरण अंकित कराने के साथ केन्द्र के सभी कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ मानक के अनुरूप अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराये। इसके पश्चात् डीएम ने बीएलओ, कोटेदार, प्रधान व अन्य सम्बन्धित के साथ मतदाता सूची का सत्यापन करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक व शिफ्टेड, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाय और अर्ह नागरिकों का नाम सूची में शामिल किया जाय। फर्म 06 भरने वाले सभी नागरिकों का डाकघर से समन्वय कर मतदाता पहचान पत्र का वितरण करायें ताकि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 के मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर ही तहसीलदार अभयराज पाण्डेय को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 का मतदान प्रतिशत मुहैया कराये। विद्यालय के शौचालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय में जलापूर्ति न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि नियमित रूप से शौचालय में जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। इसके पश्चात् डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि पेयजल परियोजना को शासन के मानक व मंशानुसार पूरी क्षमता से संचालित किया जाय। इसके पश्चात् उन्होनें ग्राम का भ्रमण कर गुरूबचन, गुरदीन, मुन्नी के पेयजल कनेक्शन का निरीक्षण भी किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने ज्योति, सुनीता, ममता, कुसुमा व अन्य महिलाओं से आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषाहार वितरण व अन्य शासकीय योजनाओं का फीड बैक प्राप्त किया।

पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

बलरामपुर। 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा सीमा चौकी डगमारा के पटखोली गांव में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 13 को पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवेंद्र मणि ओझा राजकीय पशु चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मणपुर (उत्तर-प्रदेश) की निगरानी में 44 लाभार्थियों के 167 पशुओं का इलाज किया गया। इस शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी गई तथा पशुओं की अच्छी तरह से देख-रेख करने के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नौवी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के पशु चिकित्सालय विभाग के बलकर्मी, जवान एवं ग्राम के नागरिक मौजूद रहे ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों और कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बूथों को अभी से व्यवस्थित करा लिया जाए।

मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखा जाए। खासतौर से महिला,वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए। इसके लिए बूथों पर रैंप, बिजली, पानी और शौचालयों को दुरुस्त करा लिया जाए। मतदान से पहले ही बूथों पर बैरिकेटिंग कर ली जाए। जिससे उस दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, कैमरा, टेलीविजन और कंप्यूटर कक्षों का अवलोकन किया। निर्देश दिया की निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम में जिन भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

समय से उपस्थित रहेंगे और बारीकी से सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सकुशल,शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित करना ही हम सब की प्राथमिकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास नहीं वोट लेने तक का है गांधी परिवार का नाता: राघवेन्द्र सिंह

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने सांसद सोनिया गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिर्फ वोट से मतलब रखती हैं। विकास से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। पांच साल तक एक बार भी जिले में कदम रखना मुनासिब नहीं समझा। जिले के लोगों को गुमराह करते हुए स्वास्थ्य का हवाला देती रहीं, लेकिन बाहर जाने का पूरा समय था। जनता अब सब जान चुकी है। किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने राही ब्लाक के लोधवारी में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पर खूब प्रहार किया।

साथ ही प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। इस मौके पर कुंवर बहादुर सिंह के आवास पर बैठक की। इसमें कृष्ण वीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राही, केवी सिंह सेक्टर प्रभारी, गंगा प्रसाद, शिवकरण मौर्या, बाबू लाल, प्रमोद कुमार, गुड्डू सिंह, यथार्थ सिंह आईटी युवा मोर्चा राही, आजाद सिंह बीडीसी, अजय सिंह, राम प्रकाश सिंह, अचल बहादुर सिंह, पवन कुमार यादव प्रधान, आनंद सिंह, अखिलेश यादव, किशन सिंह युवा मोर्चा मंत्री राही आदि मौजूद रहे।

इसके बाद पूर्व सांसद गोंदवारा पहुंचे। यहां पर जागेश्वर मौर्या ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, शिववीर सिंह युवा मोर्चा महामंत्री, जयवीर सिंह, इबरार अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष, सगीर अहमद, रामबरन मौर्य, सफीक, सनोज कुमार, शिव नरेश यादव, संतराम पाल आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के सपने पूरे हो रहे हैं। आवास, पेयजल, राशन, सिलेंडर आदि का लाभ मिल रहा है। इसी तरह पूरे महंगू मोनई मंदिर में लोगों से जनसंपर्क किया। यहां पर बच्चन लाल द्विवेदी, परमानंद द्विवेदी, अनिल त्रिवेदी, सदाशिव त्रिवेदी, धीरेंद्र द्विवेदी, राजन आदि मौजूद रहे। नथुआपुर में वीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्रधान, कनिष्क सिंह मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, कृष्णकांत तिवारी, संत बक्श सिंह, आयुष प्रताप सिंह, बनवारी लाल पूर्व प्रधान रतंसीपुर आदि से मिलकर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

जनपद में खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण शुरू

● दो ब्लाकों व नगर क्षेत्र की दो दुकानों पर अन्त्योदय कार्डधारकों को मिलेगा मक्का

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 15 से 29 मार्च 2024 तक किया जायेगा। उक्त वितरण अवधि में (ब्लाक चित्तौरा एवं विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की दो उचित दर दुकानों कमशः श्रीमती प्रेमा गांधी व सैफ उल्लाह को छोड़कर) शेष अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति राशन कार्ड पर 14 कि.ग्रा. गेहूं व 21 कि.ग्रा. चावल कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ब्लाक चित्तौरा व विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की 02 उचित दर दुकानों से सम्बद्ध अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति कार्ड 14 कि.ग्रा. गेहूं, 20 कि.ग्रा. चावल व 01 कि.ग्रा. मक्का कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को रू. 18 प्रति किलो की दर से 03 किलोग्राम चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि वितरण अवधि के दौरान पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। श्री तिवारी ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात् तत्समय ही अपना अनुमन्य खाद्यान्न विकेता से प्राप्त कर लें। श्री तिवारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया है कि निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों को ई-पॉस मशीन के माध्यम से अनुमन्य खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराएं। किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

तीन के कब्जे से लहन नष्ट कर बरामद की शराब

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से सौ किलो लहन नष्ट कर 22 क्वार्टर देशी व 14 लीटर महुआ शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। शुक्रवार को चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही श्यामू, दीपप्रताप सिंह के साथ रघुवीर यादव पुत्र रामनरेश बीरा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने दीवान मुकेश कुमार, सिपाही शुभम मिश्रा व महिला सिपाही निशा अहिरवार के साथ कमला देवी पत्नी रामसिया चिल्लीराकस के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

परीक्षा फल वितरण समारोह में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

महराजगंज,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में शुक्रवार 15 मार्च 2024 को वार्षिक प्रगति- पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक (लखनऊ खंड) उमेश द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, उप-जिलाधिकारी महराजगंज रजित राम गुप्ता, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, कार्यालय प्रमुख जिला विद्यालय निरक्षक जयेंदु मिश्रा एवं विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, संयुक्त प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा, एन0एस0बी0वी0एम0 के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, एन0 एस0पी0एस0 त्रिपुला के प्रधानाचार्य एस0एल0 प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य एन0एस0सी0एच0ई0 शिव ओम श्रीवास्तव, एन0एस0पी0एस0 सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप प्रधानाचार्या- रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्यों व अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की श्रंखला में सर्वप्रथम सेजल, प्रज्ञा, संध्या, गरिमा, पंखुड़ी, अंशिका भारती ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया। अनुष्का, खुशी, नव्या, शालू, अदिती के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। नर्सरी, एल0के0जी0 और यू0के0जी0 के नौनिहालों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जो कि बहुत ही मनमोहक रहे। प्रांजुल बाजपेयी, महेंद्र यादव, प्रिंस वर्मा, आयुषी यादव, अनन्या मिश्रा, जारा, नित्या पाण्डेय, उर्वशी, आरुषी, आकृति, कृति सिंह, सोनाक्षी पटेल, अनुष्का चौधरी, दर्शिका, कशिश पटेल, प्रज्ञा, अहम, अमन पटेल, अभिषेक, वेदांत, सक्षम, आकर्ष, एंजल, प्राख्या, शाक्षी, अर्पिता, इशानी, आर्या, एलिमा, नैमिस, मोनिका, अंशिका, श्रवि, प्रगति, तेजस्वी, दृष्टि, धानी, कृतिका, अदिति सिंह, समीक्षा, आयुषी, मुस्कान, रिया, अनन्या, आराध्या, अनुष्का, आस्था, काव्य, यशी आदि के द्वारा ओल्ड एज होम्स, क्लीन इंडिया, इतिहास का आइना, होली डांस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति ने अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह दिया गया। इसी कड़ी में प्राइमरी विंग टॉपर -उत्कर्ष सिंह, जूनियर विंग टॉपर -राजवीर सिंह, सीनियर विंग टॉपर- पलक मौर्या की घोषणा की गई, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एस0ओ0एफ0 सेकंड लेवल क्वालीफायर छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा द्वारा स्कूल टॉपर-राजवीर सिंह की घोषणा की गई तथा उसे सम्मानित किया गया। साथ ही 2023 बोर्ड परीक्षा के हाई स्कूल टॉपर रितिका पटेल व इण्टर मीडिएट टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 में एक भी दिन अनुपस्थित न रहने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम इन छोटे बच्चों की प्रस्तुति को सराहा और कहा कि, अभिभावकों के सहयोग व छात्र-छात्राओं के परिश्रम और विद्यालय के सामूहिक प्रयास के प्रतिफल स्वरूप इन बच्चों की प्रस्तुति इतनी शानदार हो सकी। उन्होंने कहा कि, सभी बच्चों में समान प्रतिभा होती है और बच्चों की प्रतिभा को परखना ही एक शिक्षक का कार्य होता है। विद्यालय संस्थापक ने कहा कि, उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम विगत वर्षो से उत्कृष्ट रहा है, आज बच्चे बोर्ड परीक्षाओं की वरीयता सूची में अपना नाम दर्ज कराने में सफल होते रहे हैं, साथ ही यहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में अपना योगदान देकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा तथा प्रत्येक कक्षाओं के रैंकर्स इस प्रकार रहेः प्राइमरी विंग में- कक्षा-1से प्रथम स्थान-प्राख्या श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान -शादाब रायनी, तृतीय स्थान- समीक्षा शुक्ला व आरुष शुक्ला, कक्षा-2 से प्रथम स्थान- सोनाली यादव व अंशुमान जायसवाल, द्वितीय स्थान- अंशुमन यादव, तृतीय स्थान- नित्यम पाण्डेय, कक्षा-3 से प्रथम स्थान- अहम मौर्या, द्वितीय स्थान- साक्षी यादव, तृतीय स्थान- अंकिता पटेल कक्षा-4 से प्रथम स्थान- साक्षी, द्वितीय स्थान- नूर फलक, तृतीय स्थान- राम, कक्षा-5 से प्रथम स्थान- उत्कर्ष सिंह,द्वितीय स्थान- अंश सोनी, तृतीय स्थान-शामर्श। इसी प्रकार जूनियर विंग में- कक्षा -6 से प्रथम स्थान- हिमांशु गुप्ता, द्वितीय स्थान- अभिषेक यादव, तृतीय स्थान- तान्या अवस्थी, कक्षा-7 से प्रथम स्थान- सृष्टि जायसवाल, द्वितीय स्थान- श्रुति मिश्रा, तृतीय स्थान- सत्यवीर, कक्षा- 8 से प्रथम स्थान- राजवीर सिंह, द्वितीय स्थान- दिशा जैन, तृतीय स्थान- प्रियांशु अवस्थी रहे।

गांव की पगडंडी पर लाठी के सहारे जा रही बुर्जुग महिला को देख गाड़ी से उतर पड़ी डीएम

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम धरसवां में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम की पेयजल परियोजना के निरीक्षण हेतु जाते समय डीएम मोनिका रानी ने देखा की एक वृद्ध महिला लाठी के सहारे एक बच्ची के साथ खरामा-खरामा गांव की ओर जा रहीं है। यह नज़ारा देख कर डीम ने तत्काल अपनी गाड़ी को रूकवाया और नीचे उतर कर बुजुर्ग महिला का कुशलक्षेम जानते हुए पूछा माता जी कहां जा रही है, आपको पेंशन मिल रही है या नहीं। बुजुर्ग महिला फूलमती ने बताया कि उसे पेंशन मिल रही है और वह नातिन के साथ घर जा रही है। डीम ने कहा कि माता जी चलिए मैं अपनी गाड़ी से आपको घर छोड़ दूं। यह बात सुनकर वह एक बेटी, बहन, पत्नी, माता, नानी, दादी के किरदार में रंग भरते हुए बेशक कमर तो झुक गई है लेकिन हौसला आज भी चट्टान की तरह अडिग है, मुस्कुराते हुए डीएम को ढेरों दुआएं दी और विनम्रता के साथ कहा कि बेटी में पैदल ही अवने घर चली जाऊंगी। चलते चलते डीएम ने वृद्ध महिला से कहा कि आगामी लोकसभा के निर्वाचन में मतदान अवश्य करियेगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज कैसरगंज में रहेगी डीएम

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आज माह मार्च के तृतीय शनिवार को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया है। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

भगवान से बड़ा कोई साथी नहीं: आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) विकास खंड लालगंज स्थित ग्राम कनकापुर गांव में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को भागवत का महत्व समझाया गया।शुक्रवार को पांचवें दिन गजेंद्र मोक्ष,समुद्र मंथन के साथ ही प्रभु के मोहिनी अवतार व श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई।कथावाचक आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भगवान से बड़ा कोई साथी नहीं है।भागवत में चार वर्ण हैं।भ अर्थात भक्ति देने वाला,ग अर्थात तप का फल देने वाला,यह महापुराण है।उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई।उन्होंने कहा कि गजेंद्र ने अपने पारिवारिक बंधुओं सहित सारा जीवन व्यतीत कर दिया, किंतु अंत समय में ईश्वर के अतिरिक्त किसी ने उसका साथ नहीं दिया।उसी प्रकार लोगों को परिवार में रहते हुए भी ईश्वर स्मरण बनाए रखना चाहिए तभी मुक्ति प्राप्त हो सकती है।देवताओं ने असुरों से मिलकर समुद्र मंथन कर अमूल्य रत्न प्राप्त किए थे।उसी प्रकार हमें भी अपने समुद्ररूपी जीवन का मंथन कर सदगुण रूपी अमूल्य रत्नों को ग्रहण करना चाहिए।भगवान सदाशिव ने सबको आनंदित करने वाले रत्नों की उपेक्षा करते हुए जनमानस को कष्ट पहुंचाने वाले विष को ग्रहण कर विश्व का हित किया था।उसी प्रकार हमें भी दूसरो के कष्टों को ग्रहण करना चाहिए।श्री आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा भी सुनाई।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को पृथ्वी पर बढ़ रहे पाप को मिटाने के लिए श्री वासुदेव व देवकी के घर अवतार लेना पड़ा।भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने से पूर्व देवकी को अपने प्रथम सात पुत्रों को त्यागना पड़ा।श्री आचार्य जी ने बताया कि किस तरह देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के पैदा होने के बाद वासुदेव जी महाराज भगवान कृष्ण को बदलकर उनकी जगह पर योग माया को लेकर आए।भगवान कृष्ण को गोकुल में यशोदा मैया की गोद में देकर आ गए।यशोदा मैया की गोद में तो कन्या पैदा हुई थी।भगवान की लीला हुई।वासुदेव जी को आकाशवाणी से हुक्म हुआ कि लाला को नंद बाबा के घर यशोदा मैया के पास छोड़कर कन्या को लेकर वापस कंस की जेल में आना है।नंदलाल के पैदा होने की खुशी में नंद बाबा के यहां उत्सव शुरू हो गया।बधाई देने वालों का तांता लग गया।इधर कंस को जब पता चला कि देवकी के आठवां बच्चा पैदा हो गया है।उन्होंने बच्ची को मारने की जब कोशिश की,वह योगमाया का रूप लेकर आकाश में चली गई।वहां उन्होंने भविष्यवाणी की कि तेरे मारने वाला तो गोकुल में पैदा हो चुका है,कंस ने सभी नए जन्मे बच्चों को मारने के लिए पूरी कोशिश की, परंतु वह किसी भी तरह भगवान कृष्ण का बाल भी बांका नहीं कर पाए।ईश्वर की प्राप्ति से पूर्व हमें काम,क्रोध, लोभ,मोह,मद व अहंकार का त्याग करना पड़ेगा।इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया और झांकी का आनंद उठाया।इस अवसर पर शिव भवन सिंह,सरिता सिंह,प्रदीप सिंह,संजू सिंह,मधु सिंह,डॉ अशोक कुमार सिंह,डॉ रेखा,अमोद पांडेय, अशोक सिंह प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल,अरुण कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज,शीलू सिंह,उदयभान सिंह एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह,स्वयंबर सिंह,शिव लोचन सिंह,दिनेश बाबू,अवधेश सिंह,राम बहादुर सिंह,शिव हर्ष सिंह फौजी आदि सैकड़ों कथाप्रेमी उपस्थित रहे।

हम एक रोटी भले ही कम खाएं, पर बच्चों को अच्छी तालीम जरूर दिलाएं: मौलाना सईदुर्रहमान

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) डा रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किए गए ।परीक्षा फल पाकर बच्चों में खुशी दिखी। वहीं सभी अभिभावक विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं और पढ़ाई से संतुष्ट दिखे। लालगंज कस्बे के डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मौलाना सईदुर्रहमान और अध्यक्षता राम स्वरूप सोनी ने की तथा संचालन सोनी बेगम ने किया। मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा हम एक रोटी भले ही कम खाएं ,पर बच्चों को अच्छी तालीम जरूर दिलाएं । बच्चों से कहा आपको मोबाइल की जगह एक हाथ में कलम और एक हाथ में किताब लेने वाला बनना है और अच्छी तालीम हासिल कर डाक्टर, इंजीनियर,और देश के लिए मर मिटने वाला सिपाही बनना है। मुखातिथि द्वारा सभी कक्षाओं में प्रथम,द्वितीय,और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा फल तथा पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। विद्यालय में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्राची प्रजापति को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अताउर रहमान के द्वारा सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	02302024 दिनांक 15.03.2024
2	निविदा संख्या	05/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 06/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 07/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 08/Sr.DEN-V/LKO/2024-25
3	कार्य का नाम : 1. लखनऊ मंडल में सोनिक गुड्स शेड का सुधार। 2. लखनऊ मंडल के रौजागांव गुड्स शेड का सुधार। 3. लखनऊ मंडल पर बिलहरघाट गुड्स शेड का विकास। 4. लखनऊ मंडल में बाराबंकी गुड

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शनिवार, 16 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, सप्तमी (कृष्ण पक्ष)

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

हरियाणा का चुनावी 'चक्रव्यूह'

हरियाणा में अचानक हुए राजनैतिक नेतृत्व परिवर्तन का अर्थ भी पूरी तरह से 'राजनैतिक' ही है। 2019 से राज्य में चल रही मनोहर लाल खट्टर सरकार दुष्यन्त चौटाला की जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर सत्ता पर जिस तरह काबिज थी उसमें प्रदेश की जातिगत संरचना इस प्रकार सध रही थी कि राज्य के प्रत्येक वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व इसमें हो सके। हरियाणा चुंकि एक कृषि मूलक राज्य है अतः श्री खट्टर ने स्व. चौधरी देवीलाल की विरासत संभाले दुष्यंत चौटाला की पार्टी से सहयोग कर अपनी सरकार को समग्र स्वरूप में पेश करने का प्रयास किया, जिसमें उन्हें कई अर्थों में सफलता भी मिली। कहने को कहा जा सकता है कि जनसंघ के जमाने से ही भारतीय जनता पार्टी इस राज्य की दूसरे नम्बर की सबसे बड़ी पार्टी रही मगर डा. मंगल सेन की मृत्यु के बाद से इसे ऐसा कोई नेता नसीब नहीं हुआ जिसकी स्वीकार्यता समाज के सभी वर्गों में हो। बेशक 2014 के विधानसभा चुनावों, इससे पूर्व हुए लोकसभा चुनावों में चली मोदी लहर में भाजपा को अपने बूते पर पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ और यह राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। उस वर्ष भाजपा ने एक जमीनी कार्यकर्ता श्री खट्टर को खोजकर उन्हें सरकार की कमान सौंपी और इस रवायत को नकार दिया कि हरियाणा में केवल कोई जाट नेता ही मुख्यमन्त्री बन सकता है।

> हरियाणा चुंकि एक कृषि मूलक राज्य है अतः श्री खट्टर ने स्व. चौधरी देवीलाल की विरासत संभाले दुष्यंत चौटाला की पार्टी से सहयोग कर अपनी सरकार को समग्र स्वरूप में पेश करने का प्रयास किया, जिसमें उन्हें कई अर्थों में सफलता भी मिली। कहने को कहा जा सकता है कि जनसंघ के जमाने से ही भारतीय जनता पार्टी इस राज्य की दूसरे नम्बर की सबसे बड़ी पार्टी रही मगर डा. मंगल सेन की मृत्यु के बाद से इसे ऐसा कोई नेता नसीब नहीं हुआ जिसकी स्वीकार्यता समाज के सभी वर्गों में हो।

श्री खट्टर ने अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी और स्पष्टवादी सोच के सहारे पूरे पांच वर्ष तक एक सफल सरकार चलाई मगर 2019 के चुनावों में पार्टी को अपने बूते पर 90 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका हालांकि 41 सीटें प्राप्त करके यह सबसे बड़ी पार्टी बनी। तब इसने श्री दुष्यन्त चौटाला की जननायक जनता पार्टी के विजयी दस विधायकों के साथ गठबन्धन सरकार बनाई मगर वर्तमान में लोकसभा चुनावों से ऐन पहले श्री चौटाला ने लोकसभा चुनावों में सीट बंटवारे के मुद्दे पर मतभेद हो जाने की वजह से सरकार से अलग होने का फैसला किया और अपने बूते पर ये चुनाव लड़ने का मन बनाया। बेशक दुष्यन्त चौटाला की पैठ कृषिमूलक समाज खासकर जाट मतदाताओं में मानी जाती है जबकि राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का जनाधार भी इस वर्ग समेत अन्य सामान्य व दलित समूहों में भी पुरअसर माना जाता है। कांग्रेस के नेता राज्य में श्री भूपेन्द्र हुड्डा है जिनकी लोकप्रियता भी कम नहीं आंकी जाती है।

आज का इतिहास

1690 -फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने आयरलैंड में सेना भेजी।
1846 - अमृतसर समझौते के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह के अधीन कर दिया गया।
1922 - इंग्लैंड ने मिस्र को मान्यता दी।
1939 - चेकोस्लोवाकिया पर जर्मनी ने कब्जा किया।

1966 -अमेरिका ने मानवयुक्त अंतरिक्ष यान ÷जेमिनी 8÷ लांच किया।
1976 -आठ सालों तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता रहे, हैरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र देकर सबको चौंका दिया था।
1978 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1982 - रूस ने पश्चिम यूरोप में नए परमाणु मिसाइलों की तैनाती रोकने की घोषणा की।
1989 -मिस्र में चिपोज के पिरामिड में 4400 साल पुरानी ममी मिली।
1995 -नासा अंतरिक्ष यात्री नॉर्मन रूसी अंतरिक्ष स्टेशन मीर का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी बने।
1998 - चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन अगले कार्यकाल के लिए पुन- राष्ट्रपति निर्वाचित।
2003 -ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
2004 -रूस में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे।

महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य उम्मीद से अधिक जटिल

डॉ. ज्ञान पाठक

लोकसभा सीटों के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य महाराष्ट्र, एनडीए गठबंधन (महायुति) और इंडिया ब्लॉक (महा विकास अघाड़ी या एमवीए) के बीच एक जटिल चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए परिणाम आश्चर्यजनक होने की संभावना है। एनडीए और इंडिया दोनों गुटों को कई बाधाओं के कारण सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में देर हो रही है। राज्य 48 लोकसभा सदस्य भेजता है और दोनों पक्षों के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं। वर्तमान में, भाजपा के पास खोने के लिए बहुत कुछ है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद वह 23 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी। पार्टी को 27.59 प्रतिशत वोटों का सबसे बड़ा हिस्सा भी मिला। भाजपा ने 2019 में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, जिसने बाद में कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन में सरकार बनाने के लिए एनडीए को छोड़ दिया था।

जाहिर है, भाजपा की सीटों की संख्या और वोटों की हिस्सेदारी में गिरावट तय थी, जिसने पार्टी को शिवसेना में दलबदल कराने के लिए प्रेरित किया, जो दो भागों में विभाजित हो गई और एक गुट, शिव सेना (शिंदे) को भाजपा ने एनडीए में शामिल कर लिया ताकि महायुति की राज्य सरकार बन जाये। लेकिन यह भी अधिक लोकसभा सीटें जीतने के साथ-साथ अधिक वोट शेयर जीतने के लिए पर्याप्त नहीं होने के कारण, भाजपा ने एनसीपी से दलबदल कराया और एनसीपी (अजित पवार) का एक गुट एनडीए में शामिल हो गया, और अब वह भी राज्य सरकार का हिस्सा है। भाजपा को उम्मीद थी कि इससे उसे अधिक संख्या में सीटें और वोट शेयर जीतने में मदद मिलेगी। हालांकि, भाजपा को अब शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजीत पवार गुट के साथ सीट साझा करना मुश्किल लग रहा है। वास्तव में, भाजपा 2019 की तुलना में 2024 में अधिक कठिन चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रही है।

यह तब हो रहा है जब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 405। इस प्रक्रिया में, भाजपा देश भर में अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रही है, यहां तक कि एनडीए सहयोगियों के पर कतरने की भी कोशिश कर रही है ताकि वह अधिक संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ सके और इसकी राष्ट्रीय संख्या 2019 में जीती 303 से अधिक हो। भाजपा के इस सत्तावादी रवैये ने उसके सभी सहयोगियों को नाराज कर दिया है, जिससे हर प्रमुख राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते में देरी हो रही है, और महाराष्ट्र उनमें से एक है। 2019 में, भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 सीटें जीती थीं।

भाजपा के आंकड़े में उलझा विपक्ष

राघवेन्द्र प्रताप सिंह

देश में 2024 के लोकसभा चुनाव का शंखनाद अब होने ही वाला है। दलों की सीमाएं सुरक्षित नहीं अपने स्वार्थ के किसी से भी हाथ मिलाने को आतुर है । इसी लिए किसी ने कहा है कि इलेक्शन भर हम.जनता से रुमाल बदलेंगे , अभी बदला है चेहरा देखिए फिर चाल बदलेंगे , मिले कुर्सी तो दल बदलू कहो क्या फ़र्क पड़ता है पार्टी वलदियत नहीं है हम इसे हर बार बदलेंगे ये कहावत दल बदल पर सटीक बैठती है द्य अब कौन कहाँ गया किसको कहाँ से टिकट मिला य़ह जानने के लिए लोग उतावले हैं लेकिन किसी को क्या बताया जाये कि सूबे में जिसकी तूती बोलती थी उन्हें भी टिकट के लाले पड़े हैं,खैर अब सब कुछ सामने आने ही वाला है । उत्तर प्रदेश देश का बड़ा सूबा है 80 लोक सभा सीट होने के साथ ही केंद्र की सत्ता तक पहुचने का रास्ता इधर से ही होकर जाता है इसलिए सभी पार्टियां यहां अधिक मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा सीटों को अपने पक्ष में लाने के लिए प्रयासरत हैं 2014 के चुनाव में ही नरेंद्र मोदी ने 2024 तक की योजनाएं तैयार कर लिया था उन्होंने सफ़लता की रेखा भी खींच दी थी` 2014 में बीजेपी जीती नरेंद्र मोदी देश के पीएम बने और पूरे पांच वर्ष सरकार चला कर एक के एक फैसले लिए जिसमें नोट बंदी एक बड़ा फैसला था इस निर्णय ने लोगो में सनसनी फैला दी थी` विरोधियों को लगा कि अब उन्हें अगला चुनाव भारी पड़ेगा किन्तु विरोधी नादान निकलें` उन्हें नहीं पता कि जनता परेशान थी बड़े -बड़े धन्ना सेठों से,गरीबों को नोट बंदी से क्यों परेशान होते वे केंद्र के निर्णय खुश थे` प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरे चुनाव में 300 सौ पार का लक्ष्य देकर सभी को हैरत में डाल दिया था विपक्ष को लगा की जनता नोट बंदी और मंहगाई से परेशान है य़ह अच्छा अवसर है मोदी को दूसरी बार सत्ता में आने से रोकने का,इसीलिए मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और बीएसपी ने गठजोड़ कर लिया लेकिन बेमेल गठबंधन को जनता ने सिरे ख़ारिज कर तीन सौ पार के लक्ष्य को पूरा कर 2019 में पुन- नरेंद्र मोदी को दूसरी बार केंद्र की सत्ता सौंप दिया` सत्ता संभालते ही मार्च 2020 में कोविड काल शुरू हो गया ,देश में लॉकडाउन की घोषणा हुई` जब दुनिया भर में त्राहि- त्राहि मची हुई थी तो भारत में भी बहुत से लोगों को असमय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था किन्तु देश में मोदी और प्रदेश में योगी आदित्य नाथ की कड़ी मेहनत से देश को सम्भला और जनता ने राहत को मिली` मोदी ने देश को तो सम्भाला ही ताक़तवर देशों को भी सहायता भेजी थी आज पूरी दुनिया में मोदी की सराहना हो रहीं है` मोदी की सबका साथ ,सबका विकास और सबका विश्वास , सबका प्रयास का नारा को सही साबित किया` जनहितकारी योजनाओं के अतिरिक्त गरीबो को राशन,स्वच्छ पेय जल के लिए हर घर नल,मकान,फ्री गैस सिलेंडर और सौंचालय , किसानो को फसल सुरक्षा वीमा किसान, निधि सहित तमाम योजनाओं से आम जनता को अच्छादित किया` अब 2024 में चार सौ पार का लक्ष्य मोदी ने फिर रखा है ,लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीजेपी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है पार्टी हित में कड़े फैसला ले रहीं हैं` एक - एक सीट पर चर्चा हो रहीं है बड़े बड़े नेताओं का टिकट काटा जा रहा है, सीएम बदले जा रहे हैं` जबकि विपक्ष केंद्र की सत्ता में आने से अधिक बीजेपी की चार सौ पार के आंकड़े में उलझी हुई है, सपा,

इसी लिए किसी ने कहा है कि इलेक्शन भर हम.जनता से रुमाल बदलेंगे , अभी बदला है चेहरा देखिए फिर चाल बदलेंगे , मिले कुर्सी तो दल बदलू कहो क्या फ़र्क पड़ता है पार्टी वलदियत नहीं है हम इसे हर बार बदलेंगे ये कहावत दल बदल पर सटीक बैठती है द्य अब कौन कहाँ गया किसको कहाँ से टिकट मिला य़ह जानने के लिए लोग उतावले हैं लेकिन किसी को क्या बताया जाये कि सूबे में जिसकी तूती बोलती थी उन्हें भी टिकट के लाले पड़े हैं,खैर अब सब कुछ सामने आने ही वाला है ।

बीएसपी, कांग्रेस जैसे दल केवल गठ बंधन और पार्टी की अस्तित्व को बचाने में लगे हैं` इंडी गठबंधन बनवा कर सभी विपक्ष को एक साथ एक नाव पर बैठाकर नीतीश कुमार ने नांव में छेद कर उसे बीच धारा छोड़ दिया है` डूबता विपक्ष अपने अपने बचाव में बिखरता जा रहा है` अब विपक्ष केंद्र में सरकार बनाने की बात करने के बजाय मजबूत विपक्ष बनाने में जुटा हैं ,यदि मोदी ने चार सौ पार का आंकड़ा पार कर लिया तो तीसरी बार भी केंद्र सरकार विपक्ष विहीन होगी` इसीलिए यूपी में सपा और कांग्रेस एक साथ चुनाव मैदान में उतरने का न सिर्फ मन बनाया बल्कि सीटों बंटवारा भी कर लिया है` पश्चिम बंगाल में ममता अकेले चुनाव मैदान में है` अन्य राज्य भी ऊहापोह में है बिखरा विपक्ष एनडीए से मुकाबला करने के बजाय अपने अस्तित्व को बचाने में लगे हैं` भारतीय जनता पार्टी श्रीराम और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास,सबका प्रयास को लेकर सभी 80 सीटों पर विजय पताका फहराने की मंशा से जिताऊ उम्मीदवार ही उतारने का निर्णय कर चुकी है। सूबे में बसपा अकेले चुनावी मैदान में उतरने का एलान कर चुकी है` किंतु बीएसपी के सामने टिकाऊ और जिताऊ उम्मीदवारों टोटा है । बसपा को अपने सांसदों पर भरोस नहीं हैं` कुछ सांसद पाला बदल चुके हैं और कई पाला बदलने ही वाले है। अब य़ह कहा जा रहा बीएसपी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनावों में बसपा को सपा रालोद गठबंधन के कारण 10 लोकसभा सीटें मिली थीं किंतु अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में` एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे टिकट पक्का न होने के कारण कांग्रेस में चले गये हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने भारतय जतना पार्टी के साथ चले गये है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान बीएसपी सांसद रितेश पाण्डेय को भी भोज पर बुलाया था। उसके बाद अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गये। रितेश पाण्डेय ने 2019 के लोकसभा चुनावों में योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया था और यह 2017 अंबेडकरनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक भी बने थे। 2009 से 14 तक इनके पिता राकेश पाण्डेय भी बसपा के सांसद रहे और इस परिवार का क्षेत्र में काफी गहरा प्रभाव है। रितेश पाण्डेय बसपा के सबसे पढ़े लिखे सांसद थे।

इलेक्टॉरल बॉन्ड में बुरी तरह फंसती केंद्र सरकार

राहुल लाल

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इलेक्टॉरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने के लिए एसबीआई को और समय देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक इलेक्टॉरल बॉन्ड की सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। अदालत ने चुनाव आयोग को इस जानकारी को 15 मार्च शाम 5 बजे तक अपने वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश भी दिया है। एसबीआई इलेक्टॉरल बॉन्ड के खुलासे के लिए 30 जून तक का समय मांग रहा था। तब तक लोकसभा चुनाव संपन्न होकर नई सरकार का गठन हो चुका होता। ऐसे में मतदाताओं को इलेक्टॉरल बॉन्ड की सूचनाओं के बिना ही लोकसभा चुनाव में मतदान के अधिकार का प्रयोग करना पड़ता। 13 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण दिया कि उसने इलेक्टॉरल बॉन्ड.से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को दे दी है। जब एसबीआई 30 जून का समय मांग रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- श्हमने 15 फरवरी को फैसला दिया था। आज 11 मार्च है । पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? कुछ भी नहीं बताया गया है। आपको जानकारी देनी ही होगी।श

15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड को जिस तरह अज्ञात और गोपनीय रखा गया है, उस कारण यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि लोकतंत्र में जनता के समक्ष सभी सूचनाएं रहनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना। कोर्ट ने कहा कि- ये चुनावी लोकतंत्र के खिलाफ है, क्योंकि ये बड़ी कंपनियों को लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने का मौका देती है। अंत में जनता को यह भी पता नहीं चल पाता था कि आखिर यह कंपनियां कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दे रही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले 6 मार्च की समयसीमा तय की थी, लेकिन इसके दो दिन पहले ही स्टेट बैंक की तरफ से इसे 30 जून तक करने का अनुरोध किया गया। आज की तारीख में जब टेक्नालॉजी इतनी आगे बढ़ी हुई है,तब देश के इतने बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत लेन-देन के डिटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे थे। इस संपूर्ण मामले से ऐसा लग रहा था कि स्टेट बैंक पर केंद्र सरकार का काफी दबाव है और केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को क्रियान्वित करने में पर्दे के पीछे से बाधक बन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्टेट बैंक को तो केवल सीलबंद लिफाफे को खोलना है और सार्वजनिक कर देना है। अपने संक्षिप्त आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को यह भी कहा कि- हर राजनीतिक दल बैंक की 29 निर्धारित शाखाओं में ही केवल चालू खाता खोल सकता है। इसलिए यह जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है। केंद्र सरकार ने देश के राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे के लिए वित्त वर्ष 2017-18 के बजट में इलेक्टॉरल बांड शुरू करने का ऐलान किया था। इस योजना को सरकार ने 29 जनवरी 2018 को कानूनन लागू किया था। इलेक्टॉरल बॉन्ड से मतलब एक ऐसे बॉन्ड से होता है, जिसके ऊपर एक करेंसी नोट की तरह उसकी वैल्यू लिखी होती है। यह बांड व्यक्तियों,संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा राजनीतिक दलों को पैसा दान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था। चुनावी बांड एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख तथा एक करोड़ रूपये के मूल्य के होते थे। सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया गया था, जो अपनी 29 शाखाओं के माध्यम से यह काम करता है। इलेक्टॉरल बॉन्ड को लाने के लिए सरकार ने फाइनेंस एक्ट-2017 के जरिए रिजर्व बैंक एक्ट-1937,जनप्रतिनिधित्व कानून-1951,आयकर एक्ट-1961 और कंपनी एक्ट में कई संशोधन किए गए थे।

सीएए का विरोध करने वाले लोग मानवता के विरोधी

डॉ. आशीष वशिष्ठ

बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था।इस कानून को लागू किए जाने को लेकर एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है।नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है? विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे ।

पहली बार मतदाता बने युवाओं पर नजर

नीरज चोपड़ा

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान।चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और

इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं।महात्मा गांधी के शब्दों में, ÷भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।÷ लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है।

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं ।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

अध्यादेश से भड़के प्रेम नगर रिफ्यूजी कॉलोनी के सैकड़ों लोग

■गुस्साएं सिंधी-पंजाबी समाज ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार की दी धमकी

■शत्रु संपत्ति की खरीद फरोख्त, बैंक लोन और वसीयत कराने पर रोक

■जिला मजिस्ट्रेट से मिल कर कॉलोनीवासियों ने रोया दुखड़ा

■डीएम कार्यालय पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष को घेरा, जताया आक्रोश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। देश विभाजन के बाद पाकिस्तान से आये सिंधी और पंजाबी समाज के सैकड़ों परिवारों को भारत सरकार के अध्यादेश से बड़ा झटका लगा है। राजा महमूदाबाद की प्रापर्टी शत्रु संपत्ति घोषित होने के बाद सीतापुर शहर की प्रेम नगर रिफ्यूजी कॉलोनी के वाशिंदे अब न तो अपनी संपत्ति की खरीद-फरोख्त कर सकेंगे और न ही बैंक लोन करा सकेंगे, इतना ही नहीं वे इस संपत्ति की वसीयत भी नहीं कर सकते हैं। इस अध्यादेश से भड़के रिफ्यूजी कॉलोनी के सैकड़ों सिंधी-पंजाबी समाज के लोग शुक्रवार को सड़क पर उतर आये। इन लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम अनुज सिंह से मुलाकात कर अपना दुखड़ा रोया। डीएम ने उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। सिंधी व पंजाबी समाज के लोग डीएम से मिल कर बाहर निकल रहे थे कि उनका सामना भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला से हो गया। अध्यादेश से नाराज सिंधी व पंजाबी समाज के लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को घेर लिया और उन्हें खूब खरी खोटी सुनाई। प्रेम नगर के इन वाशिंदों ने कहा कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। बताते चले कि भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आकर सीतापुर की प्रेम नगर रिफ्यूजी कालोनी के समस्त वासियों की संपत्ति राजा महमूदाबाद प्रकरण के पश्चात शत्रु संपत्ति घोषित है।

जिसके चलते समस्त प्रेमनगर निवासी अपनी संपत्ति का क्रय-विक्रय नही कर सकते, बैंक लोन नही करा सकते, वसीयत नहीं कर सकते। यह वह संपत्ति है जिसे कि भारत सरकार के तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा विभाजन के बाद भारत आए शरणार्थियों को रिफ्यूजी कालोनी के नाम से बेची गई थी। बेची गई संपत्ति से संबंधित समस्त मूल अभिलेख व दस्तावेज जैसे कि सेल डीड आज भी समस्त प्रेम नगर वासियों के पास मौजूद हैं। इस संबंध में आज शुक्रवार को मोहल्ला प्रेम नगर वासियों का एक बड़ा वर्ग जिलाधिकारी अनुज सिंह को ज्ञापन देने पहुंचा। जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान का प्रबल आश्वासन दिया। आमतौर पर अपने बहुत ही शांत प्रिय आचार-विचार व कर्मठता के लिए जाना जाने वाला सिंधी-पंजाबी समाज आज बहुत आक्रोशित व दुख दिखा। यहाँ तक कि अपने किसी कार्य को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश शुक्ला को भी प्रेम नगर वासियों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्रेम नगर वासियों ने एक सुर में भाजपा जिलाध्यक्ष को आगामी लोकसभा चुनाव का पुरजोर तरीके से बहिष्कार करने तक की बात कह दी। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में सीए शिव कुमार रहेजा, डॉ. अर्जुन लाल सिंधी, अधिवक्ता गणेश भोजवानी, संदीप सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, भट्ठा व्यापारी नरेश डोडेजा, बेकरी व्यापारी गोपाल चंदानी, संजय मिलवानी, यशवंत दिलवानी, प्रताप, कृष्णा, महेश, सरदार कुलतार सिंह, अशोक कलवानी, संतू, अमित डोडेजा, नंदलाल भूटानी, काके खन्ना आदि मौजूद थे।

ग्रामीण अंचलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ रही जिला पंचायत

■50 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

■धौरहरा सांसद व राज्यमंत्री ने बटन दबा कर शिलापटों से हटाया पर्दा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ग्रामीण अंचलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जिला पंचायत तेजी से काम कर रही है। सरकार की मंशा को धरातल पर उतारते हुए जिपं अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के गेस्ट हाउस में 50 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा तथा नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने बटन दबा कर शिलापटों से पर्दा हटाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को विकास कार्यो से संतृप्त करने का सफल प्रयास कर रही है। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र से चुनाव जीत कर आते हैं, इसके लिए उनकी भी जनता के प्रति जवाबदेही बनती है। क्षेत्र में बेहतर कार्य कराये, जिला पंचायत को मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि सुशासन भाजपा सरकार की पहचान है। साधारण कार्यकर्ताओं का सम्मान भाजपा में ही संभव है। जिपं अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पंचायत नित्य अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है।

उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाती हूँ कि आने वाले समय में वर्तमान बोर्ड ऐतिहासिक कार्य करके दिखायेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से 276 कार्यो का आज शिलान्यास हुआ है। जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि कोई मेरा साथ दे या न दे मैं अपने कर्तव्यों का पालन करता रहूंगा। जिला पंचायत का समूचा बोर्ड एकजुट है। सभी सदस्यों की मंशा के अनुसार तेजी से विकास कार्य कराये जायेंगे। इस मौके पर सभी जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

अध्यक्ष-सदस्य मौजूद, जिपं अफसर गायब

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से आयोजित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में उनके दफ्तर से संबंधित अफसर गायब रहे। चर्चा यह भी है कि जिला पंचायत के अधिकारियों पर कार्यक्रम में सहभागिता न करने के लिए दबाव बनाया गया। अपर मुख्य अधिकारी, अभियंता, अवर अभियंता की गैर मौजूदगी को लेकर कई जिला पंचायत सदस्यों ने सवाल भी उठाये। जिपं अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने एएमए को पत्र लिख कर इस कार्यक्रम की लिखित सूचना देते हुए सभी को उपस्थित रहने के लिए कहा था। बावजूद इसके अधिकारियों का कार्यक्रम में शामिल न होना खास चर्चा का विषय बना हुआ है।

जनप्रतिनिधियों के सामने जिपं अध्यक्ष ने बया किया दर्द

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कार्यक्रम में मौजूद धौरहरा सांसद व नगर विकास राज्यमंत्री के सामने दर्द बयां करते हुए कहा कि जिला पंचायत निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रही है, पर हमें अपनों से ही अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि लिखित सूचना देने के बाद भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी सहित अन्य अफसर शामिल नहीं हुए। निश्चित तौर पर जिला पंचायत के कार्यों को असफल करने की कुचेष्ठा हो रही है।

इसराइल जाने की ख्वाहिश ने बना दिया अपराधी!

■लूट की मनगढ़ंत कहानी से हलकान हुई पुलिस

■चालक हिरासत में अन्य की तलाश जारी

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सिधौली कोतवाली पुलिस गुरुवार की शाम मिली लूट की सूचना से हलकान हो गई। नौकर ने मलिक को चपत लगाने के लिए वारदात की ऐसी पटकथा लिखी कि सब हैरान रह गए। पुलिस का दावा है कि इसराइल जाने की ख्वाहिश पाले नौकर ने पहले अपने नजदीकी रिश्तेदारों से वारदात को अंजाम दिलवाया और फिर लूट की फर्जी सूचना अटरिया और सिधौली पुलिस को दी। वारदात की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने जब नौकर से पूछताछ शुरू की तो उसके बदलते बयान पुलिस की समझ से परे निकले। तकनीकी साक्ष्यों ने पुलिस के शक को और गहरा कर दिया। पीड़ित बने नौकर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

इस वारदात में नौकर का साथ निभाने वालों की भी तलाश की जा रही है। बताते चलें कि गुरुवार की शाम सिधौली पुलिस को असोढर निवासी मनोहर पुत्र भरोसे पासी ने अपने साथ तीन लाख रुपये की लूट हो जाने की सूचना दी। अचानक हुई लूट की वारदात से पुलिस भी सकते में आ गई। जिम्मेदार मौके पर पहुंचे पीड़ित मनोहर ने बताया कि वह लखनऊ के चंद्रलोक कॉलोनी निवासी पीडब्ल्यूडी ठेकेदार नासिर खान का ड्राइवर है। अपने साथी अतहर खान निवासी लखनऊ के साथ सीतापुर के रोडवेज चौकी क्षेत्र से अपने मालिक के तीन लाख रुपये लेकर लौट रहा था।

इसी दौरान सिधौली इलाके में मनवा के निकट बाइक सवार ने उससे रुपयो सें भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने पड़ताल आगे बढ़ाई और मनोहर से सवाल जवाब शुरू किये। बार-बार विरोधाभासी बयान मनोहर को संदेह के दायरे में खड़ा कर रहे थे।

तफ्तीश के दौरान हाथ लगे तकनीकी साक्ष्यों को आधार मानकर पुलिस ने मनोहर से सख्ती से पूछताछ करना शुरू किया तो मनोहर ने इसराइल जाने के लिए तीन लाख रुपये की लूट की मनगढ़ंत कहानी रची थी। फिलहाल पुलिस वारदात में मनोहर का साथ देने वालों की तलाश कर रही है।

लखनऊ के चंद्रलोक कॉलोनी निवासी ठेकेदार नासिक के ड्राइवर ने लूट हो जाने की सूचना दी थी। जांच के दौरान कई अन्य बिंदु सामने आए हैं। ठेकेदार के ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। उनकी तलाश जारी है, जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

अरविंद सिंह, इंस्पेक्टर सिधौली।

कायाकल्प योजना से बदली प्राइमरी स्कूल की सूरत

■शहरी स्कूलों की तर्ज पर निपुण हो रहे गांव के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे

■सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभः मनीष

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सरकार की ऑपरेशन कायाकल्प योजना से इलाके के स्कूलों की सूरत बदल गई है। वातावरण स्वच्छ रहे इसके लिए विद्यालय की परिधि में विभिन्न प्रजाति के फल फूलदार पेड़ पौधे लगे है। स्कूल में शौचालय होने से अब बच्चों को खुले आसमान तले शौच के लिए जाना नहीं पड़ रहा है। इसी प्राथमिक विद्यालय किधौलिया में ग्राम पंचायत की ओर से लगवाई गई इंटरलॉकिंग व छेदनी कुआं से गांव तक इंटरलॉकिंग का सिधौली विधायक मनीष रावत ने शुक्रवार को लोकार्पण किया। पूजन अर्चन के साथ फीता काटने के बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रफुल्लित हुए मनीष रावत ने अपने संबोधन के दौरान कहा शहरों के स्कूलों की तर्ज पर अब गांव के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के अंदर प्रतिभा दिखाई दे रही है। परिवर्तन साफ तौर पर आगे है। ग्रामीणों से रूबरू हुये विधायक ने कहा सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों को मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि वह प्रत्येक सप्ताह में शुक्रवार के दिन सिधौली कार्यालय पर उपस्थित रहते है। किसान सम्मान निधि, पेंशन जैसी अन्य समस्याओं को लेकर आम जनमानस सीधे उनसे मिल सकता है। हर संभव समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा जिन बच्चों के माता व पिता में से किसी एक की मौत हो गई है। तो ऐसे बच्चों को पढ़ाई के लिए सरकार प्रति माह रुपए देने का काम कर रही है। जिससे बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़े। विधायक व ग्राम प्रधान राम जानकी सिंह ने अंत में स्कूल के बच्चों को पेंसिल कॉपी देकर पुरस्कृत किया। मंच का संचालन कर रहे सिधौली मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे ने ग्रामीणों के बीच विधायक के व्यक्तित्व पर अपनी बात रखते हुए भाजपा सरकार के कार्यों की सराहना की। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके सूर्य बक्श सिंह, सर्वेश, सत्येंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह वंदन व अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित प्रभारी एडीओ पंचायत सचिव अभय प्रताप दीपक तथा दीप कुमार, गनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि राम प्रताप सिंह, विद्यालय का समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहे।

बक्से में बंद रहता था फ्रिज, कूलर, टीवी जैसा सामान

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विद्यालय व एक अन्य इंटरलॉकिंग का लोकार्पण करने के बाद विधायक मनीष रावत ने लोगों से कहा हम आपके मेल से हर विकास कार्य संभव है। 2012 के पहले किंधौलिया गांव में शादी के दरमियान दान दहेज में मिला फ्रिज कूलर टीवी जैसा सामान बक्से में बंद रहता था। आप सभी के अपार सहयोग के बाद मेहनत रंग लाई और गांव में बिजली पहुंचने से आज ऐसा नहीं है। विधायक ने करवाये गए कई विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा हर कार्यकर्ता और लोगों की मदद के लिए वह हर समय तैयार है।

सांसद रेखा वर्मा ने खिलाड़ी बालिकाओं को बाँटे स्पोर्ट्स किट

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय हरगांव में खिलाड़ी बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें स्पोर्ट्स किट का वितरण किया। सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि सरकार बालिकाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आज महिलाएं विभिन्न खेलों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सीतापुर की बेटियों को भी समस्त खेलों की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी। जिससे जिले की बेटियां अंतर्राष्ट्रीय खेलों में जिले का नाम रोशन कर सके। सांसद ने कहा कि खेलों से ही बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास संभव है। सांसद ने बालिकाओं के साथ सेल्फी ली। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन एवम महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और उससे होने वाले लाभों से भी अवगत कराया गया। उनमें खेल के क्षेत्र में जागरूकता का भाव उत्पन्न हो तथा खेलकूद के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश व जिले का नाम रोशन कर सके। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सांसद ने ग्राम सड़क योजना के तहत ब्लॉक परसेंडी में लगभग 771.66 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का फीता काट कर लोकार्पण किया।

राहुल के घर पहुँच कर सांसद ने जताई शोक संवेदना

हरगांव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। धौरहरा सांसद रेखा अरूण वर्मा ने शुक्रवार को गुरूदेव नगर वार्ड में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का फीता काट कर लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क हादसे में मारे गये गुरूदेव नगर निवासी राहुल त्रिपाठी के घर पहुंच कर शोक संवेदना जताई। बताते चले कि राहुल त्रिपाठी पुत्र अनिल त्रिपाठी की महोली से मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वहां से हरगांव आते समय सधुवापुर के पास अज्ञात वाहन से टकरा कर मौत हो गई थी। लोकार्पण कार्यक्रम में जाते समय सांसद ने राहुल त्रिपाठी के आवास पर पहुंच कर उसके परिवारीजनों को सांत्वना दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र, मंडल अध्यक्ष हरगांव संजय जायसवाल, गोपाल शास्त्री, शुएब खान, राकेश अवस्थी, जगन्नाथ प्रसाद, बिनोद कुमार, अहिबरन लाल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

रेखा ने प्रधानों और बूथ अध्यक्षों से चुनाव में मांगा सहयोग

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकासखंड परसेंडी में शुक्रवार को धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने बिलरांया पनवारी मार्ग से अहमदपुर कंजा सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण तथा अहमदपुर कंजा गांव मे अन्नपूर्णा भवन (माडल उचित दर की दुकान) का उद्घाटन किया। उसके बाद कसरैला चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद रेखा वर्मा का जोरदार स्वागत किया। सांसद ने क्षेत्रीय प्रधानों, शक्ति केंद्र संयोजको तथा बूथ अध्यक्षों से मुलाकात की और बताया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने जनता को बहुत सारी योजनाओं से लाभान्वित किया है। राम जन्म भूमि व कश्मीर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को निपटाया है। देश को सम्पूर्ण विश्व में सम्मान मिल रहा है। धौरहरा सांसद ने लोकसभा चुनाव में लगकर भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद, कपिल सिंह, विक्रम सिंह, मुन्ना पाल, मनोज त्रिवेदी, मंजीत सिंह, संजय वर्मा, अनुज शुक्ला, मोहम्मद फारूक आदि लोग उपस्थित रहे।

पौने पाँच करोड़ की लागत से चमकेगा खुरवलिया-किशोरगंज मार्ग

■लोक निर्माण विभाग ने मंजूर किया प्रस्ताव, धनराशि स्वीकृत

■विधायक ज्ञान तिवारी के प्रयासों से मिली कामयाबी, आज होगा शिलान्यास

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। करीब दो वर्षो से अधिक समय से जर्जर व बदहाल पड़ी खुरवलिया से किशोरगंज जाने वाली सड़क पर आखिरकार शासन की नजर इनायत हो गई हैं। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के प्रयास से लोक निर्माण विभाग ने भेजे गए प्रस्ताव को मंजूर करते हुए सड़क को चमकाने के लिये लगभग पौने पांच करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी है। रेउसा विकास खंड के खुरवलिया से किशोरीगंज जाने वाली सड़क कई वर्षो बनी थी। दर्जनों से अधिक गांवों के लिये आवागमन का माध्यम माने जाने वाली इस सड़क की हालत बद से बदतर है। जगह-जगह गड्ढे ही नहीं बल्कि गिट्टियां उखड़ गयी है। इस सड़क पर लोंगो को पैदल चलना दुश्वार है। लोक निर्माण विभाग ने इस जर्जर सड़क का निर्माण कराने के लिये पौने पांच करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी है। इस सड़क का निर्माण कार्य कराने के लिये काफी समय से सेवता विधायक ज्ञान तिवारी प्रयासरत थे। जिनका प्रयास शुक्रवार को पूरा हुआ और इस समस्या से दर्जनों गांवों के लोंगो को निजात दिलाने के लिये लोक निर्माण विभाग द्वारा पौने पांच करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृति दे दी। इस सड़क पर पांच पुलियों का निर्माण होगा तथा जहाँ ज्यादा जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है वहां पर आरसीसी रोड का निर्माण होगा। इस सड़क का निर्माण हो इसके लिये ग्रामीण लम्बे समय मांग कर रहे थे। इस समस्या से राहगीरों को निजात मिले इसे लेकर स्पष्ट आवाज़ समाचार पत्र ने खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया था। स्पष्ट आवाज़ में छपी खबर पर आखिरकार मोहर लग गई। इस सड़क के बनने से राहगीरों की ड़गर आसान होगी। वहीं सड़क बनने से जहां राहगीरों का सफर आरामदेह होगा तो वहीं समय की भी बर्बादी से बचा जा सकेगा। शनिवार को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के द्वारा पूजन अर्चन किया जायेगा। इस सड़क की मंजूरी मिलने से क्षेत्र की जनता ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी का हृदय से आभार जताया है।

अब सफर होगा आरामदायक

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भिठना कला के सन्त कुमार पाल का कहना है कि सड़क बनने से अब लोगों को राहत मिलेगी। सड़क से हर रोज सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। जिसके चलते राहगीरों को चोटिल होना पड़ रहा था। स्पष्ट आवाज़ के प्रयास से अब सड़क बनने से लोगों को राहत मिलेगी। अभी तक सड़क में हो रहे बड़े-बड़े गड्ढों से परेशानियों से जूझना पड़ रहा था।

अब दुर्घटनाओं से मिलेगी निजात, सफर होगा आसान

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। दलपतपुर गाँव के अवध बिहारी का कहना है कि लंबे अरसे से सड़क बदहाली का शिकार थी। इस सड़क से गुजरने के लिए लोगों को हिचकोले खाने पर मजबूर होना पड़ रहा था। इस सड़क पर कई हादसे भी हो चुके थे। जिसमें जान भी जा चुकी है और वाहनों के टायर भी फट चुके थे, लेकिन सड़क बनने से राहत मिलेगी।

महिला एसओ पूजा यादव की गई कुर्सी, राज बहादुर तैनात

■एसपी ने 113 कर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लोकसभा चुनाव से पहले एसपी चक्रेश मिश्रा ने महकमें में बदलाव किया है। बड़े पैमाने पर हुए इस बदलाव में महिला थानेदार को अपनी कुर्सी गवानी पड़ी है। वहीं उप निरीक्षक सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किए गए हैं। एसपी चक्रेश मिश्रा ने शुक्रवार को महकमें के 113 कर्मियों के कार्य क्षेत्र बदले हैं। मछरेहटा थाना प्रभारी पूजा यादव को एएचटीयू थाने का प्रभारी बनाया गया है। गैर जिले से स्थानांतरित होकर सीतापुर आए इंस्पेक्टर राज बहादुर मछरेहटा के नए प्रभारी बने हैं। डीटीयू में तैनात इंस्पेक्टर विशाल संगारी साइबर थाने के अतिरिक्त निरीक्षक बनाए गए हैं। राजेश कुमार अब खैराबाद के नए अतिरिक्त निरीक्षक होंगे। सरैया चौकी पर तैनात विकास यादव पिसावां के नये एसएसआई बने हैं। सुनीत कुमार को मानपुर भेजा गया है। यहां तैनात शिव बाबू रेउसा भेजे गए हैं। अशोक कुमार सरैया चौकी के नए इंचार्ज होंगे। पवन कुमार को हरगांव से हटा कर मछरेहटा भेजा गया है। अमित दुबे मछरेहटा चुंगी चौकी के प्रभारी नियुक्त हुए हैं। यहां तैनात प्रदीप यादव बड़ागांव चौकी का जिम्मा संभालेंगे। अब तक बड़ागांव चौकी इंचार्ज रहे राजपाल सिंह अब कोतवाली नगर में बतौर एसएसआई सेवाएं देंगे। पिसावां में तैनात ओवैस अली को तालगांव और कोतवाली देहात में तैनात सुंदर गुप्ता को लाइन हाजिर किया गया है। इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी का तबादला हुआ है।

संक्षिप्त आवाज़

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पत्नी से हुए विवाद के बाद क्षुब्ध होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रेउसा कस्बे के नई बस्ती निवासी गुड्डू उम्र 26 वर्ष पुत्र तुलसीराम का शुक्रवार को दिन में पत्नी से किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उससे क्षुब्ध होकर गुड्डू ने कमरे के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों की माने तो पति शराब पीकर घर गया था। इस दौरान उसका पत्नी से विवाद हो गया। क्षुब्ध होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। रेउसा थाना प्रभारी घनश्याम राम ने बताया कि कोई सूचना नहीं मिली है, सूचना मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

प्रधान व सचिव पर कोटे के चुनाव में धांधली का आरोप

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सरकारी सस्ते गले की दुकान के चुनाव में प्रधान व सचिव ने मनमाने ढंग से प्रस्ताव किया। ग्रामीणों ने डीएम व एसडीएम से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। विकास खण्ड बेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेती में बीते शुक्रवार को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चुनाव एडीओ ने कराया। जिसमें दो उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में अपनी दावेदारी पेश की। आरोप है कि वर्तमान ग्राम प्रधान ने सचिव को दो लाख रुपये देकर अपने भतीजे दिनेश पुत्र बांके लाल के नाम प्रस्ताव करने को कहा। जिसके बाद ग्राम सचिव ने मनमाने ढंग से अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए प्रधान के भतीजे के नाम प्रस्ताव करने की बात कही। जबकि प्रथम उम्मीदवार नवलकिशोर के पक्ष में तीन सैकड़ा से अधिक मतदान हुआ। इसके अलावा प्रधान के भतीजे को मात्र दो सैकड़ा ही मत प्राप्त हुए। चुनाव में हुई धांधली को लेकर उम्मीदवार नवलकिशोर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी लहरपुर को शिकायती पत्र देते हुए चुनाव में धांधली करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराएं जाने की मांग की है।

ग्रामीणों के सुपुर्द किये 926 गौवंश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने बताया कि डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर विशेष गौवंश सुपुर्दगी अभियान चलाया गया। शुक्रवार को विशेष अभियान संचालित कर सभी विकास खंडों में कुल 926 गौवंश ग्रामीणों को सुपुर्द किये गए।

यह सिस्टम कैसा बगैर दाम दिये व्यय नहीं होगा पैसा

■कसमंडा ब्लॉक प्रांगण में इन दिनों खूब गूंजती है कमीशन खोरी की बाते

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सूबे की सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने का दावा कर रही है। दूसरी तरफ जमीन पर स्थितियां विपरीत लग रही है। आपसी सामंजस्य ऐसा कि इन दिनों कसमंडा ब्लॉक प्रांगण में कमीशन खोरी की बातें खूब गूंजती है। सिस्टम ऐसा है कि बगैर दाम दिए मनरेगा योजना के तहत कराये गए काम का पैसा व्यय नहीं होगा। बताया तो यह भी जा रहा है मनरेगा कच्छ में तैनात एक कर्मचारी, कर्मचारी नहीं बल्कि इसका ठेका उसी के पास है। खैर इन सब चर्चाओं और सूत्रों की ओर से किये जा रहे दावों की स्पष्ट आवाज पुष्टि नहीं कर रहा है। मालूम हो लंबे इंतजार के बाद इस बीच मनरेगा योजना के तहत कराये गए कार्यो का भुगतान होने की ब्लाक में जद्दोजहद जारी है। कसमंडा विकास क्षेत्र के अनेक प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि ब्लाक मुख्यालय पर मनरेगा कार्यालय के चक्कर काटते देखे जा रहे है। लेकिन इसके पीछे जो चर्चा हो रही है वह वाकई में चौंकाने वाली है। ब्लॉक प्रांगण में इन दिनों काम के समय कमीशन खोरी की बातें खूब गूंजती है। चर्चा है कि बगैर दाम दिए मनरेगा योजना के तहत करवाये गए काम का पैसा व्यय नहीं होता है। सिस्टम से जुड़े विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि यहां स्थानीय स्तर पर चार से पांच प्रतिशत कमीशन का खेल चल रहा है। मनरेगा कच्छ में तैनात एक नीरज बाजपेई कर्मचारी, कर्मचारी नहीं बल्कि इसका ठेका उन्हीं के पास है। कमीशन का पैसा यहीं से होकर ब्लॉक के बड़े साहब तक पहुंचता है। खैर सूत्रों की ओर से किया जा रहे दावों और हो रही इन चर्चाओं की स्पष्ट आवाज़ पुष्टि नहीं करता है।

चोरों ने खेत से पार किया पचास क्विंटल गन्ना

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली इलाके में खेत से चोरों ने एक किसान का 50 क्विंटल गन्ना पार कर दिया। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर दी है। क्षेत्र के ग्राम मातनपुरवा मजरा लच्छन नगर निवासी हाशिम पुत्र हनीफखान का कहना है कि ग्राम मकनपुर में उसने राम सागर, सुनीत कुमार पांडेय पुत्र छोटे लाल निवासी मोहल्ला अंबर सराय का खेत बटाई पर ले रखा है। खेत में गन्ने की फसल खड़ी है। 150 फांदी कटा हुआ गन्ना लगभग 50 क्विंटल पड़ा था। जिसे अज्ञात चोरों ने गुरूवार की रात खेत से चोरी कर लिया है। कोतवाल मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

आज हरदोई जिले से सीतापुर में प्रवेश करेगा रामादल

■परिक्रमार्थियों और साधु संतों के ठहरने के इंतजाम पूर्ण

■जिला पंचायत की ओर से हुई सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विश्व विख्यात चौरासी कोसीय परिक्रमा का शनिवार को हरदोई जिले से सीतापुर में प्रवेश होगा। परिक्रमा में शामिल साधु संतों और श्रद्धालुओं का छठा पड़ाव देवगवां होगा। साधु संतों और परिक्रमार्थियों के ठहरने के लिए जिला पंचायत की ओर से भव्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पड़ाव स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, रैन बसेरा और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई है। यह परिक्रमा जनपद हरदोई के चार पड़ावों को गोमती पार कर छठे पड़ाव देवगवां आ जायेगी। परिक्रमार्थी और साधु संत गोमती नदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेंगे। वहां से वे पैदल ही परिक्रमा पड़ाव पहुंचेंगे। सभी परिक्रमार्थी द्रोणाचार्य घाट पर स्नान करने के बाद पड़ाव स्थल पर पहुंचेंगे। परिक्रमार्थी द्रोणाचार्य घाट पर पीपल वृक्ष के नीचे चबूतरे पर स्थापित द्रोणाचार्य की प्रतिमा का माल्यार्पण कर पूजन अर्चन करेंगे। वहां से वे प्रयागराज कुंड पर पहुंच जल आचमन करेंगे। गोबर्धन पर्वत, नील गंगा आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार की भोर अगले सातवें पड़ाव मडेरूवा के लिए प्रस्थान कर ज

ट्रक ने बोलेरो व बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

हलिया (मिर्जापुर)। बोलेरो में टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने बाइक में भी टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार पांच, बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार चारों लोगों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

मिर्जापुर के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बड़का घुमान मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रक ने बोलेरो व बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोग घायल हो गये। इसमें चार की हालत गंभीर होने पर

उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जिसमें तीन की मौत हो गई है। इसमें दो मां-पुत्री व एक महिला का मौसेरा भाई है।

मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला के हनुमाना थाना अंतर्गत मझिगवां निवासी गोविंद (22) पुत्र हीरालाल अपनी मौसेरी बहन सविता (30) पत्नी फूलचंद निवासी गुर्गी थाना हलिया व सविता की दो पुत्री अनुष्का (6) व तृषा (8) को बाइक पर बैठा कर उनके घर छोड़ने आ रहा था। बाइक शुक्रवार की दोपहर ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रीवा-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी में बड़े मोड़ के पास पहुंचे थे।इक के पीछे बोलेरो और बोलेरो के पीछे ट्रक चल रही थी। ट्रक चालक अनियंत्रित होकर बोलेरो में टक्कर मार दिया, जिसके बाद बोलेरो पलट गई। बोलेरो में टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने बाइक में भी टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार पांच, बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार चारों लोगों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर मिर्जापुर पहुंचने पर डॉक्टर ने सविता, उसकी पुत्री अनुष्का और उसके मौसेरे भाई गोविंद को मृत घोषित कर दिया। घायल तृषा का इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलने पर एएसपी नक्सल ओपी सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरबी कमल ट्रामा सेंटर पहुंचे हैं। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा है।

प्रदेश में पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी एसयूसीआई

जौनपुर। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इण्डिया पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश से पांच सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने हेतु यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पत्रकार संघ भवन जौनपुर में किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कॉमरेड रविशंकर मौर्य ख्राज्य सचिव, एस.यू.सी.आई.(सी), पूर्वी उत्तर प्रदेश, ने कहा कि, एस.यू.सी.आई.(कम्युनिस्ट) भारत में मेहनतकश वर्ग की एकमात्र भरोसेमंद क्रांतिकारी पार्टी है। जो अपने स्थापना काल से ही मेहनतकश वर्ग के हितों को लेकर संघर्षरत है और जन समस्याओं के खिलाफ लगातार अनुशासित व संगठित जन आंदोलन चलाते हुए समस्याओं के समाधान करने में विश्वास करती है। इसीलिए पार्टी ने जनता की समस्याओं को लेकर कई बड़ी लड़ाइयां लड़ी हैं और जीत भी हासिल की है। चुनाव को भी जन आंदोलन मानकर पार्टी हमेशा चुनाव लड़ती है और जन विरोधी नीतियां लागू करने वाली सत्ताधारी मौकापरस्त पूंजीवादी पार्टियों की सच्चाई उजागर कर जनता को सचेत व संगठित करने का काम करती है। वहीं इसके विपरीत दूसरी तरफ जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा व अन्य दकियानूसी सोच के आधार पर सांप्रदायिक पार्टियां जनता में फूट डालकर उन्हें बांटने का कार्य करती हैं और समाज में साम्प्रदायिक व कट्टर धार्मिक सोच, अनैतिहासिक व अवैज्ञानिक चिंतन को बढ़ावा दे रही हैं। देश के अन्दर धनबल, बाहुबल व मीडिया बल की राजनीति ने मूल्यपरक, लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष राजनीति को हाशिए पर धकेल दिया है। जबकि हमारी पार्टी के संस्थापक कॉमरेड शिवदास घोष ने कहा है कि, ष्राजनीति उच्च स्तर की हृदयवृत्ति है।

जेठानी व देवरानी के बीच मारपीट, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में शुक्रवार की सुबह जेठानी देवरानी के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद को लेकर दोनों के बीच लाठी डंडे से मारपीट हो गई जिस पर दोनों महिलाएं घायल हो गई मौके पर पंहुची पीआरवी 112 व एंबुलेंस सेवा 108 वाहन के ईएमटी व पायलट ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने दोनों का उपचार किया है वहीं पुलिस ने दोनों की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। भटवारी गांव निवासी शैलेन्द्र की पत्नी रीता 38 हैंडपंप पर पानी भरने के लिए गई थी कि पुरानी रंजिश को लेकर देवरानी शकुंतला व देवर कौशलेंद्र व देवरानी सीमा मौके पर पंहुचकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।वहीं देवरानी शकुंतला ने भी तहरीर देकर जेठानी रीता के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज देने का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है जहां पर चिकित्सक ने उपचार किया है।

रास्ते में गिरे मोबाइल को सही सलामत पहुंचाने वाले होमगार्ड को किया सम्मानित

इटावा।रास्ते में गिरे मोबाइल को मोबाइल के मालिक तक पहुंचाने का काम करने वाले ईमानदार और जिम्मेदार होमगार्ड जवान को सम्मानित किया गया तथा उसके इस कार्य की प्रशंसा की गई है।इस संबंध में होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ.आशीष दीक्षित ने बताया कि उनकी बेटी का मोबाइल गिर गया था,वो उनके साथ ही सुबह कंपनी बाग मैं बैटमिंटन खेलने गई थी,घर आकर पता लगा कि मोबाइल गिर गया है,फिर उस पर काल करने पर सुरेंद्र नामक होमगार्ड ने बताया कि मोबाइल उसके पास है,उनके घर जाकर मोबाइल प्राप्त किया गया।सुरेंद्र इस वक्त कलेक्ट्रेट में सुरक्षा कर्मी के रूप मैं तैनात है। डॉ.आशीष दीक्षित ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र सक्सेना की मौजूदगी में ईमानदारी के लिए होमगार्ड जवान को सम्मानित किया।सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सुरेन्द्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र सक्सेना व विवेकानंद संस्थान के अध्यक्ष संजय सक्सेना उपस्थित रहे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

सोनभद्र । जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में की बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नारायनपुर, हाथीनाला एन0एच0 की सड़कों की मरम्मत व गुणवत्ता बेहतर करने हेतु शासन को पत्राचार किया जाये, इस दौरान उन्होंने ए0सी0पी0 टोल प्लाजा व पी0डब्ल्यू0डी0 को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थलों पर साईनेज बोर्ड लगाने का कार्य 15 दिवस के अन्दर सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने ए0सी0पी0 टोल प्लाजा को निर्देशित करते हुए कहा कि मारकुण्डी घाटी के नीचे सड़कों पर हाईमास्ट लाईट लगाने की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करायी जाये, जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आये, इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे स्थापित अस्पतालों की सूची बनायी जाये, जो स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित हों और उन अस्पतालों के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने में जानकारी उपलब्ध करायी जाये कि व्यक्ति की दुर्घटना होने पर समुचित ईलाज नजदीक के किस अस्पताल में प्राप्त होगा, जिससे कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से ईलाज उपलब्ध हो सके, इस जानकारी के सम्बन्ध में एक निर्धारित दूरी पर साईनेज बोर्ड भी लगाये जाये। मानक के अनुरूप सड़क सुरक्षा का कार्य किया जाये और इसकी निरन्तर जॉच भी करायी जाये, कार्य अमल में लाया जा रहा है या नहीं इसकी पुष्टि भी समय-समय पर की जाये, उन्होंने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम करने के साथ ही स्कूलों से सम्बद्ध वाहनों का फीटनेश और वाहन चालकों का परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश दियें, दुर्घटना बाहुल्य रोड के किनारे सोलर आई कैट, सोलर डोलोनेटर लगाने के साथ आबादी वाले इलाकों के राज्य मार्ग के किनारे रोड लाईट भी लगायें, उन्होंने रोड संकेतक जगह-जगह पर प्रदर्शित करने के साथ ही ब्लैक स्पॉट की जगहों की विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया।

उ. प्र. मा. शिक्षक संघ ने डीआईओएस से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

इटावा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इटावा के शिष्टमंडल ने प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति के संयोजक श्रीनारायण द्विवेदी के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट वार्ता कर उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया।शुक्रवार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में पीड़ित माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारी के साथ संपन्न हुई वार्ता में निम्न प्रमुख बिंदुओं के त्वरित अनुपालन किये जाने पर सहमति बनी।मार्च 2024 तक एनपीएस कटौती का विवरण राज्यांश के साथ पूर्ण किया जाना। 31 मार्च तक का जी.पी.एफ. का व्याज पूर्ण कर लेखा पर्ची निर्गत किया जाना। सभी प्रकार के अद्यतन बोर्ड सम्बन्धी पारिश्रमिक एवं एरियर्स के भुगतान किया जाना।मूल्यांकन केंद्रो पर शिक्षकों हेतु समुचित प्रकाश,पेयजल,

केन्टीन सहित अन्य मौलिक आवश्यकता की पूर्ति की व्यवस्था कराया जाना। यात्रा भत्ता बिलों को पावना के साथ अनिवार्य रूप से कार्य मुक्ति के समय जमा कराया जाना। शिक्षकों व कर्मचारियों की समय से वेतन वृद्धि व एसीपी लगाया जाना। होली व ईद के त्यौहार का ध्यान रखते हुए मार्च माह के वेतन का समय से भुगतान किया जाना। व्यवसायिक व पूल टीचर्स के लम्बित बिलो का इसी माह में भुगतान कराया जाना।31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों,प्रधानाचार्य व कर्मचारियों के समस्त देयको व पेंशन आदि का समय से भुगतान कराया जाना। रिक्त होने जा रहे प्रधानाचार्य के पद पर वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर शीघ्र कार्य भार दिलाया जाना। आर्य श्यामा बालिका इंटर कॉलेज भरथना की चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्य सुनीला यादव को शीघ्र प्रशासनिक कक्ष उपलब्ध कराया जाना। उपरोक्त विभिन्न समस्याओ की सहमति वार्ता के समय पर संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान,प्रदेश मंत्री व जिला संरक्षक अरुण कुमार दुबे,प्रधानाचार्य परिषद इटावा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा,जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी एवं संगठन के अन्य साथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

झुके हुए खंभे, लटकते तार दुर्घटना की देते गारंटी

मिर्जापुर। जिले के नरायनपुर एवं जमालपुर विकास खण्ड में बिजली सप्लाई की व्यवस्था इतनी जर्जर है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।निश्चित तौर पर जर्जर हो चुके तार-खंभे किसी भी बड़े दुर्घटना की शत् प्रतिशत गारंटी है।अहरौरा,भुइली,जमालपुर, नारायनपुर आदि फीडरों से बिजली सप्लाई की व्यवस्था बहुत ही खराब है,जगह-जगह बिजली के खंभे झुक हुए है,तार काफी पुराने व कमजोर होकर लटक गये है,बहुत सारे लोगों के मकानों के उपर से हाई-वोल्टेज के तार गुजरे हुए है,छतों पर हाथों से तार छु जाने का डर बना रहता है।किसानों के खेतों में तार-खंभे इस तरह से लटके पड़े हैं कि उनको अपना ट्रेक्टर आदि लें जानें में,जुताई-बुवाई करने में काफी परेशानी होती है।जर्जर तार खंभों की वजह से गर्मी के दिनों में अक्सर तार टूट कर खेतों में गिर जाते हैं,जिससे गर्मियों में आये दिन आगजनी की घटनाएं होती रहती है,अक्सर किसानों-मजदूरों को ही आगजनी का खामियाजा भुगतना पड़ता है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित क्षेत्र के प्रभात सिंह,दुधनाथ यादव,प्रहलाद सिंह,रमेश सिंह,अजय सिंह,राम आसरे सिंह,दिग्विजय सिंह,अमीत सिंह, विनोद सिंह,उमेश द्विवेदी,मनोज सिंह,दुधनाथ गुप्ता,शैलेन्द्र मौर्य,विपीन सिंह,रामराज सिंह आदि लोगों द्वारा मांग किया गया कि मालपुर,अहरौरा,नारायनपुर,चुनार आदि फीडरों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति के लिए तत्काल जर्जर तार-खंभों को बदलने की जरूरत है।

रमजान में इबादत की आदत डाले लोगः जावेद

जौनपुर। इस्लामिक पवित्र महीने के पहले जुमे की नमाज शहर भर में लाखों मुसलमानों ने विभिन्न मस्जिदों में अदा की। इस मौके पर ऐतिहासिक शाही अटाला मस्जिद में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा की ,पुलिस लाइन जामा मस्जिद में खेताब करते हुए इमाम जावेद अहमद ने कहा कि रमजान में लोग इबादत की आदत डालें उसके बाद साल भर वैसे ही इबादत करें जिस तरीके से सारे काम में से वक्त निकाल कर रमजान में लोग इबादत करते हैं ,वही इमाम ए शाही अटाला मस्जिद मौलाना सलाहुद्दीन ने नमाज ए जुमा अदा कराई।

शाही बड़ी मस्जिद मे मौलाना अबू हुरैरा ने जुमे की नमाज अदा कराई उसके पहले उन्होंने बताया की रोजेदारों को चाहिए कि वह अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों में उन लोगों का भी ख्याल रखे जो कि गरीबी की वजह से रमजान में परेशान नजर आते है। शाही पुल स्थित शेर मस्जिद के कारी इश्तेयाक जिया ने नमाज अदा कराई ,खानकाह रशिदिया मीरमस्त मे मौलाना मेराज ने नमाज अदा कराई , मदीना मस्जिद नवाब साहब का हाता मे मौलाना अहमद रजा जाफरी ने नमाज अदा कराई, हादी रजा मस्जिद पॉलिटेक्निक चौराहे पर कारी आफाक ने तो वही जामा मस्जिद अहमद खां मंडी में हाफिज अब्दुल हक ने नमाज अदा कराई इस मौके पर मुख्य रूप से नियाज खा,इकबाल खा,आले खा,शकील खा,निजामुल हक,जियाउल हक, मंजर अंसारी,इत्यादि लोग मौजूद रहे।

गायब छात्र का तीन दिन बाद मिला शव

जौनपुरं। जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के कस्बा मानीकलां निवासी ओमप्रकाश उर्फ भोनू का 14 वर्षीय पुत्र सूरज बिन्द कक्षा पांच का विधार्थी है। बीते तीन दिनों से लापता था ,बताया जाता है कि वह अपने दोस्तों के साथ बारात गया था। बारात से उसके दोस्त तो वापस आगये लेकिन सूरज नहीं आया। घर परिवार सहित शुभ चिंतको का बच्चे का खोज खोज कर बुरा हाल था। थक हार परिवार वालों ने थाना खेतासराय मे बच्चे के गायब होने की अर्जी दी। प्रार्थना पत्र मिलते ही पुलिस हरकत मे आगई और कई दोस्तों से पूछ ताछ कर शुक्रवार छात्र सूरज बिन्द का शव जैगहाँ बंधवा के पास जल खुम्बी से बरामद किया।

खुशनुमा माहौल में हुई रमज़ान के पहले जुमे की नमाज़

इटावा। रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज हजारों रोजेदार मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह से अदा की और मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ की। रोजेदारों और मुसलमानों ने रमजान के पहले जुमे की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दीं थीं, मुस्लिम समाज के बुजुर्ग, नवयुवक और बच्चों ने जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों पर जुमे की नमाज अदा की। शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक़्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाक़ी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड, सहित अनेक मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज हुई।

धनंजय सिंह के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान

जौनपुर। पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एमपी एमएलए कोर्ट से चुनावी बिगुल बजने से ठीक कुछ दिनों पूर्व एक मामले मे सात वर्ष की सजा सुनाई गई। मिली सजा ने धनंजय सिंह को चुनाव लड़ने से रोक दिया। उन्होंने जमानत के लिए हाईकोर्ट कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जानकारों का मानना है कि अगर धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से बेल नहीं मिलती है, तो उनकी पत्नी संसदी चुनाव मैदान मे जौनपुर संसदी सीट से लड़ सकती है। जो पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने क्षेत्र की जनता से सीधे सम्पर्क मे रहते हुए बड़ी मेहनत से बनाया है। कोर्ट से सात वर्ष की सजा मिलने के बाद से धनंजय सिंह व उनके समर्थको ने एक अभियान चला रखा है जनता करेगी इंसाफ।

इसी क्रम मे जौनपुर संसदीय क्षेत्र के अलग स्थानों पर बड़े बड़े होर्डिंग बैनर पर क्षेत्र की जनता को हस्ताक्षर करते देखा जा सकता है। जो अपने पूर्व सांसद के हस्ताक्षर अभियान मे हस्ताक्षर कर जुड़ रहे है।ऐसा ही हस्ताक्षर अभियान गुरैनी व कस्बा मानीकलां मे भी देखने को मिला जो पूर्व सांसद धनंजय सिंह के पक्ष मे नारे व हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बने।

निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 19 तक

जौनपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ें वर्ग के अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय 'कार्यालय प्रबन्ध' का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट है।

अनाधिकृत विरूपण हटाने के लिए समय सीमा निर्धारित

सोनभद । जिला मजिस्टेऊट/जिला निर्वाचन अधिकारी,सोनभद्र श्री चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार अनाधिकृत विरूपण हटाने हेतु समय सीमा निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के 24 घण्टे के भीतर सरकारी सम्पत्ति से, चुनाव की घोषणा के 48 घण्टे के भीतर सार्वजनिक स्थान से एवं चुनाव की घोषणा के 72 घण्टे के भीतर निजी सम्पत्ति से। उन्होंने समस्त कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के तत्काल उपरान्त अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं के बैनर पोस्टर तथा फोटो तत्काल हटाना सुनिश्चित करेगें।

पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि. वाराणसी

ई-निविदा सूचना-82/2023-24 अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक ई-निविदा सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों/कार्यदायी संस्थाओं से दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, जिसके निविदा का भाग-प्रथम (तकनीकी भाग) के खुलने की तिथि 20.04.2024 को 15:30 बजे तक निर्धारित है। **(1) ई-निविदा विशिष्ट संख्या 10/वि0जा0खं0(वि0)/वा0/2023-24:-बिजनेस** प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - गजोखर, जनपद - वाराणसी पर एस0जी0आर के अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनरशि रू0 11,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST = 1180.00, **(2) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 11/ वि0जा0खं0(वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -पिण्ड्रा, जनपद - वाराणसी पर एस0जी0आर के अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 13,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST = 1180.00, **(3) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 12/ वि0 जा0 खं0(वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -संकुलधारा, जनपद - वाराणसी पर छत मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 19,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST = 1180.00, **(4) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 13/ वि0 जा0 खं0(वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -नरिया, बी0एच0यू0, जनपद - वाराणसीके मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 13,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST = 1180.00, **(5) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 14/ वि0 जा0 खं0(वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -चन्दौली के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 8,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST = 590.00, **(6) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 15/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -नौगढ़, जनपद - चन्दौली के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST = 590.00, **(7) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 16/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -कुण्डेसर, जनपद-गाजीपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 11,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST = 1180.00, **(8) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 17/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - खानपुर, जनपद-गाजीपुर पर कन्ट्रोल भवन के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(9) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 18/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - मोहम्मदाबाद, जनपद-गाजीपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 9,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(10) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 19/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - चोचकपुर, जनपद-गाजीपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(11) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 20/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - महाराजगंज, जनपद-जौनपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(12) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 21/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - मछलीशहर, जनपद-जौनपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(13) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 22/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - जंघई, जनपद-जौनपुर के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(14) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 23/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, नगरीय विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम एवं द्वितीय, जनपद-वाराणसी, सिंगरा स्थित कार्यालय भवन के 03 नग शौलचालय के जीर्णोद्वार का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(15) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 24/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - जियनपुर, जनपद-आजमगढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 12,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(16) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 25/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/वा0/2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - लाटघाट, जनपद-आजमगढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 10,000+18% GST=1180.00, कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(17) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 26/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - अहिरौला, जनपद-आजमगढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST =590.00, **(18) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 27/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - अमुवारी, जनपद-आजमगढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 12,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(19) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 28/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - भंवरनाथ, जनपद-आजमगढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(20) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 29/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - नदवांसराय, जनपद-मऊ पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(21) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 30/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र - नगरा, जनपद-बलिया पर स्थित कन्ट्रोल रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 9500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 500+18% GST=590.00, **(22) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 31/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम जनपद-आजमगढ़ पर कार्यालय भवन का जानपदीय अनुरक्षण कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,500.00। कार्य अवधि 02 माह। निविदा शुल्क रू0 1000+18% GST=1180.00, **(23) ई-निविदा विशिष्ट संख्याः 32/ वि0 जा0 खं0 (वि0)/ वा0/ 2023-24:-** बिजनेस प्लान 2024-25

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मुसाफिरखाना,अमेठी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश प्रभारी लोकसभा चुनाव भाजपा उत्तर प्रदेश बैजयंत जय पांडा जी के मुसाफिरखाना आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी ने भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नंबर 2 में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क किया और मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस कॉल करवाया। साथ में प्रदेश के महामंत्री संजय राय जिले के प्रभारी शंकर गिरी, जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी दयाशंकर यादव, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी,लोकसभा प्रभारी राज किशोर रावत, लोकसभा विस्तारक सहदेव सिंह, विधानसभा विस्तारक धीरज शुक्ला, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, भाजपा नेता विजय किशोर तिवारी, जिला मंत्री प्रभात शुक्ल,नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जिला अध्यक्ष डॉ संतोष श्रीवास्तव, राहुल कौशल,जयविंद सिंह , राजेश दुबे सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अमेठी। शुक्रवार को डीएम निशा अनंत व एसपी अनूप कुमार सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाक्षेत्र गौरीगंज के मॉडल स्कूल हरखपुर, पी0एम0 श्री स्कूल रामगंज व थानाक्षेत्र मुसाफिरखाना स्कूल केशवपुर ई0ए0 मुसाफिरखाना में पुलिस बल के साथ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्दों का भ्रमण किया गया एवं गांवों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, एस-10, डिजिटल वालेंटियर्स से वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव में शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया गया तथा भ्रमण कर लोगों की समस्याए सुनी गयी व संबंधित को शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

चुनाव, सीएए व त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

मोहम्मदी-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। कस्बा से लेकर ग्रामीण इलाकों मे मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान के माह में पहले जुंमा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो जाने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। रमजान के महीने में पहले शुक्रवार को जुमे की नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने सारी तैयारी पहले से मुकम्मल कर लेने पर नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न करा लेने पर राहत की सांस ली है।वहीं पुलिस प्रशासन पर नागरिकता कानून को लेकरभ्रामक भ्रांतियां फैलाने साथ ही रमजान की शुरुआत और होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार होने के चलते पुलिस प्रशासन के लिए लाइन ऑर्डर बनाए रखने को लेकर चुनौती थी। पुख्ता तैयारी के बीच शांतिपूर्वक नवाज अता करा लेने पर आला अधिकारियों ने परीक्षा में सफल होने पर पीठ थपथपाई है। एडिशनल एसपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पल-पल की सूचना जिला मुख्यालय पर दे रहे थे।जिसके चलते कस्बा में सुबह से ही डेरा डाल रखा था।दोपहर में एडिशनल एसपी,पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह,इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह, कस्बा इंचार्ज बाबूराम,एसएसआई टीटू कुमार सहित भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।

एक भैंस एक बछिया को बाघ ने बनाया निवाला, विभाग ने लगाया पिंजड़ा

तिकुनियां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। खैरटिया इलाके में घूम रहे बाघ ने गुरुवार को दिन में जंगल में फूस काट रहे शिवचरण को निवाला बनाने के बाद रात को ही खैरटिया निवासी सुरजीत सिंह की घारी में घुसकर एक भैंस और बछिया को निवाला बना डाला। घटना से ग्रामीण आज काफी भड़क गये। इस बीच करीब 2बजे भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह किसानों के साथ खैरटिया पहुंचे और वन विभाग को अलर्ट किया यदि बाघ से किसानों को नुकसान होता है तो उसकी छतिपूर्ति किसान यूनियन के हिसाब से वन विभाग को करना पड़ेगा। दहशत के चलते खेतों में ग्रामीणों ने काम करना बंद कर दिया है। मौजूदा समय में खेतों में गन्ने की छिलाई चल रही है। ग्रामीण डरने लगे हैं जिसके चलते किसानों का काम प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर वन विभाग आज सक्रिय होकर बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने मे जुट गया है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो पिंजड़े लगाए जाने हैं जिसमें एक लगा दिया गया है एक शाम तक लग जाएगा।

एनएसएस स्वयंसेवकों को दिलाई मतदाता जागरुकता की शपथ

प्रतापगढ़। पीबीपीजी कालेज के चार इकाइयों के एनएसएस के विशेष शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वंयवेवकों ने अभियान के तहत शंभू छात्रावास में साफ सफाई की। एनएसएस स्वयंसेविका आस्था पांडेय, दृष्टि सिंह,श्रेया पांडेय, आंचल सिंह,अंजलि मौर्या,दीक्षा सिंह ने मतदान के अधिकार और मतदान की प्रक्रिया के बारे में अपना विचार रखा। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेकर देशहित के लिए आगे आकर मतदान में शामिल होना चाहिए। स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार एवं पड़ोस के सभी वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रमाधिकारी डा.नीरज त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा.कुलदीप सिंह, डा. प्रणव ओझा, अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

सपा ने धूमधाम से मनाई कांशीराम की जयंती

प्रतापगढ़। सपा कार्यालय मीराभवन पर सामाजिक परिवर्तन के महानायक, दलितों, शोषितों एवं वंचितों के मसीहा मान्यवर श्री कांशीराम की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया। तत्पश्चात् गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा मान्यवर कांशीराम भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया। इसके अन्त में उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, गुलफाम खान, वासिक खान, शिवकुमार कोरी, मनीष पाल, सुरेश गौतम, अश्वनी सोनी, शिवमंगल गौतम, राजेंद्र यादव, सुरेश यादव, साजिद अली, शांति सिंह, जगदीश यादव, सुनील यादव, विपिन सरोज, उदय सरोज, लक्ष्मी रमन पासी, कमलेश सरोज, विनोद यादव, अशोक पासी, बौद्धाचार्य प्रेमनाथ, अजीत पटेल, मोहन लाल यादव, प्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रजीत प्रसाद, भारत लाल, राजेश पासी, जगन्नाथ सरोज, मो अजहर, सनी कुमार गौतम, अशोक पासी, संजीव कुमार यादव, महेश मौर्या, शिव शंकर सरोज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवायोजन के तत्वाधान में मुनीश्वर दत्त महाविद्यालय में शिविर

प्रतापगढ़। मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवम द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ, इसके बाद योग प्रशिक्षक अजय मिश्र द्वारा सभी स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया। इसके बाद लक्ष्य गीत का गायन सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ किया तत्पश्चात मतदाता जागरूकता, वित्तीय प्रबंधन पर कार्यक्रमाधिकारी डा शैलेश कुमार पाण्डेय एवं प्रो. अमिता मिश्रा के द्वारा चर्चा-परिचर्चा की गई ।शिविर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एक सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाई गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मतदाता संबंधी विषयों पर संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार ,मौलिक कर्तव्य, उसके साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल,मुख्यमंत्री के निर्वाचन प्रक्रिया पर चर्चा हुई। आज विश्व उपभोक्ता दिवस के विशेष अवसर पर उपभोक्ता जागरूकता पर चर्चा-परिचर्चा, कई अन्य विषयों पर स्वयंसेवियों श्रद्धा सिंह, प्रियांशु गुप्ता, सूरज तिवारी, अंबुज यादव, उत्कर्ष पाण्डेय, शिवांश मिश्र इत्यादि द्वारा एक स्वस्थ संवाद किया गया। द्वितीय सत्र के कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और लक्ष्य गीत के साथ हुआ।

मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया : योगी

शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय

- मुख्यमंत्री ने 1895 करोड़ रुपये की लागत से 551 परियोजनाओं को किया लोकार्पण/शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद डुमरियागंज की तरह सांसद होना चाहिए, ऐसा सांसद मिलना मुश्किल है
- मुख्यमंत्री बनने के बाद पहला मेडिकल कालेज जनपद सिद्धार्थनगर को मिला है: सांसद जगदम्बिका पाल

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बी0एस0ए0 ग्राउण्ड में बने हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से शुक्रवार को पहुंचे। मंच पर मा0 मुख्यमंत्री जी के साथ मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, मा0 विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, मा0 विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, मा0 विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मा0 विधायक शहर पश्चिमी प्रयागराज सिद्धार्थनाथ सिंह, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शीतल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, नगर पालिका सिद्धार्थनगर अध्यक्ष गोविन्द माधव, आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह, आई0जी0 आर0के0 भारद्वाज, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार मौजूद रहें। मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी को मा0 सांसद डुमरियागंज द्वारा पुष्प गुच्छ एवं बुद्ध प्रतिमा देकर स्वागत किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी धनराशि रू0 1895 करोड़ की लागत से 551 परियोजनाओं को लोकार्पण/शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत स्मार्टफोन वितरण लाथार्भी साक्षी, मो0 आरिफ शाह, रेखा, टेबलेट वितरण लाभार्थी सचिन अग्रहरि, बी0सी0 सखी सुश्री रूकसार बानो, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) लाभार्थी निर्मला, राम भवन, संजना को आवास की सांकेतिक चाभी दिया गया तथा दीक्षा एवं पंखुड़ी को अन्न प्रासन कराया गया।

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी ने मा0 सांसद, मा0 विधायकगण एवं पार्टी पदाधिकारी एवं भारी संख्या में उपस्थित जन समूह को बधाई देते हुए कहा कि होली से पूर्व रू0 1895 करोड़ की योजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कर रहा हूँ। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सांसद डुमरियागंज की तरह सांसद होना चाहिए जो अपने क्षेत्र की जनता के समस्याओं के लिए जनता से जुड़े रहते है। इसके लिए मैं मा0 सांसद डुमरियागंज का अभिनन्दन करता हूँ। ऐसा सांसद मिलना मुश्किल है। जनपद सिद्धार्थनगर आंकाक्षात्मक जनपद से निकलकर अग्रणी जनपद बन रहा है। आज शासकीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी विभिन्न योजनायें चलायी जा रही है। पहले माफिया गरीबों का हक निगल जाते थे। जे0ई0/ए0ई0एस0 से सबसे ग्रसित जनपद सिद्धार्थनगर था।

उन बच्चों को बचाने के लिए जब मैं जब सड़क से संसद तक लड़ता था। उस समय विपक्ष का एक सांसद संसद में मेरे साथ खड़ा होता था, जो जगदम्बिका पाल थे। आज सिद्धार्थनगर इंसेफ्लाटिस से मुक्त है। किसी भी बच्चे की मृत्यु इंसेफ्लाटिस से नही हो रही है। हमने मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया है। जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद की श्रेणी में खड़ा हो रहा है। सिद्धार्थनगर में अच्छे-अच्छे विद्यालय बन गये है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एक नई पहचान बना रहा है। जनपद में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल बनकर तैयार है जो लोगों को अपनी सेवायें दे रहा है। ए0एन0एम0, जी0एन0एम0 की पढ़ाई हेतु नर्सिग कालेज का शिलान्यास आज मैने किया है। हर घर को स्वच्छ जल मिल रहा है। सभी गांवो को अच्छी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। आज भारत बदल रहा है। भारत का सम्मान दुनिया में बढा है। भारत ने पिछले 10 वर्ष में मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कई ऊँचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनियां का नेतृत्व करता दिखायी दे रहा है। अमृत काल में ही देश दुनिया की पांचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बने हैं। अगले तीन वर्षो में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनेगा। गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। 05 लाख तक का स्वास्थ्य हेतु आयुष्मान कार्ड, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी तमात प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। काला नमक चावल को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल जाना भारत की पहचान बनाता है।

आज आस्था का भी सम्मान हुआ है। 5000 वर्षो का सपना पूरा हुआ और अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बना है, उसमें रामलला विराजमान है। 23 जनवरी 2024 से 10 मार्च 2024 तक 01 करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन किया गया है। आज भारत मा0 प्रधानमंत्री जी के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत हमारा संकल्प होना चाहिए। विकसित भारत के लिए विकसित उ0प्र0 होना चाहिए, विकसित उ0प्र0 के लिए विकसित सिद्धार्थनगर होना चाहिए। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिलता रहें, इसके लिए डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरा सिद्धार्थनगर आपका स्वागत कर रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद सिद्धार्थनगर को पिछड़े जनपद से अग्रणी जनपद में करने का काम किया है। मै सौभाग्यशाली हूँ कि तीसरी बार लोकसभा डुमरियागंज से भाजपा ने मुझे प्रत्याशी बनाकर मौका दिया है। पहले हम कभी कल्पना नहीं करते थे कि जनपद में मेडिकल कालेज होगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहला मेडिकल कालेज जनपद सिद्धार्थनगर को मिला है।

मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया है। जनपद में किसी को गम्भीर बीमारी होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया जाता था किन्तु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद को मेडिकल कालेज की सौगात देने के बाद अब यही पर इलाज हो रहा है। इसके लिए पूरी जनता आपकी आभारी है। पहले जापानी इंसेफ्लाटिस से पूर्वांचल में बच्चों की मृत्यु हो जाती थी। काला नमक चावल को ओ0डी0ओ0पी0 में चयनित किया गया है। आज काला नमक चावल की खेती 15 हजार हेक्टेयर में हो रही है। बुद्धभूमि पर विपाशना केन्द्र की सौगात मिली है। प्रत्येक विकास खण्ड में आई0टी0आई0 का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी, लोकसभा डुमरियागंज प्रभारी हरिचरण कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, पिछड़ा मोर्चा क्षेत्री अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, दूर-दराज से आयी जनता तथा स्कूली बच्चों आदि मौजूद रहें।

कमिश्नर की जनसुनवाई में उमड़े फरियादी

- शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर :आयुक्त

लखीमपुर खीरी। जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है, शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट सभागार में शिकायतों की सुनवाई की। कमिश्नर द्वारा सुनवाई की सूचना पाकर शिकायतकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह 11 बजे से शिकायतों की सुनवाई और उनका निस्तारण शाम चार बजे तक चला। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 223 शिकायतें सुनी गई, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के कैंप लगवाएं। प्राप्त मामलों का गंभीरता से निस्तारण कराए।सुनवाई के दौरान फरियादी ने अवगत कराया कि अपर उपजिलाधिकारी न्यायालय पर बटवारा वाद विचाराधीन है, जिसमे लेखपाल पुष्पलता द्वारा कुर्रा बटवारा की आख्या नहीं भेजी जा रही। आख्या न भेजने को कमिश्नर ने गंभीरता से लेकर लेखपाल पुष्पलता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने बताया कि ,जनशिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। शिकायतकर्ताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े। इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है।

रोस्टर के मुताबिक वो जनशिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां पहुंची हैं। कहा उनकी कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो। अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए हर अधिकारी को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आई। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आई। निर्देश दिए गए इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। जिम्मेदारों की जबावदेही भी तय की गई। जनसुनवाई में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी एसडीएम, विभागों के जिम्मेदार उपस्थित रहे।

आठ सागौन के पेड़ों के कटने पर बीडीओ ने किया जांच

बढ़नी/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। पूर्व में तहसील शोहरतगढ अन्तर्गत कास खण्ड बढ़नी ब्लाक परिसर में स्थित खण्ड विकास अधिकारी के आवास में लगे आठ सागौन के पेड़ों के कटने की शिकायत पत्र पर डीएम व बीडीओ को दिया गया था। डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने रविवार को ब्लाक में पहुंच कर शिकायतकर्ता की जांच की गयीं। बढ़नी ब्लाक के घोराही उफ़ रौनिहवा के रहने वाले अखिलेश पाण्डेय ने डीएम पवन अग्रवाल व बीडीओ मुरली श्याम मनोहर मिश्र को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया गया था कि पूर्व में तैनात रहे बीडीओ धनंजय सिंह द्वारा बीडीओ के आवास में लगे 8 सागौन के पेड़ को निजी आवश्यकता के लिए कटवा लिया गया था। जिसका साक्ष्य मेरे पास मौजूद है। वहीं डीएम के निर्देश पर जेपी कुशवाहा ने ब्लाक में जाकर शिकायत की जांच किया। इस दौरान उन्हें कटे हुए पेड़ का के जड़ों की नाप लिया। इस सम्बन्ध में बीडीओ ने शिकायतकर्ता के बयान लिया और शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि निष्पक्षपूर्ण जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

कहासुनी को लेकर मारपीट में दोनों पक्ष को आई गंभीर चोटे

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। उसका बाजार मुक़ामी थाना क्षेत्र के गुरुवार को सेखुई गांव में देर रात्रि को दो पक्षों में जमकर मार पीट हुई जिसमे पांच लोगो को गंभीर चोट भी आई है।मारपीट में पीड़ित के परिजन रामयश ने स्थानीय थाना पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पीड़ित व्यक्ति के पिता का कहना है कि रामलखन ने अपनो के साथ मिलकर घर में घुसकर मार पीट किया और अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया गया है। वही पीड़ित के पिता ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार ले गए।डॉक्टर ने रामप्रवेश 32 वर्ष,परमात्मा 45 वर्ष,अजय 17 वर्ष और सुमन 14 वर्ष की हालत गंभीर देखते हुए ज़िला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया तत्पश्चात रामप्रवेश को हालत बिगड़ता देख वहा के डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया।वही दूसरा पक्ष संजय ने भी थाने पर ताहिर देकर कार्यवाही की मांग किया है।दूसरे पक्ष में तीन लोगो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसका बाजार से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया है घायलों का इलाज जारी है।दोनो पक्षों ने शुक्रवार को थाने पर लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है।उसका बाजार थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा है कि दोनो पक्ष के तरफ से तहरीर मिली है जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डीएम ने किया आनलाइन मुआयना हेतु राजस्व अभिलेख पोर्टल का शुभारम्भ

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट में बने अभिलेखागार में राजस्व अभिलेख पोर्टल प्रतापगढ़ का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान डीएम ने बताया सिर्फ जनपद प्रतापगढ़ में राजस्व अभिलेख पोर्टल की आनलाइन व्यवस्था की गयी है, अभी किसी अन्य जनपदों में यह व्यवस्था लागू नही है। जमीन से सम्बन्धित अभिलेख जो काफी पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो गये थे और उन रिकार्डो को ढूढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और समय भी ज्यादा लगता था, इन सबकों देखते हुये राजस्व अभिलेख पोर्टल की शुरूआत जनपद में की गयी है। जमीन से सम्बन्धित जितने भी पुराने अभिलेख पाये गये उनको स्कैन कराकर एक पोर्टल विकसित कर उसमें सभी रिकार्ड को संरक्षित किया गया है। नये पोर्टल के माध्यम से अधिवक्ताओं के लागिन से राजस्व अभिलेखों का मुआयना किया जा सकेगा, साथ ही अभिलेख की नकल प्राप्त करने हेतु पोर्टल पर आवेदन कर सकते है जिसमें अभिलेख के सही और गलत की जानकारी प्राप्त हो जायेगी।

कार्यालय जिला पंचायत, मीरजापुर

पत्रांक 1115/ जि0पं0 भी0/2023-24/निविदा / कारपार्किंग — दिनांकः- 15/03/2024

आवश्यक नीलामी सूचना

जिला पंचायत, मीरजापुर के नियंत्रणाधीन 1. कालीखोह पार्किंग स्थल पर निर्धारित शुल्क वसूली का ठेका वित्तीय वर्ष 2024-2025 (दिनांक 01.04.2024 से 31-03-2025 तक) के लिए निविदा इस कार्यालय के पत्र संख्या 124/ जि0पं0मी0/2023-24 दिनांक 17.02.2024 एवं पंत्र सं0 1099 / जि0पं0मी0/2023-24 दिनांक 06.03.2024 द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित करते हुए दिनाँक 13.03. 2024 को समय 5.00 बजे तक ई-टेण्डर के माध्यम से आमत्रित किया गया था, जो दिनॉक 14.03.2024 को खोला गया। जिसमें कालीखोह कारपार्किंग की कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई है. जिसके कारण कालीखोह कारपार्किंग के लिए टेण्डर दिनॉक 16.03.2024 से दिनाँक 22.03.2024 समय 5.00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो दिनॉक 23.03.2024 को 10.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, मीरजापुर के कार्यालय कक्ष में कमशः तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कारपार्किंग स्थल का नाम	टेण्डर की धनराशि	टेण्डर फार्म मूल्य जी0एस0टी सहित	जमानत की धनराशि
1	2	3	4	5
1	कालीखोह	647000.00	5900.00	50000.00

(शोमा राम वर्मा) अभियन्ता जिला पंचायत मीरजापुर।
(कमलेश सिंह) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मीरजापुर।
(राजू कन्नौजिया) अध्यक्ष जिला पंचायत मीरजापुर।

होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित अतिरिक्त होली स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

09003/09004 मुम्बई सेंट्रल - दिल्ली सराय रोहिल्ला - मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 09003 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09004 आगमन	प्रस्थान
–	16:00	मुम्बई सेंट्रल	15:25	--
14:25	–	दिल्ली सराय रोहिल्ला	--	17:25

चलने की तिथि: 09003 मुम्बई सेंट्रल से दिनांक 22.03.2024 एवं 29.03.2024 को **और 09004 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से दिनांक 23.03.2024 एवं 30.03.2024 को।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बोरीवली, सूरत, वड़ोदरा, अहमदाबाद, आबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर, फुलेरा, रीगंस, रेवाड़ी, गुड़गॉव और दिल्ली कैंट स्टेशन।

04022/04021 आनन्द विहार (ट.) - मुजफ्फरपुर - आनन्द विहार (ट.) होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन	प्रस्थान
–	23:35	आनन्द विहार टर्मिनल	23:30	--
21:30	–	मुजफ्फरपुर	--	23:00

चलने की तिथि: 04022 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 21.03.2024 को **और 04021 मुजफ्फरपुर** से दिनांक 22.03.2024 को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. , शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ जं., बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, छपरा ग्रामीण और हाजीपुर स्टेशन।

04731/04732 श्रीगंगानगर - आगरा कैंट - श्रीगंगानगर होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 04731 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04732 आगमन	प्रस्थान
–	14:30	श्रीगंगानगर	00:50	--
04:50	–	आगरा कैंट	--	07:05

चलने की तिथि: 04731 श्रीगंगानगर से दिनांक 20.03.2024 एवं 27.03.2024 को **और 04732 आगरा कैंट** से दिनांक 21.03.2024 एवं 28.03.2024 को।
सीन : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : अबोहर, मलोट, गिदड़बाहा, बठिण्डा, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, अलवर और मथुरा जं. स्टेशन।

01431/01432 पुणे - गोरखपुर जं. - पुणे सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन	प्रस्थान
–	16:15	पुणे	06:25	--
15:38	15:40	लखनऊ	04:00	04:10

विधायक ने सड़क निर्माण का किया शुभारंभ

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। कबीरपुर कसगंजा से लेकर शाहजहांपुर बॉर्डर तक के सड़क निर्माण कार्य का भाजपा विधायक ने शुभारंभ किया। उन्होंने भाजपा की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जनसमस्याओं को सुना इस दौरान बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।घुंघचाई क्षेत्र के कबीरपुर कसगंजा के बस अड्डे से लेकर भैंसापुर गांव से होते हुए शाहजहांपुर की सीमा नवीची तक सड़क की हालत काफी जर्जर थी। जिसके चलते लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मार्ग पर बरसात के दिनों में निकलने की दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। यहां के लोगों ने इस समस्या को लेकर सड़क का निर्माण कार्य करने की मांग की थी। इसको गंभीरता से लेते हुए विधायक बाबूराम पासवान ने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को अवगत कराया था।जिस पर सड़क निर्माण की मंजूरी मिली। जिसका शुक्रवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने

पहुंच कर नारियल तोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को अब परेशानियों से निजात मिलेगी। इस दौरान बैठक कर गांव के लोगों की जन समस्याओं को सुना। विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने कई लाभकारी योजनाएं चलाकर आम जनमानस को इसका फायदा पहुंचाया है। मुफ्त में अनाज,बिजली शिक्षा,चिकित्सा,सड़क मार्ग के अलावा डिग्री कॉलेज बनवाए जा रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रधान महेश यादव,अरविन्द वाजपेयी,राजेश कटियार,रामनिवास पासवान,आलोक मिश्रा,रामगोपाल जयसवार,बालक राम वर्मा,डॉ उमेश शुक्ला संतराम सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे। निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई।

विधायक ने माधौटांडा चांदूपुर वस्ती मार्ग का किया शुभारभ

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। विधान सभा क्षेत्र के ग्राम माधौटांडा से कलीनगर चांदूपुर वस्ती मार्ग का विधायक बाबूराम पासवान ने विधि विधान के साथ नारियल तोड़कर मार्ग निर्माण का शुभारंभ किया गया।विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि उक्त मार्ग वर्ष 2020 से निर्माण के लिए लम्बित पड़ा था काफी प्रयासों के बाद प्रदेश के लोक निर्माणमंत्री जितिन प्रसाद द्वारा मेरे प्रस्ताव पर वजट स्वीकृत किया गया जिसका शुक्रवार को मेरे द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारभ किया गया जिससे क्षेत्र की जनता में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया विधायक पासवान ने उक्त निर्माण की स्वीकृति को लेकर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का हृदय क गहराइयों से आभार व्यक्त किया गया इस दौरान शिव जायसवाल सचिन पांडे पवन जायसवाल ब्रजेश पाल राजेन्द्र पांडे प्रशांत पांडे पूरनलाल शंकरलाल पाल सिंह भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तहसील स्तरीय अधिकारी हुये स्थानान्तरित

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व विवादित खण्ड विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह को प्रशासनिक आधार व तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी को जनहित में स्थानान्तरित किया गया।तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी की तैनाती तहसील कलीनगर एवं कलीनगर के तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार की तैनाती तहसीलदार पूरनपुर के पद पर की गयी जबकि स्थानान्तरित दो तहसीलदारों ने अपनी अपनी नई तहसीलों की तैनात पर जाकर चार्ज ग्रहण कर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से मुलाकात कर आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही आगामी लोकसभा की तैयारियों में जुटने के निर्देश जारी किये गये जबकि विकास खण्ड के चिर्चित विवादों में सदैव घिरे रहने वाले खण्ड विकास अधिकारी अरूण सिंह का वीडीसी सदस्यों के धरना प्रदर्शन के आधार पर संज्ञान लेते हुये प्रशासनिक आधार पर स्थानानतरण कर विकास खण्ड में आये दिन वीडीसी व ग्राम प्रधानों के द्वारा वीडीओ विरोधी धरना प्रदर्शन पर विराम लगा दिया वीडीओ के तबादले को लेकर वीडीसी व ग्राम प्रधानों द्वारा जश्न मनाते हुये मिष्ठान वितरण किया गया।

वीवीआईपी आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम, एसएसपी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मार्च को मुरादाबाद पहुंचेंगे जिसको लेकर जिला प्रशासन सभी तैयारियां पूरी कर ली है इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा पुलिसध्प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ आगामी वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बताते चले कि षुक्रवार की सुबह जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीणा थाना मझोला स्थित वीवीआईपी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उनके द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान डीएम ने पूरे कार्यक्रम स्थल को बारीकी से चैक किया और कार्यक्रम स्थल पर डयूटी करने वाले कर्मियों को कड़े दिषा निर्देष दिये। वहीं एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि मझोला स्थित कार्यक्रम स्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। डीएम, एसएसपी के साथ पुलिस व प्रषासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

राशन कार्ड धारकों को वितरित किए गए बैग

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। कई महीनों से रिक्त चल रही राशन कोटे की दुकान पर नई महिला कोटेदार ने राशन कार्ड धारकों को बैग वितरण किए। कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैयाकलां में राशन कोटे की दुकान निरस्त चल रही थी। जिसके चलते राशन धारकों को राशन लेने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नए कोटेदार का चयन कर दिया गया है। नई महिला कोटेदार गीता कुशवाहा ने बताया कि ग्राम पंचायत में राशन कार्ड धारकों के लिए प्रति राशन कार्ड हेतु 583 बैग विभाग द्वारा प्राप्त हुए है।जिसमें शुक्रवार को प्रति राशनकार्ड धारक को एक-एक मुफ्त बैग वितरण करना शुभारंभ कर दिया। सभी राशन कार्ड धारक अपने-अपने बैग प्राप्त कर लें। इधर कई महीनों बाद नई राशन दुकान गांव में आने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते जिलेदार को किया गिरफ्तार

मुरादाबाद। भ्रश्टाचार निरोधक दस्ते ने षुक्रवार को ठाकुरद्वारा सिंचाई विभाग के जिलेदार कार्यालय में रिष्वत लेते हुए जिलेदार विजय वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिलेदार पर काजीपुर निवासी मासूम अली ने पांच हजार रूपए की रिष्वत यह कहकर मॉगी गई थी कि उसने नहर पर अवैध पुलिया बनाई है मुकदमे से बचना चाहता है तो पांच हजार रूपए देने होगे। बताते चले कि षुक्रवार की सुबह एंटी करप्शन टीम ने ठाकुरद्वारा तहसील के जिलेदार प्रथम को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी षुरू कर दी है। मौके पर मौजूद एंटी करष्पन टीम ने जानकारी देते हुये बताया कि पकड़े गये जिलेदार ने तहसील ठाकुरद्वारा के डिलारी थाना क्षेत्र के गांव काजीपुरा के रहने वाले मासूम अली पुत्र अबरार हुसैन से नहर पर अवैध पुलिया बनाने के संबंध में रिष्वत की मांग की थी। पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच पड़ताल षुरू करदी गई है।

समाजसेवी ने लावारिस व्यक्ति का किया अंतिम संस्कार

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। दिनांक 23.2.2024 को जिला अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा राजेंद्र कुमार पुत्र राम सुमेर नाम से बीमार हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर इलाज के दौरान इस व्यक्ति की मौत हो गई जिला अस्पताल प्रशासन के द्वारा अकबरपुर कोतवाली को इस व्यक्ति के बारे में जानकारी दिया गया की राजेंद्र कुमार पुत्र राम सुमेर की मौत हो गई है, अकबरपुर कोतवाली उप निरीक्षक जैद अहमद कांस्टेबल मोजम अली ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पहचान हेतु पोस्टमार्टम हाउस अकबरपुर में 72 घंटे के लिए रखवा दिया था, काफी प्रयास करने के बाद इस व्यक्ति की पहचान न होने के कारण आज दिनांक 15.3. 2024 को समाजसेवी बरकत अली से संपर्क करके लावारिस शव का अंतिम संस्कार करने का अनुरोध किया, समाजसेवी बरकत अली अपनी टीम के साथ पहुंचकर अमरौला घाट पर समाजसेवी बरकत अली सदरपुर सभासद प्रतिनिधि सोमू मौर्या, मकनु सिंह, शेष नारायण सिंह, आलोक कुमार, शनी की मौजूदगी में हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज

मुरादाबाद। मुरादाबाद की जामा मस्जिद में रमजान के पहले जुमे में रोजदारों ने झुकाए इबादत में सर दुआओं के लिए उठाए हाथ रब्बुलआलामीन से की देष की खुषहाली और तरक्की की दुआ। बताते चले कि रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रषासन पूरी तरह से सर्तक दिखाई दिया सुबहसे ही राजकीय इंटर कालेज से लेकर जामा मस्जिद चौराहे तक भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। रमजान के पहले जुमे की नमाज रोजेदारो ने जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच अदा की। वहीं नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने जुम्मे की नमाज पढ़ाई और देश-विदेश के साथ मुरादाबाद के लिए भी दुआएं की। रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज को षांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सीओ कोतवाली मुगलपुरा प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ चौराहे पर तैनात रहे। सीओ कोतवाली द्वारा मुसलमान भाईयों को जुमे की नमाज की मुबारकबाद दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा परेड सलामी के पश्चात परेड में सम्मिलित अधिकारीध्कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया, जिसके पश्चात पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण रिजर्व पुलिस लाइन्स ग्राउन्ड में लिया गया। इसके पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल, जीप, लैपर्ड आदि को वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि सहित चेक किया गया तत्पश्चात क्वार्टर गार्द सलामी के पश्चात क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स का भ्रमण करते हुए मेस, जिम्नेजियम, बैरक, आवासीय परिसर इत्यादि की साफ-सफाई को देखा गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात आदेश कक्ष में विभिन्न गार्द कमांडरों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा निर्माणाधीन भवनों व चल रहे कार्यो व कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

विवादों में घिरे चर्चित बीडीओ का प्रशासनिक आधार पर हुआ तबादला

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। तैनाती के समय से ही विवादों एवं क्षेत्र पंचायत के करोड़ों के वजट को अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचारने सहित अनेकों गंभीर आरोपों में घिरे खण्ड विकास अधिकारी अरूण सिंह का प्रशासनिक आधार पर विकास खण्ड बीसलपुर तत्काल प्रभाव से स्थानान्तरण कर उनके स्थान पर बीसलुपर के खण्ड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा को पूरनपुर विकास खण्ड में तैनात किया गया।कुछ ही समय पूर्व विकास खण्ड में तैनात चर्चित खण्ड विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह द्वारा कार्यालय में समय न देने क्षेत्र पंचायत निधि को मनमाने ढंग से निविदाएं आमंत्रित कर धन को ठिकाने लगाने सहित अनेकों गंभीर आरोपों को लेकर

वीडीओ अरूण कुमार सिंह के खिलाफ वीडीसी महासंघ के जिलाअध्यक्ष प्रदेश सचिव अजय भारती के नेतृत्व में वीडीसी सदस्यों द्वारा मनमाने ढंग से निविदाएं आमन्त्रित किये जाने मनरेगा में मनमाने ढंग से अपने चहेतों के डोंगल लगाने सहित अनेकों आरोपों की शिकायत लोकायुक्त जिलाधिकारी मुख्यमंत्री सहित अन्य को भेजी गई तथा विकास खण्ड परिसर में वीडीओ को निलम्बित किये जाने को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया उसके बाद भी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा व्यवहार में वदलाव न आने पर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुये तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक आधार पर खण्ड विकास अधिकारी को बीसलपुर विकास खण्ड में स्थानान्तरित किया गया है वीडीओ के स्थानान्तरण को लेकर वीडीसी व ग्राम प्रधानों ने राहत की सांस लेते हुये जश्न मनाया वहीं वीडीओ समर्थक प्रधानों के चेहरों पर उदासी छायी हुई है।

बाहरी जिलों के पुलिस ठहराने को देखी व्यवस्था

चित्रकूट। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने कोतवाली कर्वी के जेएम बालिका इंटर कालेज, जेपी इंटर कालेज में बाहरी जिलों से आने वाली पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था देखी।

शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने डीआईजी अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली कर्वी के जेएम बालिका इंटर कालेज, जेपी इंटर कालेज में चुनाव कराने को बाहरी जिलों से आने वाली पुलिस बल को ठहरने की व्यवस्था देखी। आवश्यक सुधार को स बन्धित को आदेश किया। इस दौरान सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

सपा कांग्रेस का भाजपा से है अंदरूनी गठबंधनः विमल

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। बहुजन समाज को भारत देश का हुक्मरान बनाना ही मान्यवर कांशीराम जी का लक्ष्य था उन्होंने अपने जीते जी लंबा संघर्ष करके दलितो शोषितों पिछड़ों धार्मिक अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक भागीदारी देने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी की स्थापना किया और संगठन तथा सरकार में समाज के सभी वर्गों को उचित भागीदारी देने का कार्य किया है बहुजन समाज पार्टी मान्यवर कांशी राम जी के सपने को पूरा करने के लिए लोकसभा के चुनाव में सर्वाधिक शीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी के शासनकाल में अंबेडकर नगर जनपद में कोई कार्य नहीं किया गया। बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में हुए कार्यों को बदलने का कार्य इन पार्टी की सरकारों में हुआ है। उक्त बातें सामाजिक परिवर्तन के महानायक बामसेफ डीस-4 बीएसपी के जन्मदाता व संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी के 90 वें जयंती के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी पूर्वांचल कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा बहुजन समाज पार्टी अयोध्या, आजमगढ़, वाराणसी मंडल के प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार ने कही। पूर्व सांसद खरवार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अम्बेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव जीतेगी इसके लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता लंबे समय से गांव-गांव समाज के सभी वर्गों में भाईचारा पैदा करके संगठन को मजबूत कर रहे हैं विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल प्रभारी बलराम निषाद संचालन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सावंत ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अयोध्या मंडल के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि दलित समाज का वोट लेने की साजिश करने वाले राजनीतिक दल भी आज मान्यवर कांशीराम जी की जयंती मना रहे हैं जो बहुजन समाज पार्टी को खत्म करने की बात करते हैं और सत्ता में आने के बाद बहुजन महापुरुषों के नाम से बने जिले स्मारक को बदलने एवम बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलकर एवं बंद करके लोगों को निराश करने का काम किया है ।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी आपस में मिली हुई है और दलितों की सबसे बड़ी राजनीतिक दुश्मन यह दल है इनसे हमें सावधान रहने की जरूरत है। विचार गोष्ठी को मोहम्मद कलाम शाह, जिला प्रभारी अरविंद कुमार गौतम, दयाराम राजभर, डॉ राजेश सिंह, कमर हयात, सुनील मौर्य, रोहित प्रजापति, गप्पू चौधरी, दयानंद मौर्य, निरपति अंबेश, सभाजीत छेदीराम मौर्य, राजबहादुर, आज्ञाराम, गुलाम केवरिया, मुन्नीलाल, मुनिवर, सुरजीत गौतम ने संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया।

सीएए लागू होने पर पहले जुमा पर सतर्क रहा प्रशासन

चित्रकूट। रमजान के पहले जुमा की नमाज शान्तिपूर्ण ढंग से मस्जिदों में अदा हुई। पुलिस व जिला प्रशासन खासा सतर्क रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीमों के साथ अधिकारी भ्रमण में रहे। खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहा। रमजान पर बाजार की रौनक बढ गई है।

शुक्रवार को रमजान के पहले जुमा की नमाज जिला मु यालय के पुरानी बाजार, तरौंहा, सीतापुर, उटारखाना आदि क्षेत्रों की मस्जिदों में हुई। सीएए लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन खासा सतर्क है। नमाज दौरान मस्जिदें खचाखच भरी रहीं। जुमे पर मुस्लिम समुदाय में उत्साह देखने को मिला। दुकानों में नमाज बाद खरीद्दारी को भीड उमडी। राजापुर में शाही मस्जिद में पेश इमाम मो मुइन ने नमाज अदा कराई। मस्जिदों में भाईचारा व देश में अमनचैन की दुआ मांगी गई। पेश इमाम मो मुइन ने कहा कि मोह मद साहब को 610ई में कुरान शरीफ का ज्ञान हुआ था। तभी से रमजान का महीना इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण महीना माना जाता है।

नशे में पति से विवाद पर पत्नी ने दी जान

चित्रकूट। घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों ने बताया कि दंपति के बीच विवाद के चलते पत्नी ने ये कदम उठाया है।

फांसी लगाकर जान देने का ये मामला गुरुवार की रात कर्वी कोतवाली के लक्ष्मणपुरी पुरानी बाजार में हुआ। सास गीता देवी ने बताया कि देवर प्रदीप सिंह के पुत्र विक्की की शादी बाद शहर के टाउन हाल में समारोह था। घर पर तैयारियां चल रही थीं। सभी लोग समारोह में शामिल होने चले गये थे। गुरुवार की शाम ज्योति (35) घर में तैयार हो रही थी। पति संतोष तोमर नशे

में घर पहुंचा तो किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। खफा ज्योति ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। थोड़ी देर बाद परिजनों ने देखा तो उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर कोहराम मच गया। मृतका के एक पुत्र व एक पुत्री है। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौत का कारण अज्ञात है। पीएम रिपोर्ट बाद स्थिति साफ होगी।

भूमि पर अवैध कब्जा हटाने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से आवंटन की प्रक्रिया की जा रही है। इससे नाराज ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।तहसील क्षेत्र के गांव सौंधा में स्थित नवीन परती की भूमि आबादी के समीप है। जिसमें ग्राम प्रधान की मिली भगत से अवैध रूप से आवंटन की प्रक्रिया की जा रही है।जिसको लोगों ने गलत बताया है। उनका कहना है कि अवैध रूप से अपात्र व्यक्तियों का चयन किया जा रहा है। जिसकी जांच होना बहुत जरूरी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान व अन्य भू माफिआओं से मिलकर सांठगांठ कर वेशकीमती भूमि को अवैध रुप से अपात्र व्यक्तियों को आवंटन की जा रही है। जिसके चलते लोगों को भविष्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने कई बार इसका विरोध किया। लेकिन भू माफिया नहीं मान रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीण तहसील पहुंचे,उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी राजेश शुक्ला को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने जांच कराकर भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र देने वालों में सनी देओल, सोमपाल, मुरारीलाल,रघुवीर,जसवंत,मुकेश कुमार, सुखराम,नरेश कुमार,कमलजीत,सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

काशीराम ने जगाई थी सोती कौम

चित्रकूट। राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान ने बहुजन नायक काशीराम की जयंती निषाद मार्केट पांडेय कॉलोनी में संस्थान अध्यक्ष कैलाश बौद्ध की अध्यक्षता में मनाई।शुक्रवार को बहुजन नायक काशीराम की जयंती में बतौर मु य अतिथि तिंदवारी पूर्व विधायक ब्रजेश कुमार प्रजापति ने काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर सभा का शुभार भ किया। उन्होंने कहा कि काशीराम ने सोये हुए समाज को जगाकर हुक्मरान समाज बनाया था। दलित पिछड़ी एकता बनाकर जो लोग साइकिल में चलने का सपना नही देखते थे, उन्हें हवाई जहाज में उड़ाने का काम किया था। आज दलित-पिछड़ी एकता बिखर गई है। सरकार के खिलाफ बोलने वाले नेताओं को ईडी व सीबीआई का डर दिखाया जा रहा है। सरकार से डरेंगे नहीं, काशीराम के मिशन को जन-जन तक पहुंचायेंगे।संस्थान अध्यक्ष कैलाश बौद्ध ने कहा कि जातियों में बंटे समाज को एकत्र कर काशीराम ने प्रदेश में सरकार बनाई थी।

दरोगा पर अभद्रता का आरोप : अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार, दरोगा लाइन हाजिर

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। अधिवक्ता से जेल चौकी प्रभारी द्वारा अभद्रता का आरोप लगाते हुए शनिवार को जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर दिया, जिसके बाद एसपी ने जेल चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। बताते चलेंकि शुक्रवार को मरैला के पास हुए एक सड़क दुर्घटना के बाद जिला कारागार पुलिस चौकी इंचार्ज व एक अधिवक्ता के बीच हुई नोकझोंक हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क दुर्घटना में महिला घायलावस्था में सड़क और पड़ी तड़प रही थी और मौके ओर पहुंचे जेल चौकी प्रभारी जयकिशन यादव एम्बुलेन्स के लिए लगातार फोन कर रहे थे और इस दौरान अधिवक्ता द्वारा अपने मोबाइल से वीडियों बनाई जा रही जिससे एसआई नाराज़ हो गए और अधिवक्ता को वहां से भगाने लगे जो अधिवक्ता को बुरा लग गया। उक्त मामला शनिवार को तूल पकड़ता नज़र आया। अधिवक्ताओं ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए शनिवार को कार्य बहिष्कार करने का फैसला लिया जिसके बाद पुलिस कप्तान ने जेल चौकी प्रभारी जयकिशन यादव को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया तथा उनके स्थान और अलीगंज थाना पर तैनात एसआई प्रभात कुमार को जेल चौकी का दायित्व सौंप दिया है।

दल बदलू नहीं लागू करा पाते जनहित की नीतियांः अमित

चित्रकूट। भाकपा कै प कार्यालय में जिला सचिव मंडल की बैठक में का अमित यादव ने कहा कि देश में वामदलों को छोड़कर अन्य दलों में दलबदलुओं की भरमार है। यही दल बदलू जब संसद व विधानसभा में जाते हैं, जनहित की नीतियों को लागू नहीं करा पाते।शुक्रवार को हुई बैठक में भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इंडिया गठबंधन की सहयोगी भाकपा बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से टिकाऊ, क्रान्तिकारी व संघर्षशील उ मीदवार उतारेगी। घोषणा जल्द प्रदेश कमेटी करेगी।

विपक्षी दलों की सरकार में विकास के नाम पर था केवल लूट खसोट

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पूर्व जनपद के दौरे पर आए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद की विकास के लिए 21 अरब 21 करोड़ रुपए की 4977 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास सहित दो निजी औद्योगिक परियोजनाओं के शुभारंभ की घोषणा पर प्रशांत व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा है कि मख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जिस प्रकार से जनपद की विकास के लिए सरकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास और दो निजी औद्योगिक परियोजनाओं की सौगात दी है वह जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि विकास के क्षेत्र में यह जनपद जितना पिछड़ा था उतना ही तीव्र गति से विकास की पहिया को घुमाने का कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार ने किया है। कहा कि जनपद में होने वाली 6 हजार करोड़ रुपए का निवेश से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने से जनपद के युवाओं को घर में ही रोजगार मिल सकेगा। कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ही जनपद, प्रदेश और देश का विकास तीव्र गति से करने में सक्षम है। विपक्षी दलों की सरकार में विकास के नाम पर केवल लूट घसोट था। लोकसभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तरह से विकास कर विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है उसी तरह से प्रदेश भी मोदी जी के नेतृत्व में तीव्र गति से विकास कर रहा है। आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित प्रदेश बन जायेगा। प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने और ऐतिहासिक विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। कहा कि सम्मानित जनता इस बार मुझे भाजपा प्रत्याशी के रूप में पुनः आशिर्वाद देकर जीत दिलायेगी और अंबेडकर नगर लोकसभा सीट देश की विकास के लिए मोदी जी को अर्पित करेगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने भी जनपद को मिले अरबों रुपयों की हजारों परियोजनाओं पर खुशी व्यक्त किया है।

एंटी करप्शन टीम ने डीडीओ नाज़िर को घूस लेते किया गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। एंटी करप्शन टीम ने जिला विकास अधिकारी के नाज़िर को 10 हज़ार रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निलम्बित सेक्रेटरी विनोद कुमार को हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुनः जॉइन कराने के नाम पर जिला विकास अधिकारी के नाज़िर वीरेन्द्र चौहान द्वारा 10 हज़ार रुपए घूस मांगी गई थी। सेक्रेटरी द्वारा अवैध धन उगाही की सूचना एंटी करप्शन टीम को दी गई तो गोरखपुर की एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और नाज़िर वीरेंद्र चौहान को जिला अस्पताल गेट के पास बुलाया जहां वीरेंद्र चौहान ने सेक्रेटरी विनोद कुमार से 10 हज़ार रुपए लिया जिस पर एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तर कर लिया और कोतवाली अकबरपुर में लाकर आरोपी वीरेंद्र का हाथ घुलवाया जिससे हाथ लाल हो गया। बहरहाल एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्यवाही की पूरे जनपद में खूब चर्चा हो रही है।

सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहे अपराधीः शिवशंकर

चित्रकूट। सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहा ने विधानसभा कमेटी की घोषणा की। सदर विधानसभा में नरेंद्र कुमार यादव, मानिकपुर विधानसभा में चंद्रिका प्रसाद निषाद को जि मेदारी सौंपी। दोनो विधानसभा अध्यक्षों ने 21 सदस्यीय कमेटी गठित कर जिला कार्यालय को सौंपी।

शनिवार को विधानसभा अध्यक्षों व पूरी कमेटी को जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया। सपा युवजन सभा के मनोनीत अध्यक्ष अजय यादव के साथ सैकड़ों युवाओं ने पार्टी कार्यालय में जय घोष करते हुए आये। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सपा खैरात की राजनीति नहीं करती। सपा परिवर्तन की राजनीति करती है। उप्र का युवा सपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। पिछले दस सालों से केंद्र व सात साल से प्रदेश की भाजपा सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं के साथ धोखा किया

भरवारी में किसानों ने किया प्रदर्शन ,चक्का जाम

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी में दस सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया है। मौके पर अधिकारी के नही आने पर किसानों ने चक्का जाम कर दिया। जिससे आने जाने वालो को दिक्कतो का सामना झेलना पड़ा। हालांकि स्कूली बच्चो को किसान यूनियन मजदूर संगठन सिंघानिया के कार्यकर्ताओं द्वारा निकालते रहे। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा में नाला निर्माण ,11000 हजार की लटकती हुई तार ,कृषक के भूमिधरी जमीन पर जबरन कुआं का निर्माण जैसे दस सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन देने के बावजूद नाला निर्माण नही कराए जाने से नाराज सैकड़ों किसानो का आक्रोश फूट पड़ा वह सड़क पर आ गये। नगर पालिका कार्यालय भरवारी पहुंचकर धरना दे दिया,किसानों ने नगर पालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ के ज्ञापन नही लेने आने पर आक्रोशित किसानों ने भरवारी करारी मार्ग को जाम कर दिया।सड़क जाम किए जाने की सूचना पर नायब तहसीलदार चायल अंकिता पाठक ने पहुंचकर किसानों से बात करके उनका ज्ञापन लिया गया। लिपिक बबलू गौतम को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। इस मौके पर प्रांतीय संयुक्त सचिव लकी तिवारी, मंडल अध्यक्ष गणेश अग्रहरि मंडल प्रयागराज,उप मंडल अध्यक्ष सत्यम कुशवाहा, प्रयागराज जिलाध्यक्ष डाली पाठक, जिला अध्यक्ष कौशाम्बी भीमसेन,

विशेष अभियान में 21 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में वारण्टी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारीगणों के पर्यवेक्षण में 15 वारण्टी अभियुक्तों, 1 वांछित अभियुक्त तथा निरोधात्मक कार्यवाही में 5 अभियुक्तों कुल 21 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार सभी अभियुक्तों न्यायालय भेजा गया । जिनमे थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 वीरेन्द्र प्रताप मय हमराह

पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त भैरव पुत्र केशव नि0 पेरई तिल्हापुर मोड़ थाना पिपरी कौशाम्बी व मु0 के वारंटी अभियुक्त बनवारी पुत्र दूधनाथ नि0 पेरई तिल्हापुर मोड़ थाना पिपरी कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 सुनील सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बाबू लाल पुत्र श्रीनाथ पासी नि0 घडियालीपुर थाना कड़ाधाम कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना महेवाघाट पुलिस उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र शिवजतन सिंह नि0 अजरौली थाना महेवाघाट कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 सत्य प्रकाश सिंह व उ0नि0 किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा 2 वारंटी अभियुक्तों वारिस अली पुत्र फिरोज अली व मो0 अली पुत्र वारिस अली नि0गण मारूफपुर थाना कोखराज कौशाम्बी व वारंटी इसाक उल्ला पुत्र मो0 सुलेमान नि0 वार्ड नं0 8 मोहल्ला मौलाना आजाद नगर भरवारी थाना कोखराज कौशाम्बी तथा वारण्टी पीताम्बर पुत्र अंधू नि0 खोरांव थाना कोखराज कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना सैनी पुलिस उ0नि0 मनोज जायसवाल व उ0नि0 विनोद सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त दिलीप यादव पुत्र स्व0 विश्वनाथ नि0 डोरमा थाना सैनी कौशाम्बी व वारण्टी सुलोक पुत्र राजाराम नि0 धाता रोड़ सिराथू थाना सैनी कौशाम्बी तथा वारण्टी मुस्ताक पुत्र मोहन अली नि0 धाता रोड़ के पीछे थाना सैनी कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । थाना कौशाम्बी पुलिस उ0नि0 हफीज खां मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी सुघर सिंह पुत्र बद्री सिंह नि0 सिघवल थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

संक्षिप्त आवाज

मंदिर की भूमि पर टंकी का निर्माण

कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम स्थित जहानपुर में शंकर भगवान मंदिर के नाम दर्ज जमीन पर वर्तमान सभासद वार्ड नंबर 15 द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि मस्जिद के सामने पड़ी हुई मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद के नमाजियों को ध्यान में रखकर उनकी सुविधा अनुसार पानी टंकी का निर्माण को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर के नाम अंकित तीन बिस्वा जमीन पर पानी के टंकी का निर्माण कराया जा रहा हैं। इस बात को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। नगर पंचायत ईओ व अध्यक्ष से शिकायत की गई। प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मौके पर पहुंचकर जांच किया जा रहा है।

यूपी पुलिस पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

कौशाम्बी। यूपी पुलिस पेपर लीक का मामले मे मुख्य आरोपी अरुण कुमार ने सरेंडर किया है। यूपी एसटीएफ के सामने आरोपी ने सरेंडर किया गया है। एसटीएफ ने आरोपी को मंझनपुर पुलिस को सौंपा।

टीम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

कौशाम्बी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया। पुलिस ने इस मौके पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी । पुलिस ने लोगों को निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु वार्ता किया गया। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया ।इस अवसर पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

धूमधाम से मनाया गया महानायक कांशीराम जयंती

कौशाम्बी। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती के निर्देशानुसार 15 मार्च शुक्रवार को कौशाम्बी जिले के ओसा स्थित पार्टी कार्यालय में 21वीं सदी के महानायक बामसेफ डीएस4 और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की 90वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बसपा कार्यालय में फतेहपुर व कौशाम्बी के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रयागराज जोन इंचार्ज राजू गौतम व एसपी सिद्धार्थ उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीआर अंबेडकर व कांशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण करके नमन किया गया। कांशीराम साहब ने अपने जीवन काल में बहुजन समाज सहित सर्व समाज के लिए किए गए सामाजिक कार्यों को बताया गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश चौधरी सहित जिला व विधानसभा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कॉलेज में नुक्कड़ नाटक बाल एवं महिला अपराध कार्यक्रम का आयोजन

कौशाम्बी। मूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत माहेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलमचंद में शुक्रवार को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के हेड ऑफ़ डिपार्मेंट डॉक्टर आर के चौबे तथा प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाता जागरूकता, तथा चलो चलो कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को उनके अधिकार व समाज में उनके ऊपर हो रहे उत्पीड़न, अशिक्षा, समाज में फैली हुई है। अनेक प्रकार की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया।

नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलम्बन के बारे में किया जागरूक

मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाया गया जागरूकता अभियान

कौशाम्बी। महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थानों की महिला बीट आरक्षियों द्वारा पुलिस कार्यालय व गांव कस्बा विद्यालय में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के महिला थाना प्रभारी व महिला आरक्षियों द्वारा राजकीय हाइस्कूल बम्हरौली सिराथू की छात्र

छात्राओं को पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में, थाना सैनी की महिला आरक्षियों द्वारा विद्यालय की छात्राओं के साथ कस्बा में भ्रमण कर थाना संदीपनघाट की महिला बीट आरक्षियों द्वारा कस्बा मूरतगंज में, थाना करारी की महिला बीट आरक्षियों द्वारा कस्बा करारी में, तथा थाना मंझनपुर की महिला बीट आरक्षियों द्वारा कस्बा मंझनपुर में भ्रमण कर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान बच्चियों छात्राओं व महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। उनको सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,अभ्युदय योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना ,राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे की डीएम से शिकायत

कौशाम्बी । जिला मुख्यालय मंझनपुर के हजरतगंज मोहल्ले में एक दर्जन से अधिक दलित परिवार रहता है। मोहल्ले में भूमि खाता संख्या 1238, गाटा संख्या 1842 स्थित 1 बीघा भूमि दर्ज है। इस जमीन पर दलित समाज अपने परिवार व पूर्वजों का अंतिम संस्कार व कफन-दफन करते आ रहे है। मुहल्ले के महिला सुमित्रा देवी ने बताया आजाद नगर मोहल्ले के रहने वाले हारून पुत्र मोहर्रम अली अपने लोगो के साथ कब्रिस्तान की जमीन पर मिट्टी डाल कर कब्जा कर रहे है। उन पर पूर्व में भूमाफिया संख्या 61020101001/2021 में कार्यवाही हुई थी। इसके बाद भी वह अपने लोगो को आगे करके जमीन पर कब्जा कर रहे है। पीड़ित व अन्य महिलाओ ने सामूहिक रूप से डीएम दफ्तर में पहुंचकर शिकायती पत्र देकर आरोप के घेरे में आए शख्स के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

मुख्य चिकित्साधिकारी पर अवैध वसूली का आरोप

कौशाम्बी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर अवैध वसूली और अनियमितता का आरोप भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने लगाया हैं।

पूर्व में भेजी गई शिकायत की चिट्ठी गुरुवार को जिले में वायरल हो गई।जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। अभी मंझनपुर सिग्मा स्कैनिंग सेंटर की डायरेक्टर नगमा इकबाल सिद्दीकी द्वारा रजिस्ट्रेशन नोडल अधिकारी व संविदा कर्मी बाबू पर एक लाख वसूली के आरोप का मामला ठंडा नहीं पड़ा था कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सीएमओ के खिलाफ शिकायत किया गया।मामले में यदि डिप्टी सीएम ने संज्ञान लिया तो सीएमओ की मुस्किले बढ़ सकती है। जिसके संकेत प्रबल हो रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने 10 जनवरी 24 को उपमुख्यमंत्री से जिला पंचायत सदस्य तूफान सिंह का हवाला देते हुए शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है कि डॉक्टर सुप्येंद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनमानी रवैया अपना रहे हैं । नर्सिंगहोमो से अवैध वसूली में मशगूल हैं। सीनियर डॉक्टर होने के बावजूद जूनियर डॉक्टरों को पीएचसी सीएससी का प्रभारी अधीक्षक पद की नियुक्ति देकर अवैध वसूली कर रहे हैं। उनपर आरोप लगाया है कि 99 आशाओं का चयन किया गया है। बिना विज्ञापन के 99 आशाओं से 1 लाख से डेढ लाख रुपया लेकर प्रत्येक का चयन किया गया है। एन एच एम में भी भ्रष्टाचार किया गया। कल्पना सोनकर ने इसी तरह कई गम्भीर आरोप लगाते हुए उपमुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग करते हुए सीएमओ का अन्य मंडल मे स्थानांतरण व शासन स्तर की जांच कराई जाने की भी मांग की है।

फर्नीचर मिस्त्री का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

बांदा। फर्नीचर बनाने का काम करने वाले अधेड़ व्यक्ति का शव शुक्रवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट थी। माना जा रहा है कि ट्रेन का धक्का लगने के कारण फर्नीचर मिस्त्री की मौत हुई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के अरबई गांव निवासी बिंदा प्रसाद (50) पुत्र बद्री हाल मुकाम गायत्री नगर गुरुवार की शाम को घूमने जाने की बात कहकर घर से निकल गया था। रात में बिंदा अपने घर वापस नहीं आया तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। शुक्रवार की सुबह लोहिया पुल के पास रेलवे ट्रैक किनारे बिंदा का शव पड़ा पाया गया। खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि सिर पर गंभीर चोट लगी हुई है। शक जाहिर किया गया कि पटरी पार करते समय ट्रेन का धक्का लग जाने की वजह से बिंदा की मौत हुई है। मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री है। चाचा देवीदीन ने बताया कि सिर पर चोट है, ट्रेन का धक्का लगने से मौत हुई है। इधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हकीकत सामने आएगी।

पालिका अध्यक्ष ने जिम का किया उद्घाटन

बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नगर पालिका द्वारा प्रायोजित और निर्मित ओपेन जिम और पिंक टायलेट का उद्घाटन एवं लोकार्पण नगर पालिकाध्यक्ष मालती बासू द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता ने नगर पालिकाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका के सदस्य, अंकित बासू और महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापकगण, कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहीं।

होली में जैविक हर्बल गुलाल का करें उपयोग: डीएम

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समूहों के द्वारा होली के त्यौहार हेतु तैयार किये गये महर्षि बामदेव जैविक गुलाल का कलेक्ट्रेट में लगे स्टाल का अवलोकन किया। जैविक गुलाल बनाने का प्रशिक्षण स्वयं सहायता समूहों को दिलाया गया था, जिसके अन्तर्गत जनपद में गठित जय माँ दुर्गे स्वयं सहायता समूह एवं जय माँ काली स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा यह हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। यह गुलाल घरेलू उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों जैसे अरारोट, आटा, खाने के रंग, एसेन्सियल ऑयल, पालक, चुकन्दर एवं हल्दी जैसी सामग्री से बनाया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के कैमिकल का उपयोग नही किया गया है, जो

व्यक्ति की त्वचा के लिए किसी तरह से हानिकारक हो। जिलाधिकारी ने जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए स्वयं भी हर्बल गुलाल को खरीदा। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाल उत्पाद को जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी क्रय करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे कि इन महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके और होली पर्व पर बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध हानिकारक गुलाल के उपयोग से बचाव हो सके। जिला नगरीय विकास अभिकरण के प्रभारी परियोजना अधिकारी राकेश जैन ने बताया कि इस हर्बल गुलाल को क्रय करने के लिए जय माँ दुर्गे स्वयं सहायता समूह की शालिनी पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9170492700 एवं जय माँ काली स्वयं सहायता समूह रजनी द्विवेदी 8299871449 से सम्पर्क किया जा सकता है। स्टाल के अवलोकन के समय अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव व कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पालिका के उच्चीकरण के जारी हैं प्रयास: सांसद

चित्रकूट। कर्वी नगर पालिका में दो करोड की लागत से 171 सफाई वाहनों को हरीझंडी दिखाकर सांसद आरके सिंह पटेल ने रवाना किया। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में सांसद आरके सिंह पटेल ने दो करोड की लागत से नगर पालिका में आये 171 नये वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि नगर पालिका को उच्चीकरण कराने के प्रयास जारी हैं। नगर पालिका लगातार नागरिकों को सुविधा देने को प्रयासरत है। आचार संहिता लागू होने से पहले सांसद ने पालिका में आये नये वाहनों

को जनहितों की खातिर सौंपा। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि मोदी-योगी सरकार में नगर पालिका लोगों को हर तरह की सुविधा देने को तत्पर हैं। पालिका क्षेत्र के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस मौके पर पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, ईओ लालजी यादव, सभी वार्ड मेम्बर व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

एनडीपीएस आरोपी को हुई एक साल की सजा

चित्रकूट। न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक यादव ने न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट आरोपी को एक साल की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। शुक्रवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने थाना पहाड़ी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी शिवभवन उर्फ झल्लर पुत्र भोंदू निवासी हर्रा को एक वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि चार मार्च 2023 को पहाड़ी थाने में तैनात दरोगा रविकांत राय की टीम ने शिवभवन उर्फ झल्लर को एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बांदा। प्राइवेट कंपनी से लिया गया छह लाख रुपए का ऋण और खेत में बोई गई फसल की बर्बादी होने से परेशान किसान ने घर के आंगन में रस्सी से फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। मरका निवासी संतोष (42) पुत्र पन्नालाल के पास पांच बीघा जमीन है। उसने अबकी बार गेहूं और चने की फसल बोई थी,ओलावृष्टि और बारिश की वजह से उसकी फसल बर्बाद हो गई। इधर संतोष ने प्राइवेट कंपनी से छह लाख रुपए का कर्ज भी ले रखा था, जिसकी वसूली के लिए भी कंपनी के कर्मियों के द्वारा लगातार तगादा किया जा रहा था। इसी से परेशान होकर किसान ने गुरुवार की सुबह घर के आंगन में लकड़ी की बल्ली में रस्सी फंसाकर गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली।

जिला जज, डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

उरई (जालौन)। आज जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू यादव ने जिला कारागार उरई का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जेल अस्पताल, किशोर बैरक, महिला बैरक, एवं कारागार की अन्य बैरकों का निरीक्षण तथा बैरक में निरूद्ध बंदियों से उनके मुकदमें की पैरवी, स्वास्थ्य, खाने, रहने एव मुलाकात के बारे में जानकारी ली गयी। किसी भी बंदी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गयी।कारागार की

प्रशासनिक व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था एवं कारागार में निरूद्ध बंदियों को अच्छे से रखने के लिये उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की तथा ग्रीष्म कालीन मौसम आने के कारण कारागार में कोचिया एवं मौसम के हिसाब से अन्य फूल पौधे लगाये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी राहुल वर्मन, एवं उप कारापाल अमर सिंह उपस्थित रहे।

एडीजी प्रयागराज ने लोस चुनाव बाबत दिये निर्देश

पुलिस ने लोस चुनाव कराने को कसी कमर

चित्रकूट। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर की अध्यक्षता व डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव बाबत व्यवस्थाओं बाबत बैठक में एडीजी ने मतगणना कर्मियों, सुपर जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती, ईवीएम मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति प्रशिक्षण, ईवीएम, वीवी पैट मैनेजमेंट, यातायात व्यवस्था, लेखन चुनाव सामग्री, प्रपत्रों की छपाई, आदर्श आचार संहिता, जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन, मॉनिटरिंग कमेटी, निर्वाचन व्यय,

इलेक्शन खर्च समेत शांति व्यवस्था, मत पत्र, डाक मत पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन, हेल्पलाइन नंबर 1950 सी विजिल बाबत निर्देश दिये। शुक्रवार को कलेक्टेऊट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीजी भानु भास्कर ने पोलिंग पार्टियों के रवाना बाबत एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देश दिये। प्राइवेट बसों पर फोकस न कर सरकारी बसों पर फोकस करें। कोई समस्या आने पर जिलाधिकारी से बात करें। मतदेय स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल रहे। उप्र-मप्र की सीमा पर बैरियर लगाये जायें। जिसकी एक एफआईआर एनसीआर में है, जीडी एमडी कराकर उस पर गुंडा एक्ट लगायें। चिन्हित कर एसडीएम से तालमेल कर कार्य करें। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जितने भी मामले चल रहे हैं, सूची थाना प्रभारी से शेयर करें। सम्पत्ति बाबत अपराध के बारे में कहा कि अपराध की दशा देख लें, अपराध रजिस्टर में दर्ज करें। थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक करें। डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह ने कहा कि एसडीएम व सीओ चुनाव दौरान क्षेत्र भ्रमण करते रहेंगे। बूथों पर देखें कि प्रकाश व्यवस्था के साथ वैकल्पिक व्यवस्था करें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था बाबत एडीजी प्रयागराज को अवगत कराया।

वरिष्ठ अध्यापकों को विद्यालयों में मिले प्रभार

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर परिषदीय विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापक को ही प्रभार दिए जाने की मांग की। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि शासन के आदेशों के बावजूद अभी भी जनपद के कई विद्यालयों में वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिका के उपलब्ध होने के बावजूद कनिष्ठ शिक्षकों को प्रभार दिया गया है। साथ ही कुछ कनिष्ठ शिक्षकों पर विद्यालय का प्रभार लेने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। शैक्षिक महासंघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर शासनादेशों के अनुसार वरिष्ठ अध्यापक को ही विद्यालय का प्रभार सौंपे जाने की मांग की है।

पट्टाधारकों को नहीं है डीएम-एसपी का भय

बड़े पैमाने पर गुजरते हैं ओवरलोड ट्रक

चित्रकूट। सरधुवा थाना क्षेत्र के धौरहरा मौरंग घाट में अवैध मौरंग खनन का बेखौफ खेल जारी है। अवैध खननकर्ता दुर्गा सिंह चौहान व ब्रजेश द्विवेदी को प्रशासन का कोई भय नहीं है। डीएम-एसपी ने कल ही पट्टाधारकों की कलेक्टेऊट में बैठक कर चेताया था कि अवैध खनन व ओवरलोडिंग तथा नाबालिग बालकों से काम न लिया जाये। उन्होंने ये बैठक महोबा में हुए हादसे के बाद एहतियातन की थी।

धौरहरा घाट से अवैध खनन व ओवरलोड के मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि धौरहरा घाट के पट्टाधारक इस कदर दौलत के नशे में चूर हैं कि उन्हें डीएम-एसपी के निर्देशों व शासन के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह को तो वे ठेंगे पर मारे हैं। धौरहरा घाट मौरंग भरे ओवरलोड ट्रक भारी तादाद में गुजरते हैं। हैवी पोकलैंड मशीनों से रात-दिन अवैध खनन का खेल बेखौफ जारी है। सरकार की सख्ती के बाद भी अवैध मौरंग खनन व ओवरलोडिंग का कारोबार धडल्ले से जारी है। ओवरलोड के चलते तिरहार क्षेत्र की सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बडे पैमाने पर ओवरलोड ट्रक गुजरने से सडकों की हालत खस्ता हो गई है। लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। रात-बिरात मोटरबाइक से चलने पर चुटहिल होने का भय बना रहता है। कब-कहां-किस गड्ढे में मोटरबाइक गिर जाये और लोग घायल हो जायें, ये खतरा हमेशा बना रहता है। घाट में लगे धर्म कांटा व सीसीटीवी कैमरे शोपीस बन गये हैं। ओवरलोड मौरंग भरे ट्रक का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। खनिज पट्टाधारक पर जल्द प्रशासन ने अंकुश न लगाया तो ग्रामीण आन्दोलन को बाध्य होंगे।

प्रथम द्वितीय किश्त देकर लाभार्थियों के शौचालयों का कराया जाए मरम्मत: डीएम

उरई (जालौन)। आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कल देर शाम जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में लक्षित व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के सापेक्ष 96 प्रतिशत व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इसी प्रकार ऐसे व्यक्तिगत शौचालय जिनका रैट्रौफिटिंग कराये जाने हेतु अब तक सर्वे के अनुसार 305 चिन्हित किया गया है, जिनका वित्त आयोग अन्तर्गत रैट्रोफिटिंग का कार्य कराया जायेगा।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शीघ्र ही शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को प्रथम तथा द्वितीय किस्त निर्गत कराते हुए रैट्रोफिटिंग हेतु चिन्हित व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत इत्यादि का कार्य सुनिश्चित किया जाये।वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों/ग्रामों के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रस्तुत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उक्त दोनों वित्तीय वर्षो में चयनित ग्रामों में कराये जा रहे अनुमन्य कार्यो की गुणवत्ता का सत्यापन जनपद स्तरीय पृथक-पृथक टीमों का गठन कर निर्मित इकाईयों की गुणवत्ता का सत्यापन कराकर ग्रामों ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के घटकीय उद्देश्य को पूर्ण किया जाये।वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अवशेष चयनित ग्राम पंचायतों/ग्रामों की शासन स्तर से अनुमन्य कार्यो एवं निर्धारित धनराशि के अनुसार त्रुटिरहित कार्ययोजनाओं तैयार कराई जाये, तदोपरान्त संकलित कार्ययोजनाओं को शासन स्तर पर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जायेगा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड नं0-1 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक - 798/टेण्डर नोटिश/2024 दि

एनगिडी की जगह जेक फ्रेजर-मैकगर्क दिल्ली की टीम में

■ लुंगी एनगिडी को इस वर्ष की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका प्रीमियर टी-20 के दौरान चोट लगी थी।

नई दिल्ली। पीठ की चोट से उबर रहे लुंगी एनगिडी की जगह ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जेक फ्रेजर- मैकगर्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल किया गया है। लुंगी एनगिडी को इस वर्ष की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका प्रीमियर टी-20 के दौरान चोट लगी थी।

फ्रेजर-मैकगर्क को 50 लाख रूपये के बेस प्राइस पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने इस सत्र में आईएटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए तीन मैच खेले। उन्होंने अपनी तीन पारियों में 213.72 की स्ट्राइक रेट से 54 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 109 रन बनाए।

वह लेगस्पिन गेंदबाज भी है। उन्होंने पेशेवर क्रिकेट में अभी तक केवल चार ओवर डाले है। उन्होंने अब तक 37 टी-20 खेले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 133.54 है। इस हफ्ते की शुरुआत में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपनी दादी की निधन के बाद आईपीएल 2024 से नाम वापस ले लिया था। दिल्ली कैपिटल्स ने ब्रुक की जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा रहा है इसका खुलासा नहीं किया।

बेंगलुरु पांच रन से मुंबई को हराकर पहुंचा फाइनल में

नई दिल्ली। एलिस पेरी की 66 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच रनों से हरा दिया है। इसी के साथ रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंच गई है।

136 रनों के पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 27रन जोड़े। हेली मैथ्यूज 15 रन बनाकर आउट हुई। उसके बाद सातवें ओवर में पेरी ने यास्तिका भाटिया को 19 रन पर बोल्ड कर दिया।

नेट साइवर-ब्रेंट 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रनों की उपयोगी पारी खेली। जीत के करीब संजीवन सजना एक रन, पूजा वस्त्रकर चार रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया कर 27 रन पर नाबाद रही और अमनजोत कौर एक रन पर नाबाद रही। मुंबई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 130 रन ही बना सकी और आखिरी ओवरों में जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई। एक बार फिर बेंगलुरु की जीत में एलिस पेरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से श्रेयंका पाटिल ने दो विकेट लिये। एलिस पेरी, सोफी मोलिन्यू, जॉर्जिया वेयरहम और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अब भारत में रामराज्य होगा स्थापित

रांची। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वे दिन दूर नहीं हैं, जब भारत में 'रामराज्य' स्थापित होगा और देश 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। सिंह ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने पर भाजपा को सांप्रदायिक बताने वालों पर भी निशाना साधा और यह सवाल किया कि पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी किन परिस्थितियों में लगभग 23 प्रतिशत से घटकर लगभग 3 प्रतिशत हो गई।

राज्य की राजधानी रांची से लगभग 160 किलोमीटर दूर इटखोरी में एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि अयोध्या में मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही अब भारत में रामराज्य की स्थापना होगीज रामलला टेंट से अपने महल में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर भारत उनके नेतृत्व में 'विश्वगुरु' बनेगा और यह भगवान की इच्छा है कि वह न केवल तीसरी बार बल्कि चौथी बार भी प्रधानमंत्री बने रहें। उन्होंने सीएए पर कहा कि हिंदू, सिख, ईसाई और पारसियों सहित अल्पसंख्यक अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे थे और शरण के लिए भारत आ रहे थे।

हमने उन्हें नागरिकता देने का फैसला कियाज्इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सांप्रदायिक करार दिया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि यह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व घटना है कि एक मुख्यमंत्री ही लापता हो गया लेकिन अब वह भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के उलट भाजपा सरकार पर कोई भी भ्रष्टाचार को लेकर उंगली नहीं उठा सकता।

सीएए पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सीएए के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए कानून पर रोक की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 19 मार्च को आईयूएमएल की याचिका पर सुनवाई करेगा। आईयूएमएल ने याचिका में कहा है कि सीएए कानून असंवैधानिक और मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है। आईयूएमएल का दावा है कि सीएए कानून के प्रावधान मनमाने हैं और सिर्फ धार्मिक पहचान के आधार पर एक वर्ग को अनुचित लाभ देते हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है। आईयूएमएल ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग करते हुए कहा है कि अगर कानून के मुताबिक किसी को नागरिकता दे दी गई तो फिर इसे वापस नहीं लिया जा सकेगा।

ईवीएम के खिलाफ दायर याचिका खारिज : सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम में कथित गड़बड़ी का दावा करने वाली याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका खारिज करते हुए कहा कि हर प्रक्रिया के अपने फायदे और अपने नुकसान होते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अदालत पहले भी ईवीएम के काम से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर चुकी है और कितनी याचिकाओं पर और सुनवाई करनी पड़ेगी? हाल ही में हमने वीवीपैट से संबंधित याचिका पर सुनवाई की थी। हम सिर्फ अनुमान के आधार पर काम नहीं कर सकते। हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते और इसे खारिज करते हैं।

अल्पसंख्यक समाज की संघ से बढ़ीं नजदीकियां : मनमोहन वैद्य

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने शुक्रवार को कहा कि अब अल्पसंख्यक समाज की संघ से नजदीकियां बढ़ी हैं। उनके अंदर का भ्रम और डर धीरे-धीरे कम हो रहा है। डॉ. वैद्य ने बताया कि अल्पसंख्यकों के बीच संघ भी अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है। संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का शुक्रवार को नागपुर के रेशिमबाग में शुभारंभ हुआ। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. वैद्य ने बताया कि भारत में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के पूर्वज, मातृभूमि और संस्कृति एक ही है। संघ ऐसा मानता है कि देश के सभी लोग हिंदू ही हैं। अल्पसंख्यक समाज के लोग संघ की शाखाओं में सक्रिय हैं। डॉ. वैद्य ने कहा कि संघ से नजदीकियों के चलते इन लोगों में फैलाया गया भ्रम और भय अब दूर हो रहा है। संघ कार्य की जानकारी साझा करते हुए सह सरकार्यवाह डॉ. वैद्य ने बताया कि मौजूदा समय में देशभर में 73 हजार 117 दैनिक शाखाएं लग रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 68 हजार के लगभग इनकी संख्या थी। शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने से पहले तक पूरे देश में एक लाख शाखाएं प्रारंभ करने की योजना पर काम चल रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज परिवर्तन के कार्य में स्वयंसेवक लगेंगे। सह सरकार्यवाह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए संघ के कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। देश में सौ प्रतिशत मतदान होना चाहिए ऐसी संघ की भावना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार एवं आलोक कुमार उपस्थित थे।

संचार मंत्री ने 2.56 लाख ग्रामीण डाक सेवकों के लिए वित्तीय उन्नयन योजना का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना का शुभारंभ किया। जीडीएस ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं और देश के सुदूरवर्ती हिस्से में डाक और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संचार मंत्रालय के अनुसार, ग्रामीण डाक सेवक (वित्तीय उन्नयन अनुदान) योजना, 2024 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:-प्रत्येक ग्रामीण डाक सेवक को 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर क्रमशः 4,320 रुपये, 5,520 रुपये और 7,200 रुपये प्रति वर्ष की तीन वित्तीय उन्नयन राशि मिलेगी। यह जीडीएस को समय संबंधी निरंतरता भत्ता (टीआरसीए) के रूप में प्रदान किए गए पारिश्रमिक के अतिरिक्त है। जीडीएस की सेवा शर्तों में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, इस योजना से 2.56 लाख से अधिक जीडीएस को लाभ होने और उनकी सेवा में ठहराव दूर होने की उम्मीद है।

डीएमके तमिलनाडु के भविष्य और विरासत की दुश्मन



कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, वह तमिलनाडु के अतीत और विरासत की भी दुश्मन है। उन्होंने कहा, मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था। मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे, लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी। प्रधानमंत्री ने भाजपा की विशाल जनसभा में कहा, जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरूप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया, उन्हें सेंगोल की स्थापना पसंद नहीं आई। डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं। ये हमारी सरकार है। एनडीए की सरकार है। हमारी सरकार ने जल्लीकट्टू को पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने का रास्ता साफ किया। जल्लीकट्टू तमिलनाडु का गौरव है। उन्होंने कहा कि सरकार तमिलनाडु के बंदरगाह बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए काम कर रही है। मैंने हाल ही में थूथुकुडी में चिदंबरनार बंदरगाह का उद्घाटन किया है। सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए भी काम कर रही है। उन्हें आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाया गया है।

स्मार्ट प्रदेश
उत्तर प्रदेश

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में मेट्रो रेल सेवा

17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना का क्रियान्वयन

मेरठ से दिल्ली तक देश की प्रथम रेल रैपिड रेल सेवा

स्मार्ट सिटीज रैंकिंग में देश के टॉप-10 शहरों में उत्तर प्रदेश के आगरा एवं वाराणसी महानगर शामिल

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में उत्तर प्रदेश 10 विभिन्न श्रेणियों में अचीवर स्टेट, नार्थ जोन की टॉप स्मार्ट सिटी के रूप में वाराणसी महानगर पुरस्कृत

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 10 शहरों (आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी) में ₹9313 करोड़ की 670 परियोजनाओं पर कार्य गतिमान

10 स्मार्ट सिटीज में 6 श्रेणियों में स्वीकृत कार्यों में से 646 कार्य पूर्ण

राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, मेरठ एवं शाहजहांपुर का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास

अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल की 157, सीवरेज की 84, हरित भूमि एवं पार्क की 530 परियोजनाएं पूर्ण, 91 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सीसीटीवी कैमरों से जन-जन को सुरक्षा कवच

महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों एवं बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास

नवसृजित/ सीमा विस्तारित/उच्चीकृत नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना संचालित, ₹550 करोड़ का प्रावधान

100 आकांक्षी नगर निकायों के समग्र विकास हेतु आकांक्षी नगर योजना शुरू

3सी दृष्टिकोण यानी कन्वर्जेंस (अभिसरण), कोलैबरेशन (सहयोग) और कॉम्पिटिशन (प्रतिस्पर्धा) के आधार पर आकांक्षी नगर योजना का क्रियान्वयन

आकांक्षी नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री फेलो के रूप में 100 प्रोफेशनल्स की नियुक्ति

9 लाख व्यक्तिगत शौचालयों, 69,381 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण

निकायों में 1,100 पिंक शौचालयों का निर्माण

प्रदेश के 75 पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान

51 शहरों में 63 शहरी आजीविका केन्द्रों के माध्यम से 1.50 लाख कामगारों का पंजीयन करते हुए 48,501 से अधिक कामगारों को रोजगार

जनसामान्य की सुविधा के लिए सभी नगरीय निकायों में ई-नगर सेवा लागू

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु सफाई मित्रों के सहयोग के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स सैनिटेशन यूनिट का गठन

शहरों में 'चलो ऐप' द्वारा बसों की लाइव मॉनिटरिंग

59 अमृत शहरों में जीआईएस आधारित मास्टर प्लान तैयार कराने तथा 15 नगर निगमों में जीआईएस आधारित प्रापर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य प्रगति पर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 17 लाख 62 हजार आवासों का निर्माण

लखनऊ में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज पर आधारित लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1,040 आवासों का निर्माण

इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट में उत्तर प्रदेश का देश में तीसरा स्थान

जन समस्याओं की सुनवाई हेतु 'सम्भव' पोर्टल तथा प्रदेशव्यापी टोल फ्री नं. 1533 संचालित

Smart City
MISSION TRANSFORM-NATION





काम असरदार-डबल इंजन की सरकार